संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, बुधवार, 12 फरवरी 2025 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्षः 19 अंकः 42 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



सहकारिता मंत्री अमित शाह ने बताया कि 25 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 286 पैक्स ने अब तक खुदरा पेट्रोल और डीजल आउटलेट स्थापित करने के लिए आवेदन किया है।

# एआई मानवता के मार्ग को आकार देगा: मोदी

● प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति मैक्रों के साथ कृत्रिम मेधा लेकर आयोजित शिखर सम्मेलन की सह-अध्यक्षता की

**टीम एक्शन इंडिया**
**पेरिसः प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ कृत्रिम मेधा लेकर आयोजित शिखर सम्मेलन की सह-अध्यक्षता की। इस दौरान उन्होंने एआई के लिए संचालन व्यवस्था और मानक स्थापित करने को लेकर सामूहिक वैश्विक प्रयासों का आह्वान किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि एआई पहले से ही हमारी अर्थव्यवस्था, सुरक्षा और समाज को नया आकार दे रहा है। एआई इस सदी में मानवता के लिए कोड लिख रहा है। हम अभी एआई युग के शुरूआती दौर में ही हैं, जो मानवता के मार्ग को आकार देगा। प्रधानमंत्री ने कहा, 'संचालन व्यवस्था और मानकों को स्थापित करने के लिए सामूहिक वैश्विक प्रयासों की आवश्यकता है, जो हमारे साझा मूल्यों को बनाए रखें, जोखिमों को दूर करें और भरोसे का निर्माण करें।' उन्होंने एआई की वजह से नौकरियां खत्म होने की आशंकाओं का जिक्र करते हुए कहा कि इतिहास गवाह है कि प्रौद्योगिकी के कारण काम खत्म नहीं होता, बल्कि उसकी प्रकृति बदल जाती है और नई तरह की नौकरियां सृजित होती हैं। इसलिए हमें एआई संचालित भविष्य के लिए अपने लोगों को कुशल बनाने और नए काम के तरीकों के लिए उन्हें तैयार करने में निवेश करने की जरूरत है।' अकएक्शन शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए पीएम मोदी कहा, 'मैं एक सरल प्रयोग से शुरू करता हूं। यदि आप अपनी मेडिकल रिपोर्ट किसी एआई एप पर अपलोड करते हैं तो यह सरल भाषा में बता सकता है कि इसका क्या मतलब है, लेकिन यदि आप उसी एप से किसी व्यक्ति की बाएं हाथ से लिखने की छवि बनाने के लिए कहते हैं तो सबसे अधिक संभावना है कि एप किसी व्यक्ति को उसके दाएं हाथ से लिखते हुए दिखाएगा, क्योंकि प्रशिक्षण डेटा में यही बात हावी है।'



### भारत डेटा गोपनीयता में तकनीकी-कानूनी आधार में भी अग्रणीः मोदी

**प्रधानमंत्री** ने कहा कि आज भारत एआई को अपनाने के साथ-साथ डेटा गोपनीयता में तकनीकी-कानूनी आधार में भी अग्रणी है। एआई स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि और अन्य क्षेत्रों में सुधार लाकर लाखों लोगों के जीवन को बदलने में मदद कर सकता है। उन्होंने कहा कि शासन का मतलब सिर्फ मतभेदों और प्रतिद्वंद्विता को संभालना नहीं है। इसका मतलब नवाचार को बढ़ावा देना और वैश्विक भलाई के लिए इसका इस्तेमाल करना भी है। इसलिए हमें नवाचार और शासन के बारे में गहराई से सोचना चाहिए और खुलकर चर्चा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि शासन का मतलब सभी के लिए पहुंच सुनिश्चित करना भी है, खासकर वैश्विक दक्षिण में। एआई स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि और बहुत कुछ बेहतर करके लाखों लोगों के जीवन को बदलने में मदद कर सकता है। हमें साइबर सुरक्षा, गलत सूचना और डीपफेक से जुड़ी चिंताओं का समाधान करना चाहिए।

### आदर्श विचार



"कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता है। - भगवत गीता"

### मन की बात



"सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं।
-स्वामी विवेकानंद"

## शिवसेना सांसद ने लोकसभा में उठाया रणवीर की आपत्तिजनक टिप्पणी का मुद्दा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** समय रैना के इंडियाज गॉट लेटेंट पर रणवीर इलाहाबादिया की विवादित टिप्पणी का मामला अब संसद तक पहुंच गया है। शिवसेना सांसद नरेश गणपत म्हस्के ने लोकसभा में इस मुद्दे को उठाते हुए सरकार से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सामग्री के लिए सख्त नियम और दिशानिर्देश तय किए जाने का आग्रह किया। नरेश गणपत म्हस्के ने कहा कि सोशल मीडिया, पॉडकास्ट और ओटीटी सामग्री को विनियमित करने के लिए एक समर्पित कानून की तत्काल आवश्यकता है, क्योंकि ये सब भारतीय संस्कृति का अपमान करते हैं। उन्होंने कल प्रभावशाली रणवीर इलाहाबादिया ने माता-पिता के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की। इस तरह की अपमानजनक सामग्री ओटीटी प्लेटफॉर्म पर स्वतंत्र रूप से प्रसारित की जा रही है, जहां कोई नियामक जांच नहीं है। वे हमारे देवी-देवताओं का अपमान करने की हद तक चले जाते हैं और इन प्लेटफार्मों पर सेंसरशिप की कमी के कारण यह अनियंत्रित मजाक जारी है।

## राज्यों में जल्द खुलेंगी नारी कोर्ट



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली। महिलाओं** से संबंधित मामलों के जल्द निपटारे के लिए अब राज्यों में नारी कोर्ट की शुरूआत की जाएगी। इस संबंध में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के सचिवों को चिट्ठी लिख कर नारी कोर्टें शुरू करने का अनुरोध किया है। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने मंगलवार को शास्त्री भवन में एक प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि नारी कोर्ट योजना स्थानीय समुदायों के भीतर महिलाओं के छोटे-मोटे विवादों के समाधान करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। उन्होंने बताया कि नारी कोर्ट शुरू करने के लिए सभी राज्यों को पत्र भेजा गया है। मौजूदा समय में असम और जम्मू-कश्मीर के 50 -50 ग्राम पंचायतों में पायलट प्रोजेक्ट के आधार पर नारी कोर्टें चल रही हैं। असम में साल 2023-24 में दर्ज 102 मामलों में से 76 मामलों का निपटारा किया जा चुका है। इसी तरह जम्मू-कश्मीर में साल 2023-24 में दर्ज 180 मामलों में 144 मामलों का निपटारा किया जा चुका है। इस संबंध मे महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के सचिव अनिल मलिक ने राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के सचिवों को लिखी चिट्ठी में कहा कि राज्य में कम से कम 10 ग्राम पंचायतों या अपने केंद्र शासित प्रदेश में 5 ग्राम पंचायतों में पायलट आधार पर नारी कोर्ट स्थापित करने के प्रस्ताव भेजें।

## 'एयरो इंडिया' में रक्षा अधिकारियों के साथ हुई द्विपक्षीय बैठकें




**टीम एक्शन इंडिया**
**बेंगलुरु। एयरो इंडिया** में हिस्सा लेने आये मित्र देशों के रक्षा अधिकारियों के साथ द्विपक्षीय बैठकों का दौर शुरू हो गया है। रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ और रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह द्विपक्षीय बैठकें करके भारत के साथ रक्षा सहयोग के विभिन्न पहलुओं की समीक्षा कर रहे हैं। इटली के रक्षा उप मंत्री माटेओ पेरेगो डि क्रेमनागो के साथ बैठक में स्वदेशी प्रणालियों के विकास में भारत की बढ़ती क्षमताओं के बारे में चर्चा की गई। रक्षा सचिव ने ब्रिटेन के मंत्री लॉर्ड वर्नोन कोकर के साथ ब्रिटेन-भारत व्यापार परिषद की गोलमेज बैठक की सह-अध्यक्षता की।

रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने बेंगलुरु में 15वें एयरो इंडिया के अवसर पर कई द्विपक्षीय बैठकें की। इटली के रक्षा उप मंत्री माटेओ पेरेगो डि क्रेमनागो के साथ अपनी बैठक में उन्होंने द्विपक्षीय रक्षा सहयोग के विभिन्न पहलुओं की समीक्षा की। बैठक में उपकरणों के निर्माण और स्वदेशी प्रणालियों के विकास में भारत की बढ़ती क्षमताओं के बारे में चर्चा की गई। मंत्रियों ने सभी क्षेत्रों में संबंधों को मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। ब्रिटेन के मंत्री लॉर्ड कोकर के साथ बैठक के दौरान संजय सेठ ने द्विपक्षीय रक्षा सहयोग की समीक्षा की और दोनों देशों ने संबंधों को मजबूत करने का संकल्प लिया। उन्होंने शांति, समृद्धि और नियम-आधारित विश्व व्यवस्था के लिए द्विपक्षीय रूप से और अन्य भागीदारों के साथ काम करने की अपनी प्रतिबद्धता भी दोहराई। विशेष रूप से हिंद-प्रशांत और हिंद महासागर क्षेत्र में जहां सहयोग के आधार पर समुद्री और अन्य क्षेत्रों में बेरोकटोक नौवहन और कानून का शासन सुनिश्चित होगा।

**कानून का शासन**

▶▶ सहयोग के आधार पर समुद्री और अन्य क्षेत्रों में बेरोकटोक नौवहन और कानून का शासन सुनिश्चित होगा।



# अवैध कॉलोनी बनाने वाले तीन लोगों पर मुकदमा दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया**
**गाजियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ने बिना नक्शा पास कराए कॉलोनी काटने वाले तीन लोगों पर मधुबन बापूधाम थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। दो साल पहले जीडीए कॉलोनी में ध्वस्तीकरण भी करा चुका है। इसके बाद भी कॉलोनाइजर कॉलोनी में भूखंड का सौदा करते रहे। जीडीए प्रवर्तन जोन-तीन के अवर अभियंता राजेंद्र सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि मटियाला रोड पर जनहित इंस्टीटयूट के पास दो साल से कॉलोनी काटी जा रही है।

**ये तीन कॉलोनाइजर काट रहे थे कॉलोनी:** कॉलोनाइजर आबिद, अतीक और इंद्रपाल कॉलोनी काटकर भूखंड बेच रहे हैं। जीडीए तीन बार कॉलोनी में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई कर चुका है इसके बाद भी कॉलोनी में निर्माण जारी है और कॉलोनाइजर भूखंड बेच रहे हैं।

**जीडीए ने अवैध कलोनियों की सूची जारी की, 350 कॉलोनी:** अवैध कालोनियों पर कार्रवाई का दावा करने वाले जीडीए के क्षेत्र में 350 अवैध कॉलोनियां हैं। इनमें करीब 100 कॉलोनियां ऐसी हैं जो दो वर्ष के अंदर बनी हैं। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण लगातार कार्रवाई का दावा करता रहा और कॉलोनाइजर अवैध कॉलोनी काटते रहे। गाजियाबाद डेवलपमेंट अथॉरिटी क्षेत्र में 96 कॉलोनी तो ऐसी हैं जिनका नाम भी जीडीए को नहीं पता है। इन कॉलोनियों को भी अवैध कॉलोनी की सूची में शामिल किया गया है।




**न्यू करहैड़ा कॉलोनी है सबसे बड़ी:** जीडीए क्षेत्र में सबसे बड़ी अवैध कॉलोनी 10 साल पहले बनी न्यू करहैड़ा कॉलोनी है। इसका क्षेत्रफल करीब 250 एकड़ है जबकि हिंडन विहार कॉलोनी का क्षेत्र 125 एकड़ है। महिंद्रा एंक्लेव कॉलोनी करीब 40 एकड़ में बनी हुई है।

**रिश्वत लेकर जमीन पर कब्जा कराने का दारोगा पर आरोप:** गाजियाबाद से सटे मोदीनगर का भोजपुर थाना क्षेत्र इन दिनों सुर्खियों में है। यहां आए दिन घटनाएं सामने आ रहीं हैं। अब भोजपुर पुलिस पर मछरी गांव में जमीन पर जबरन कब्जा कराने का मामला सामने आया है। सोमवार को मछरी गांव से काफी लोग तहसील पहुंचे और एसीपी मोदीनगर को प्रकरण से अवगत कराया।

**जमीन पर कब्जा**

**▶▶ ग्रामीणों का कहना है कि दारोगा ने धमकी दी यदि जमीन पर कब्जा नहीं होने दिया तो उन्हें मुचलके में पाबंद करा देगा**

एक दारोगा, लेखपाल और विपक्षियों से रिश्वत लेकर कब्जा कराने का आरोप लगाया। ग्रामीणों का कहना है कि दारोगा ने धमकी दी यदि जमीन पर कब्जा नहीं होने दिया तो उन्हें मुचलके में पाबंद करा देगा। एसीपी ने प्रकरण में जांच कराकर कार्रवाई के आदेश दिए हैं।

मछरी गांव से सोमवार को नौशेर, आस मोहम्मद, फरमान, साजिद, राशिद, नदीम, इमरान आदि मोदीनगर तहसील पहुंचे। सभी की जमीन मछरी में एक ही खाता संख्या में है।

## पांच तरह की सजा, महिला ने सेना में तैनात कैप्टन पति पर लगाए उत्पीड़न के आरोप

**नोएडा।** शहर के सेक्टर 113 थाना क्षेत्र की एक सोसायटी की महिला ने सेना में कैप्टन पद पर तैनात पति पर तालिबानी तरीके से उत्पीड़न करने का आरोप लगाया है। महिला ने थाने में पति व सास पर केस दर्ज कराया है। महिला ने बताया कि पति और सास शादी के बाद से ही

## लॉटरी पर केवल राज्य सरकार लगा सकती है सर्विस टैक्स

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** ऑनलाइन और ऑफलाइन लाटरी टिकट पर लगने वाले जीएसटी पर अहम फैसला सुनाते हुए कहा कि लॉटरी पर केवल राज्य सरकार ही टैक्स लगा सकती, केन्द्र द्वारा सर्विस टैक्स नहीं लगाया जा सकता है। जस्टिस बीवी नागरत्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने ये फैसला सुनाया। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में केंद्र की उस याचिका को खारिज कर दिया जिसमें दावा किया गया था कि वह सर्विस टैक्स लगाने की हकदार है। सुप्रीम कोर्ट ने सिक्किम हाई कोर्ट के उस आदेश को बरकरार रखा जिसमें कहा गया था कि लॉटरी सट्टेबाजी और जुआ की श्रेणी में आती है जो राज्य सूची की प्रविष्टि 62 है और केवल राज्य सरकार ही कर लगा सकती है।

## नोएडा के 9 गांव की जमीन खरीदेगा यीडा

**टीम एक्शन इंडिया**
**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण क्षेत्र में औद्योगिक निवेश के लिए निवेशक रुचि दिखा रहे हैं। औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने के लिए जमीन की जरूरत है। इसके साथ ही रोड आदि का भी निर्माण होगा। इसके लिए प्राधिकरण नौ गांवों की 40 हेक्टेयर जमीन को खरीदेगा। अटाई मुरादपुर, लड़पुरा व अस्तौली समेत नौ गांवों में शिविर लगाकर किसानों से सहमति के आधार पर जमीन खरीदी जा रही है। प्राधिकरण का किसानों के साथ मुआवजे को लेकर था विवाद प्राधिकरण के मुताबिक दनकौर स्थित अस्तौली गांव के पास बन रहे अत्याधुनिक कूड़ा निस्तारण केंद्र के विस्तार के लिए कूड़ा निस्तारण करने के लिए आगे आई कंपनियों को जमीन आवंटित की जानी है। यहां जमीन को लेकर किसानों के साथ मुआवजे को लेकर विवाद था, जिसे हल कर लिया गया है और यहां जमीन खरीदी जा रही है। 60 मीटर चौड़ी सड़क के निर्माण के लिए सलेमपुर गुर्जर गांव जमीन खरीदी जा रही है। सोलर कंपनी अवाडा को भी 50 एकड़ जमीन आवंटित की जानी है। ऐसे में अटाई मुरादपुर, लड़पुरा, अस्तौली, सलेमपुर गुर्जर, अमरपुर, पौवारी, दादूपुर, धूममानिकपुर व सुनपुरा गांव में 40 हेक्टेयर जमीन खरीदने की प्रक्रिया चल रही है। किसानों से सहमति के आधार पर जमीन ली जा रही है।

## मानसिक स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती पर विशेष एपिसोड दिखाया जाएगा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि इस वर्ष के परीक्षा पे चर्चा में 12 फरवरी को मानसिक स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती पर विशेष एपिसोड दिखाया जाएगा। इसमें अभिनेत्री और मानसिक स्वास्थ्य वक्ता दीपिका पादुकोण एग्जाम वॉरियर्स से इस विषय पर अपने विचार साझा करेंगी। प्रधानमंत्री ने एक्स पर पोस्ट किया, एग्जाम वॉरियर्स जिन सबसे आम विषयों पर चर्चा करना चाहते हैं, उनमें मानसिक स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती भी शामिल है। इसलिए, इस वर्ष के परीक्षा पे चर्चा में इस विषय पर विशेष रूप से समर्पित एक एपिसोड है, जो कल 12 फरवरी को प्रसारित होगा। हमारे साथ दीपिका पादुकोण हैं, जो इस विषय को लेकर बहुत भावुक हैं और इस पर बात कर रही हैं। उल्लेखनीय है कि परीक्षा पे चर्चा का आठवां संस्करण नए अंदाज में आयोजित किया जा रहा है। इसमें प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार को सुंदर नर्सरी में देशभर के विद्यार्थियों से तनाव मुक्त परीक्षा के विभिन्न पहलुओं पर बातचीत की थी। उन्होंने कहा कि छात्रों को सीमित नहीं किया जाना चाहिए, उन्हें अपने जुनून को तलाशने की आजादी होनी चाहिए।

**उत्तर रेलवे**
**रेलवे भर्ती सेल, उत्तर रेलवे**
**लाजपत नगर–1, नई दिल्ली–110024**
**(सांकेतिक सूचना)**
**रोजगार सूचना-RRC/NR-01/2025/GR-D**

7वें वेतन आयोग के पे–मैट्रिक्स लेवल 1 में उत्तर रेलवे की 38 रिक्तियां भरने के लिए भारतीय खिलाडियों से खेल योग्यता, शैक्षिक योग्यता, आयु, परीक्षा शुल्क और सामान्य अनुदेश आदि जैसे पात्रता शर्तों सहित एक विस्तृत अधिसूचना दिनांक 06/02/2025 से प्रभावी आरआरसी वेबसाइट www.rrcnr.org पर उपलब्ध के अनुसार ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

| महत्वपूर्ण तिथियाँ | |
|---|---|
| ऑनलाइन आवेदन करने की आरंभिक तिथि और समय। | 09/02/2025 को 17:00 बजे से |
| ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि और समय। | 09/03/2025 को 16:00 बजे तक |
| ट्रायल की अनुमानित तिथि | 17/03/2025 से 29/03/2025 तक |

457/2025 अध्यक्ष/आरआरसी
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**
**TENDER NOTICE**
**ई–निविदा (ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

| | | | |
|---|---|---|---|
| | एन आई टी | | 113-2024-25-डब्ल्यू–4 |
| 1. | काम का नाम (स्थान के साथ) | 113 | जेएचआई–एसएनपी सेक्शन पर एडीईएन/जेएचआई के तहत किमी 32/11–12, 42/12–14, 43/3–10, 44/9–10, 44/16–17, 45/3–4, 45/9–14, 46/2–4, 47/5–6, 51–52, 65/1/10, 65 से 68, 71/17–72/6, 52/16–17 के बीच सेस की मरम्मत और किमी 32/5–12 पर संरचना की सुरक्षा के लिए टो वॉल का प्रावधान। कार्य की समान प्रकृतिः कोई भी सिविल इंजीनियरिंग कार्य जिसमें बैंकों/कटिंग में मिट्टी संबंधी कार्य शामिल हो। |
| 2. | काम की अनुमानित लागत रूपये | 113 | रूपये 3,67,60,730.39 |
| 3. | अग्रिम राशि (रूपये) | | (यह नेट बैंकिंग के रूप में होना चाहिए या केवल भुगतान गेटवे द्वारा।) नोटः– रेलवे बोर्डो के पत्र संख्या 2015/सीई–आई/सीटी/5/1 दिनांक 31.08.2016 के अनुसार जो टेंडर आईआर ई पी एस पर आमंत्रित किया गया है उसमें एफडीआर को निविदा के लिए, ईएमडी के रूप में, स्वीकार नहीं किया जाएगा. |
| | | 113 | रूपये 3,33,800.00 |
| 4. | काम की समाप्ति अवधि | 1113 | 6 महीने |
| 5. | निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए दिनांक और समय | | 07.03.2025 को 15.00 बजे तक तथा 07.03.2025 को 15.00 बजे निविदा खुलना है। |
| 6. | वेबसाइट के विवरण का नोटिस बोर्ड स्थान निविदा का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | | यह निविदा आई.आर.ई.पी.एस. वेबसाइट अर्थात www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। |

No. 128-W/280/OET/2024-25/W-IV/NIT-113 Dated: 10.02.2025 469/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**
**निविदा आमंत्रण सूचना**

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम और इसकी स्थिति | 30-Elect-37-T-R1-24-25-E3 डक्टेबल एसी प्लांट माइक्रोवेव वी–सैट हब टीएच रोड नई दिल्ली की मरम्मत के संबंध में विद्युत कार्य, कैसेट एसी का प्रतिस्थापन और वाटर कूलर की सुरक्षा से संबंधित अन्य संबद्ध कार्य, दिल्ली डिवीजन में स्थापित एसी प्लांट (एसएसई/एसीएसपी–एनडीएलएस, दिल्ली, बड़ौदा हाउस, रेल भवन और एसएसई/पीएस/एनआरसीएच के अंतर्गत) एसी यूनिट विंडो/स्प्लिट के व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध के साथ। |
| निविदा की अनुमानित लागत | रु.256.38 लाख |
| कार्यालय का पता | वरि. मंडल विद्युत इंजीनियर/सामान्य, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली |
| बयाना राशि | रु. 278200.00 |
| निविदा निवेदन की दिनांक व समय | 05.03.2025, 12:00 बजे |
| निविदा खोलने की दिनांक व समय | 05.03.2025 12:00 बजे |
| वेबसाइट व नोटिस बोर्ड | www.ireps.gov.in वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियंता/जी, नई दिल्ली |

442/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**भारतीय रेल**
**भारत सरकार**
**रेल मंत्रालय**
**(रेलवे बोर्ड)**
सं.2023/आरएस(ई)/टीएम/2 नई दिल्ली, दिनांक 10.02.2025
**शुद्धिपत्र संख्या–1**
विषय : 101 अदद 'ऑन ट्रैक यूटिलिटी ट्रैक व्हीकल्स (8–व्हीलर), बी.जी. (1676 मिमी) के लिए' के डिजाईन, निर्माण, आपूर्ति, परिक्षण और कमीशनिंग, भारतीय रेलवे कर्मचारियों के प्रशिक्षण और 3 साल की पोस्ट वारंटी एएमसी के साथ, के लिए दिनांक 14.02.2025 को बंद होने वाली ई–खुली स्वदेशी निविदा सं 2025–टी एम–1
1. विषय निविदा बंद होने की नियत तिथि 14.02.2025 (शुक्रवार) से 25.03.2025 (मंगलवार) में बदल दी गई है।
2. निविदा के अन्य सभी नियम व शर्तें समान रहेंगी ।
निदेशक, रेल भंडार (एफ)
(रेलवे बोर्ड)
459/25 ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**
**ई–निविदा सूचना**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर कर्षण चल स्टॉक, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, गाजियाबाद द्वारा निविदा संख्या 230-TRS-GZB-2024-25-35-RT के आधार पर ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। विवरण निम्नानुसार है।

| | |
|---|---|
| कार्य का विवरण | Annual Maintenance Contract (AMC) for 36 (thirty six) months of EOT Cranes with stand by spare installed in Electric Loco Shed, Ghaziabad. |
| कार्य की अनुमानित लागत | Rs. 51,31,201.08 |
| धरोहर राशि (रुपये) | Rs. 1,02,600.00 |
| निविदा बोली प्रस्तुत करने की समापन तिथि और समय | 03.03.2025 (11:00 Hrs.) |
| निविदा खोलने की तिथि और समय | 03.03.2025 (After 11:00 Hrs.) |
| वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in |

नोटः निविदाकर्ता को ई–निविदा प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट प्रणाली (IREPS) साइट अर्थात www.ireps.gov.in पर पंजीकृत होना चाहिए।
सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें।
कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं है।
निविदा संख्या : 230-TRS-GZB-2024-25-35-RT दिनांक : 01.02.2025 455/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**भारतीय रेल**
**भारत सरकार**
**रेल मंत्रालय**
**(रेलवे बोर्ड)**
सं. 2024/आरएस(ई)/टीएम/2 नई दिल्ली, दिनांक 07.02.2025
**शुद्धिपत्र संख्या–1**
विषयः 41 अदद 'बैलस्ट रेगुलेटिंग मशीन (बीआरएम)' के डिजाइन, निर्माण, आपूर्ति, परीक्षण और कमीशनिंग, भारतीय रेलवे कर्मचारियों के प्रशिक्षण और 3 साल की वारंटी एएमसी के साथ, के लिए दिनांक 21.02.2025 को बंद होने वाली ई–खुली वैश्विक निविदा सं. 2024–टीएम–2
1. विषय निविदा बंद होने की नियत तिथि 21.02.2025 (शुक्रवार) से 22.04.2025 (मंगलवार) बदल दी गई है।
2. निविदा के अन्य सभी नियम व शर्तें समान रहेंगी ।
निदेशक, रेल भंडार (एफ)
(रेलवे बोर्ड)
460/25 ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**
**इ–निविदा (इ–प्रोक्यूर्मेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**
सं. 128-W/280/इ-निविदा सूचना/42/2024-25/W-3 दिनांक: 07.02.2025
निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/III, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में इ-निविदा आमंत्रण।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | एडीईएन/डीएलआई के तहत एसएसई/पी.वे./डीएलआई के अनुभाग में विशेष गैर-मानक हीरे (प्रति हीरा दो मोटे और दो नुकीले) के डिजाइन, निर्माण, आपूर्ति सहित दिल्ली यार्ड में गैर मानक डायमंड क्रॉसिंग का प्रतिस्थापन। |
| 2 | कार्य की अनुमानित लागत (रुपये) | ₹ 15,83,37,727.80 (रुपये पन्द्रह करोड़ तिरासी लाख सैंतीस हजार सात सौ सत्ताईस और अस्सी पैसे मात्र) |
| 3 | बयाना राशि (रुपये) | ₹9,41,700/- (रुपये नौ लाख इकतालीस हजार सात सौ मात्र) |
| 4 | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये) | रु. 0.00 |
| 5 | निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय | 28.02.2025 को 15:00 तक। |
| 6 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध है। |

• ठेकेदारो को ई–टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम (IREPS) साइट यानी www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए। • सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। • मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी। • निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी। 439/25
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**
**ई–नीलामी सूचना**
संख्या 3PUB/ATM/DLI-DIV/E-auction/2022 दिनांकः /01/2025
वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/यात्री सेवा, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, नई दिल्ली द्वारा स्टेशन परिसर पर ऑटोमेटेड टेलर मशीन (एटीएम/ATM)/डिजिटल बैंकिंग यूनिट/DBU's/बैंकिंग इ–लॉबी की स्थापना के अनुबंध लॉटस/साइट्स के आवंटन हेतु ई–नीलामी, IREPS पोर्टल (http://ireps.gov.in/) पर ई–बोली "जैसा है जहां है" के आधार पर निम्नलिखित प्रकार से आमंत्रित की जाती है।

| ई–कैटलॉग संख्या | ई–नीलामी की तिथि एवं समय | रेलवे स्टेशन/स्थान/साइट |
|---|---|---|
| DLI-ATM-03-2025 | दिनांक 28.02.2025 को 11:00 बजे | विवेक विहार (VVB) (1), आनंद विहार (ANVT(1), निजामुद्दीन (NZM(1), करैन्थी (KHV)–1, दिल्ली शाहदरा–3, तिलक ब्रिज (TKJ) –2, शिवाजी ब्रिज (CSB)-2 साइट, समर गोपालपुर (SMF)-1, किनाना (KIU)-1, जुलाना (JNA)-1, निलोखेरी (NLK)-1 |
| वेबसाइट विवरण जहाँ ई–नीलामी दस्तावेज का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | https://ireps.gov.in/ | |
| ई–नीलामी में भाग लेने के लिए ठेकेदारों के लिए पूर्वापेक्षाएँ | **आईआरईपीएस के ई–नीलामी लीजिंग मॉड्यूल के माध्यम से आयोजित ई नीलामी में भाग लेने के इच्छुक सभी (सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक/अनुसूचित वाणिज्यिक भारतीय बैंक/भारतीय सहकारी बैंक/व्हाइट लेबल एटीएम सेवा प्रदाता इत्यादि जिन्हें आरबीआई दवारा एटीएम/डी. बी. यू./ बैंकिंग इ–लॉबी स्थापित करने और संचालित करने की अनुमति/लाइसेंस प्राप्त है) को अपनी बोलियां जमा करने से पहले निम्नलिखित अनिवार्य आवश्यकताओं को पूरा करना चाहिएः** • ई– नीलामी लीजिंग मॉड्यूल के लिए आईआरईपीएस पर पंजीकरण – ई–नीलामी लीजिंग मॉड्यूल के लिए सक्रिय आईआरईपीएस उपयोगकर्ता खाता; एकमुश्त पंजीकरण शुल्क का भुगतान; भारतीय स्टेट बैंक में चालू खाता; आईआरईपीएस खाते के साथ एस बी आई बैंक खाते का एकीकरण; फंड का लियन मार्किंग; कारोबार का अद्यतन विवरण; जिन ठेकेदारों के पास आईआरईपीएस के किसी भी मॉड्यूल के लिए आईआरईपीएस खाता नहीं है, वे आईआरईपीएस होम पेज पर नए विक्रेताओं/ठेकेदारों (ई–निविदा/ई–नीलामी लीजिंग) लिंक पर क्लिक करके पंजीकरण के लिए अपना ऑन लाइन अनुरोध प्रस्तुत कर सकते हैं। • ई–ऑक्शन लीजिंग मॉड्यूल के लिए अब वर्चुअल अकाउंट नंबर (वीएएन) नामक एक नया तंत्र शुरू किया गया है, जिसका उपयोग बोलीदाताओं द्वारा लियन मार्किंग तंत्र के विकल्प के रूप में किया जा सकता है।बोली लगाने हेतु प्रवेश करने से पहले किसी भी समय लियन मार्किंग मैकेनिज्म (यदि सक्रिय हो) और वैन मैकेनिज्म के बीच स्विच करने के लिए स्वतंत्र हैं। VAN तंत्र के लिए बोली लगाने वाले का भारतीय स्टेट बैंक में चालू खाता होना आवश्यक नहीं है। उपयोगकर्ता किसी भी बैंक में अपने किसी भी मौजूदा बैंक खाते से अपने VAN खाते में धन स्थानांतरित करने के लिए स्वतंत्र हैं, जो उन्हें IREPS ई–नीलामी में भाग लेने में सक्षम बनाता है। | |
| सम्बंधित जानकारी हेतु रेलवे प्राधिकारी | वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक/पीएस, डीआरएम कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली 110055 Email: publicitycelldli@gmail.com Tel: 011-23743084 | |

470/25 वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक/यात्री सेवा, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, नई दिल्ली
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**
**निविदा सूचना**
**ई–निविदा (ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

| | | | |
|---|---|---|---|
| | एन.आई.टी. | | 35-A, 48, 49, 50, 51 & 52 - 2024-25-डब्ल्यू-5 |
| 1 | काम का नाम (स्थान के साथ) | क्रमांक 1 | सहायक मंडल अभियंता/तुगलकाबाद के तहत एसएसई/पी. वे/टीकेडी के अनुभाग में टीकेडी (डी एंड एफ) केबिन के यांत्रिक केबिनों के बदले ईआई के प्रावधान के संबंध में पी.वे का कार्य। **समान कार्य की प्रकृतिः** निविदाकर्ता को ग्लूड इंसुलेटेड रेल जोड़ों के इन–सीटू या विनिर्माण और आपूर्ति का काम करना चाहिए और ग्लूड इंसुलेटेड जोड़ों के निर्माण और आपूर्ति की आरडीएसओ की अनुमोदित सूची में शामिल होना का कार्य। |
| | | 2 | फिटिंग नवीनीकरण के माध्यम से (टीएफआर 60 किग्रा) एनडीएलएस–पीडब्ल्यूएल खंड पर 23.764 किमी और एडीईएन/एचएनजेडएम और डीईई के तहत एसएसई/पी.वे/एचएनजेडएम और डीईई के अनुभाग में डीएलआई–आरई खंड पर फिटिंग नवीनीकरण (टीएफआर 60 किग्रा) के माध्यम से 3.53 किमी उत्तरी लाइन का कार्य। **समान कार्य की प्रकृतिः** सीटीआर/टीआरआर/टीएफआर/टीटीआर जिसमें ट्रैक को ऊपर उठाना, स्क्रीनिंग करना, ट्रैक का तनाव कम करना, ट्रैक रखरखाव मशीन जैसे टैंपिंग मशीन/बैलास्ट स्क्रीनिंग/रेगुलेटिंग मशीन और टी–28 द्वारा टीटीआर के लिए पूर्व और बाद के कार्य शामिल हैं। |
| | | 3 | वर्ष 2024–25 के लिए एडीईएन/डीईई के तहत एसएसई/पी.वे/ जीजीएन के अनुभाग में ट्रैक के रखरखाव के लिए वार्षिक पी.वे जोन का कार्य। **समान कार्य की प्रकृतिः** किसी भी प्रकार का ट्रैक कार्य। |
| | | 4 | एनडीएलएस–पीडब्ल्यूएल अनुभाग में एडीईएन/टीकेडी के तहत एसएसई/पी.वे/एफडीबी के अनुभाग में टीएसआर (पी) 1.771 किमी का कार्य। **समान कार्य की प्रकृतिः** सीटीआर/टीआरआर/टीएफआर/टीटीआर जिसमें ट्रैक को ऊपर उठाना, स्क्रीनिंग करना, ट्रैक का तनाव कम करना, ट्रैक रखरखाव मशीन जैसे टैंपिंग मशीन/बैलास्ट स्क्रीनिंग/रेगुलेटिंग मशीन और टी–28 द्वारा टीटीआर के लिए पूर्व और बाद के कार्य शामिल हैं। |
| | | 5 | टीटीआर (टीएसआर)–एनडीएलएस–पीडब्ल्यूएल अनुभाग के बीच एडीईएन/टीकेडी के तहत 10 नंबर सेट (1:8.5 – 2 नंबर सेट और 1:12 8 नंबर सेट)। |
| | | 6 | वैगन केयर सेंटर तुगलकाबाद में सिक लाइन शेड में रखरखाव सुविधाओं के उन्नयन के संबंध में पी.वे और अन्य संबद्ध कार्य। **समान कार्य की प्रकृतिः** ट्रैक कार्य के अलावा कोई भी सिविल कार्य। |
| 2 | काम की अनुमानित लागत (रुपये) | | (1) रु. 1,17,64,004.21 (2) रु. 59,49,326.99 (3) रु. 63,55,563.23 (4) रु. 65,08,828.19 (5) रु. 28,25,441.15 (6) रु. 1,18,45,934.14 |
| 3 | अग्रिम राशि (रुपये) | | (यह नेट बैंकिंग के रूप में होना चाहिए या केवल भुगतान गेटवे द्वारा) (नोटः रेलवे बोर्डो के पत्र संख्या 2015/सीई–आई/सीटी/5/1 दिनांक 31.08.2016 के अनुसार जो टेंडर आई आर ई पी एस पर आमंत्रित किया गया है उसमें एफडीआर को निविदा के लिए, ईएमडी के रूप में, स्वीकार नहीं किया जाएगा।) (1) रु. 2,08,800.00 (2) रु. 1,19,000.00 (3) रु. 1,27,100.00 (4) रु. 1,30,200.00 (5) रु. 56,500.00 (6) रु. 2,09,200.00 |
| 4 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | | (1) 12 माह (2) 06 माह (3) 12 माह (4) 06 माह (5) 06 माह (6) 06 माह |
| 5 | निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए दिनांक और समय | | 06.03.2025 को 15:00 बजे तक तथा 06.03.2025 को 15:00 बजे निविदा खुलना है। |
| 6 | वेबसाइट के विवरण का नोटिस बोर्ड स्थान, निविदा का पूरा विवरण देखा जा सकता है तथा कार्यालय का पता जहां से निविदा फार्म खरीदा जा सकता है आदि | | यह निविदा आई.आर.ई.पी.एस. वेबसाइट अर्थात www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। |

सं. 128-W/280/OET/2024-25/W-V/NIT-35-A, 48, 49, 50, 51, & 52 - 2024-25-डब्ल्यू-5 दिनांक: 11.02.2025 479/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े–लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं जोकि रमेश कुमार पुत्र श्री वजीर सिंह व कमलेश पत्नी रमेश कुमार निवासी गांव सफियाबाद तहसील व जिला सोनीपत के स्थाई निवासी हैं और अपने हल्फ से ब्यान करते हैं कि सुमित कुमार हमारा सगा लड़का है जोकि शादीशुदा हैं। सुमित कुमार व उसकी पत्नी मीनू हमारे कहने सुनने से बाहर है तथा अपनी मनमानी करते हैं इसलिए हम दोनों सुमित कुमार व उसकी पत्नी मीनू को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल करते हैं। यदि आज के बाद उपरोक्त दोनों कोई भी उचित या अनुचित कार्य करते हैं या फिर किसी से कोई लेना-देना करते हैं तो उसके वह स्वयं जिम्मेदार होंगे।आज के बाद हमारी किसी भी प्रकार कि कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# मंथन: दिल्ली में पंजाब के 'आप' विधायकों की बैठक

## पंजाब सीएम भगवंत मान ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने जो गारंटी दी है। पंजाब में उन सभी को पूरा किया जाएगा। इसके अलावा उन कार्यों को भी किया जाएगा जिसकी गारंटी आम आदमी पार्टी ने नहीं दी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार को लेकर चल रही हलचल के बीच कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने बड़ा बयान दिया। एएनआई से बातचीत के दौरान मनीष तिवारी ने कहा कि पंजाब में किसी भी राजनीतिक अस्थिरता के बहुत गंभीर राष्ट्रीय परिणाम हो सकते हैं। दिल्ली ने पंजाब को समझा ही नहीं। पंजाब की एक अलग संस्कृति है। एक अलग लोकाचार और एक अलग समन्वय है। एक अलग लय भी है।

**'पंजाब में लोगों के हितों में काम कर रहे हैं'**

पंजाब सीएम भगवंत मान ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने जो गारंटी दी है। पंजाब में उन सभी को पूरा किया जाएगा। इसके अलावा उन कार्यों को भी किया जाएगा जिसकी गारंटी आम आदमी पार्टी ने नहीं दी। 17 टोल प्लाजा को बंद करके लोगों को राहत दी है। विधायकों की कई पेंशनों को बंद किया है। जनता के पैसे को जनता पर ही खर्च कर रहे हैं। पंजाब में लोगों के हितों में काम कर रहे हैं। पंजाब में कांग्रेस नेता बाजवा के आरोप पर भगवंत मान ने कहा कि आप पंजाब में आम आदमी पार्टी के विधायक मत गिन दिल्ली में अपने विधायकों को गिन लो। पंजाब में ड्रग्स को खत्म करने के लिए काम किया जा रहा है।

आम आदमी पार्टी के किसी भी विधायकों के बीच में कोई असंतोष नहीं है।कांग्रेस का कलर है उसमें नेता इधर-उधर होते रहते हैं। आम आदमी पार्टी में ऐसा कोई कल्चर नहीं है। पंजाब में स्कूल मोहल्ला क्लीनिक डिस्पेंसरी बनाने के लिए पर्याप्त जगह है। हम वहां काम कर सकते हैं वहां काम करेंगे। दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा ने पैसे और पुलिस का इस्तेमाल किया। चुनाव को निष्पक्ष नहीं होने दिया। पुलिस ने भी उनकी मदद की। बार-बार इसे लेकर चुनाव आयोग में शिकायत की। लेकिन हमारी शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। साल 2014 से पंजाब में आम आदमी पार्टी चुनाव लड़ रही है। लेकिन कभी भी भाजपा की तरह किसी के पर्चे को खारिज नहीं करवाया पुलिस का इस्तेमाल नहीं किया।






# भाजपा महिलाओं को कब से देगी 2500 रूपए



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी की सत्ता में वापसी हो रही है। अब दिल्ली में रहने वाली महिलाओं के मन में बहुत से सवाल खड़े होने शुरू हो गए हैं। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा था कि अगर उनकी पार्टी चुनाव में जीत कर सरकार बनती है तो महिलाओं को 2100 रुपये दिए जाएंगे। वहीं, प्रधानमंत्री मोदी ने रोहिणी में हुई चुनाव रैली में कहा था कि मार्च में महिला दिवस से महिलाओं को पैसे मिलने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। भाजपा ने दिल्ली चुनाव के पहले अपने मेनिफेस्टो में सरकार बनने पर ढाई हजार रुपये देने का एलान किया था। अब दिल्ली की महिलाओं को इंतजार है कि कब उन्हें हर महीने ढाई हजार रुपये मिलेंगे। जहां आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की महिलाओं के लिए हर महीने एक हजार रुपये के आर्थिक फायदे वाली मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना शुरू की थी और चुनाव में जीत हासिल होने के बाद इस योजना में मिलने वाले लाभ को हजार रुपये से बढ़ाकर 2100 रुपये करने का एलान किया।

**अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस से मिल सकते हैं पैसे**


वही, भाजपा ने भी सरकार बनने के बाद दिल्ली की महिलाओं के लिए हर महीने ढाई हजार रुपये देने वाली स्कीम शुरू करने का एलान किया था। अब जब दिल्ली में भाजपा को बहुमत मिल चुका है और सरकार बनाने की तैयारी है। ऐसे में दिल्ली की महिलाओं के मन में सवाल आ रहा है कि उन्हें कब से ढाई हजार रुपये मिलना शुरू होंगे।

माना जा रहा है कि मार्च में इस योजना को शुरू किया जा सकता है। क्योंकि दिल्ली चुनाव में रैली के दौरान खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बताया था कि 8 मार्च यानी अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस से महिलाओं को ढाई हजार रुपये मिलने शुरू हो जाएंग


# हत्या की गुत्थी सुलझी, दो नाबालिग पकड़े

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** उत्तर पूर्वी जिले के सीलमपुर इलाके में एक नाबालिग की चाकू घोंपकर हत्या के मामले में पुलिस ने दो नाबालिग को पकड़ा है। पूछताछ में नाबालिग ने बताया कि मृतक उनके साथ मारपीट करता था और उनसे पैसे मांगता था। जिससे तंग आकर दोनों ने उसकी हत्या की। पुलिस ने हत्या में इस्तेमाल चाकू भी बरामद कर लिया है। पुलिस के मुताबिक रविवार देर रात करीब 9:45 बजे पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना मिली थी कि गली नंबर 7 गौतमपुरी के पास एक युवक घायल अवस्था में पड़ा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को तुरंत जीटीबी अस्पताल पहुंचाया में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जांच में पता चला मरने वाला 17 साल का नाबालिग है। वहीं स्थानीय पुलिस के साथ ही घटनास्थल पर क्राइम व एफएसएल की टीम

# कपिल सिब्बल ने की कांग्रेस की वकालत



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** हाल के विधानसभा चुनावों में इंडी गठबंधन (आईएनडीआईए) की हुई छीछालेदर से चिंतित वरिष्ठ अधिवक्ता और राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल ने आज यहां कहा कि इंडी गठबंधन के नेताओं को एक साथ बैठकर मुद्दों को सुलझाने के लिए सावधानीपूर्वक काम करना होगा। आज यहां पत्रकारों के साथ बातचीत में सिब्बल ने आगामी चुनावों के लिए अपनी रणनीति पर चर्चा करने के लिए इंडी गठबंधन के दलों के एक साथ आने पर जोर दिया, ताकि आपसी गलतफहमियों को दूर किया जा सके। कांग्रेस की चर्चा करते हुए सिब्बल ने कहा कि यह पार्टी हमेशा एक साथ काम करने और सहमति से आगे बढ़ने की कोशिश करती है। हालांकि, उन्होंने 2020 के बिहार विधानसभा चुनावों का उदाहरण देते हुए कहा कि कई बार गठबंधन के कारण समस्याओं का सामना भी करना पड़ता है। मसलन, उस समय बिहार में कांग्रेस के निराशाजनक प्रदर्शन ने 'महागठबंधन' को बहुमत तक पहुंचने से रोक दिया था। सिब्बल ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा आम सहमति की मांग की है और सभी को साथ लाने का लक्ष्य रखा है। इंडी गठबंधन के कुछ सदस्यों, विशेष रूप से आम आदमी पार्टी (आआपा) की ओर से अपनाई गई रणनीति पर चिंता जताते हुए सिब्बल ने कहा कि आआपा ने हरियाणा, गोवा और गुजरात जैसे राज्यों में कांग्रेस के खिलाफ उम्मीदवार खड़े किए थे। उन्होंने सुझाव दिया कि जब अरविंद केजरीवाल ने ऐसे फैसले किये थे, उसी समय सवाल उठाए जाने चाहिए थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस आमतौर पर आगे बढ़ने के लिए सभी को एकसाथ लाने का प्रयास करती है लेकिन कभी-कभी समस्याएं उत्पन्न हो जाती हैं। बिहार की मिसाल देते हुए उन्होंने कहा कि पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस वहां उम्मीदों के अनुसार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सकी। नतीजा यह हुआ कि महागठबंधन सरकार नहीं बना पाई। उसके बाद राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने इसके लिए कांग्रेस को दोषी ठहराया।



# हरियाणा में ईवीएम से ही होंगे निकाय चुनाव

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा में निकाय चुनाव के लिए मंगलवार से नामांकन दाखिले की शुरूआत हो गई । नामांकन की प्रक्रिया 19 फरवरी तक चलेगी। हालांकि पानीपत नगर निगम में नामांकन 21 फरवरी से शुरू होने हैं।इस बीच पंजाब और हरियाणा हाइकोर्ट ने निकाय चुनाव बैलट से कराने के लिए दायर कांग्रेस की याचिका खारिज कर दी।निकाय चुनाव ई वी एम से ही कराए जाएंगे।कलायत नगर पालिका के वार्ड नंबर 10 से संजय सिंगला एस डी एम ऑफिस में नामांकन भरने आए। उन्हें यहां स्टाफ ने कलायत की बजाय ऐलनाबाद का नामांकन फॉर्म दे दिया। वह भी 19 जून 2022 का। ऐसे में उम्मीदवार को दोबारा नामांकन फॉर्म लेने के लिए वापस जाना पड़ा। भाजपा और कांग्रेस ने निकाय चुनाव के लिए उम्मीदवारों की घोषणा नहीं की है। इनेलो मंगलवार को निकाय चुनाव को




लेकर सिरसा में मीटिंग की। जेजेपी ने अभी चुनाव को लेकर कोई हलचल नहीं दिखाई है। उधर, पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने कांग्रेस की बैलट पेपर से चुनाव कराए जाने की मांग को खारिज कर दिया है। निकाय चुनाव ई वी एम से ही होंगे। बीजेपी सूत्रों के मुताबिक, पार्टी ने मेयर और चेयरमैन के नामों के पैनल बना लिए हैं। उम्मीदवारों के एक पैनल में 3 से 5 नामों को शामिल किया गया है। पैनल फाइनल करने के लिए दिल्ली में मीटिंग बुलाई गई है। बैठक में पैनल फाइनल करके केंद्रीय नेतृत्व को भेजे जाएंगे। बीजेपी निकाय चुनाव में मेयर, नगर परिषद का चुनाव सिंबल पर लड़ेगी। हालांकि नगर पालिका पर अभी पार्टी ने कोई फैसला नहीं किया है। प्रदेश में 8 नगर निगमों में मेयर-पार्षदों का चुनाव होना है। 2 नगर निगमों में सिर्फ मेयर चुने जाएंगे। वहीं 4 नगर परिषद और 21 नगर पालिकाओं के लिए भी चुनाव होंगे। हरियाणा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष उदयभान ने कहा था, 'उत्तराखंड में बैलेट पेपर से चुनाव हो सकता है तो हरियाणा में क्यों नहीं? भाजपा सरकार डर रही है कि यदि बैलट पेपर से चुनाव होंगे तो उसे हार का सामना करना पड़ सकता है। नगर निकाय चुनाव में एससी आरक्षण ठीक ढंग से नहीं किया गया है, एस सी समाज के साथ अन्याय किया है।' निकाय चुनाव में सभी उम्मीदवारों को घोषणा पत्र जारी कर अपना आपराधिक रिकॉर्ड, प्रॉपर्टी का ब्यौरा देना होगा।

यह घोषणा पत्र अखबारों में छपवाना होगा।वोटिंग के लिए 4500 बूथ बनाए जाएंगे। चुनाव में करीब 10 हजार ई वी एम मशीनों का प्रयोग किया जाएगा।उम्मीदवारों को सिक्योरिटी भी जमा करानी होगी। मेयर उम्मीदवार को 10 हजार, पार्षद को 3 हजार, नगर परिषद अध्यक्ष को 5 हजार, नगर परिषद मेंबर को डेढ़ हजार, नगर पालिका अध्यक्ष को 3 हजार और मेंबर को डेढ़ हजार सिक्योरिटी देनी होगी।

## निकाय चुनावों को लेकर अभय चौटाला ने की बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** इनेलो के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव चौ अभय सिंह चौटाला ने मंगलवार को इनेलो मुख्यालय में जिला और शहरी प्रधानों की एक बैठक ली जिसमें निकाय चुनावों में पार्टी सिंबल पर चुनाव लड़ने को लेकर चर्चा की। इस बैठक में इनेलो के प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा, राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष आरएस चौधरी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रकाश भारती, पूर्व डीजीपी एमएस मलिक, राष्ट्रीय प्रवक्ता उमेद लोहान और प्रदेश प्रवक्ता डा सतबीर सैनी मौजुद रहे। बैठक में तय हुआ कि अगले दो दिन के अंदर नगर पालिका, नगर निगम और नगर परिषद के चुनाव लड़ने के इच्छुक उम्मीदवारों से बातचीत करके पार्टी मुख्यालय को अवगत कराएंगे। जहां सिंबल पर चुनाव लड़ना जरूरी होगा वहां पार्टी सिंबल पर लड़ेंगे और जहां कोई ऐसा उम्मीदवार जो हमारी विचारधारा का होगा और हमारे से समर्थन मांगेगा तो उसे हम समर्थित उम्मीदवार के रूप में खड़ा करेंगे। दूसरा बैठक में यह निर्णय भी लिया गया कि पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को चार-चार जिले दिए हैं जहां जाकर वो इनेलो के जितने भी पुराने साथी हैं चाहे वो स्वर्गीय चौ देवीलाल के समय के हैं या स्वर्गीय चौ ओमप्रकाश चौटाला के साथ रहे हैं और किन्हीं वजहों से आज निष्क्रिय हैं उन सबसे संपर्क करेंगे और उनसे मिलकर बातचीत कर पार्टी में लाया जाएगा। उसके बाद फिर पार्टी का नए सिरे से संगठन बनाएंगे। संगठन बनाने के बाद जिलावार मीटिंग रखेंगे और सरकार की कमियां और खामियां उजागर करेंगे।

## धान से मूर्ति बना पर्यटकों की वाहवाही लूट रहे मूर्तिकार अर्जुन



**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** सूरजकुंड की वादियों में लगा 38 वां सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है, देश विदेश के पर्यटक साल भर मेले का बेसब्री से इंतजार करते है। इस बार मेले में दो थीम स्टेट ओडिशा और मध्य प्रदेश अपनी अपनी संस्कृति और कारीगरी से आगंतुकों को अपनी ओर आकर्षित कर रही है।

**ओडिशा पवेलियन में धान से बनी मूर्तियां खूब सुर्खियों में**

स्टाल प्रबंधक अर्जुन मुंडा ने बताया कि वो पिछले 15 साल से धान की मूर्तियां बना कर लोगों के मन में अपनी जगह बना रहे हैं। उन्होंने बताया कि यह कला उन्होंने अपने पिता से सीखी है, उनके पिता सदाशिव मुंडा अपनी कला को लेकर राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तर पर सम्मानित भी हो चुके हैं। मूर्तिकार अर्जुन बताते हैं कि एक मूर्ति बनाने में उनको तीन से चार दिन लगते है जिसके लिए उन्हें कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। इस काम में उनकी अर्धांगिनी उनका सहयोग करने का हर संभव प्रयास करती हैं, उनके द्वारा बनाई गई मूर्तियां लोगों को बेहद पसंद आ रही है। मेले में दर्शक मूर्तियां खरीदने के साथ उनकी कारीगरी की प्रशंसा भी कर रहे है।

## न्यूज फ्लैश

### निगम चुनाव के लिए कांग्रेस ने गठित की कमेटियां

**टीम एक्शन इंडिया**

**गुरुग्राम।** हरियाणा में कांग्रेस ने निकाय चुनावों को लेकर गुरुग्राम जिला की कमेटियों का गठन किया है। इन कमेटियों में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को शामिल किया गया है। गुरुग्राम जिला कांग्रेस के सह-प्रभारी अशोक बुवानीवाला ने मंगलवार को जारी जानकारी में बताया कि लीगल कमेटी में एडवोकेट हेमंत शर्मा, एडवोकेट सूबे यादव, एडवोकेट पवन खटाना, एडवोकेट प्रदीप चौहान, एडवोकेट अशोक टोंक, एडवोकेट ओमप्रकाश पांचाल और एडवोकेट कुनाल को शामिल किया गया है। स्क्रूटनी कमेटी में पूर्व विधायक एवं गुरुग्राम जिला प्रभारी करण सिंह दलाल, अशोक गर्ग बुवानीवाला, राजा राम, पंकज डावर, विरेंद्र यादव, सोशल मीडिया एवं प्रिंट मीडिया कमेटी में पंकज डावर, निशित कटारिया, अमित यादव, पंकज भारद्वाज, मनीष खटाना को शामिल किया गया है। इन कमेटियों में यूथ कांग्रेस एवं एनएसयूआई प्रेजीडेंट भी सदस्य होंगे। इसी तरह से निकाय चुनाव की प्रचार कमेटी में गुडगांव लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी रहे पूर्व सांसद राज बब्बर, पूर्व मंत्री कैप्टन अजय यादव, हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष जितेंद्र भारद्वाज, पूर्व मंत्री सुखबीर कटारिया, विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी रहे मोहित ग्रोवर, वर्धन यादव, रोहताश खटाना, पर्ल चौधरी के अलावा कमलबीर यादव, विरेंद्र यादव, पंकज डावर, रोहताश बेदी, सुनीता वर्मा, आशीष दुआ, सुनीता सहरावत, शमसुद्दीन, साहिदा खान, के.एल. यादव, विपिन खन्ना, ओमप्रकाश पांचाल, कुलराज कटारिया, गजेंद्र चौहान, लाल सिंह यादव, निर्मल यादव, पूजा शर्मा, रमेश शर्मा, प्रवीन सरपंच, सीमा हुड्डा, एडवोकेट संतोख सिंह, मुकेश शर्मा व महाराज सिंह को शामिल किया गया है। जिला अध्यक्ष व सभी फ्रंटलाइन संगठन इस कमेटी के सदस्य रहेंगे। सह-प्रभारी अशोक बुवानीवाला ने बताया कि मैनिफेस्टो कमेटी में सांसद प्रत्याशी रहे राज बब्बर, पूर्व मंत्री कैप्टन अजय यादव, कार्यकारी अध्यक्ष जितेंद्र भारद्वाज, पूर्व विधायक करण दलाल, अशोक गर्ग बुवानीवाला, सुखबीर कटारिया, मोहित ग्रोवर, वर्धन यादव, रोहताश खटाना, पंकज डावर, पर्ल चौधरी, कमलवीर यादव, विरेंद्र यादव, रोहताश बेदी, सुशील भारद्वाज (टुल्लर), के.एल. यादव, प्रदीप जैलदार, सुनीता सहरावत, इंद्र सिंह सैनी, आशीष दुआ व मुकेश शर्मा शामिल किए गए हैं। सभी कांग्रेस प्रत्याशी, लोकसभा चुनाव प्रत्याशी, 2019 के पूर्व विधायक व जिला अध्यक्ष इस कमेटी के सदस्य होंगे।

### टेलीग्राम टास्क के नाम पर ठगी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** टेलीग्राम टास्क के नाम पर पांच लाख 63 हजार की धोखाधड़ी के मामले में साइबर थाना सेंट्रल की टीम ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने मंगलवार को जानकारी देते हुए बताया कि साइबर थाना सेन्ट्रल में पोर्टल के माध्यम से सेक्टर-29 के रहने वाले एक व्यक्ति की शिकायत प्राप्त हुई। इसमें उसने बताया कि 27 दिसम्बर को टेलिग्राम से एक लिंक प्राप्त हुआ, जिसमें पार्ट टाईम जॉब के माध्यम से पैसे कमाने का लालच दिया गया, जिस पर शिकायतकर्ता ने ठगों को 22012/रु ऑनलाइन के माध्यम से ट्रांसफर किए, फिर शिकायतकर्ता के पास 28 हजार 480/-रु वापस आए। इसके बाद शिकायतकर्ता ने अपने खाते से 5.63 लाख रुपए अलग-अलग समय पर अलग-अलग खातों में ट्रांसफर किए। ठगों ने उसके साथ 5.63 लाख रुपए की ठगी की, जिस शिकायत पर थाना साइबर सेंट्रल में मामला दर्ज किया गया। मालमे में कार्रवाई करते हुए साइबर पुलिस टीम ने दो आरोपी श्रवण कुमार व महिपाल को बिकानेर से गिरफ्तार किया है। आरोपी श्रवण कुमार का बैंक खाता है, जिसमें ठगी के 50,000/-रु आए थे। आरोपी ने यह खाता 15000/-रु में महिपाल को दिया था। आरोपी महिपाल ने श्रवण कुमार का यह खाता आगे अन्य आरोपियों को दिया था, जिसके लिए उसने 10,000/-रु लिए थे। दोनों आरोपियों को पूछताछ के लिए 3 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है।

### यमुनानगर में बाइक सवार दो युवकों पर फायरिंग,बाल-बाल बचे

**टीम एक्शन इंडिया**

**यमुनानगर।** हरियाणा के यमुनानगर के गांव बाल छप्पर में बाइक पर जा रहे दो युवकों पर सरकारी मिडिल स्कूल के सामने बाइक सवार तीन अज्ञात नकाबपोश बदमाशों ने फायरिंग कर दी। गनीमत यह रही कि गोली स्कूल की दीवार पर लगी, जिससे राहगीर बच गए। घटना से थोड़ी दूरी पर ही स्कूल में बच्चे पढ़ रहे थे। इस घटना से पूरे गांव में सनसनी फैल गई।

## विधानसभा के सदस्यों के लिए होगा ओरिएंटेशन प्रोग्राम

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण के मागर्दशन में हरियाणा विधानसभा के सदस्यों के लिए 14-15 फरवरी को दो दिवसीय ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम के लिए लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला मुख्य अतिथि होंगे। इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी विशिष्ट अतिथि व अनेक राज्यों के विधान सभा अध्यक्ष भी मौजूद रहेंगे। इस संबंध में हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण सभी तैयारियों का जायजा ले रहे हैं और सभी प्रबंधों को सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए गए हैं। विधायकों का प्रशिक्षण विधान सभा के सदन में होगा, इसके लिए सदन समेत पूरे परिसर में विशेष प्रबंध किए जा रहे हैं। इस दौरान लोक सभा की ओर से संसदीय लोकतंत्र शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान की टीम विधायकों को विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण देगी। उल्लेखनीय है कि 15वीं विधान सभा के गठन के बाद लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला पहली बार हरियाणा विधानसभा आ रहे हैं।

उनके स्वागत हेतु सभी पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित किए जा रहे हैं।

## पलवल में नॉन स्टॉप विकास का सिलसिला जारी: गौरव

**टीम एक्शन इंडिया**

चंडीगढ़: हरियाणा के युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता, खेल और कानून राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा प्रदेश सहित पलवल जिला में नॉन स्टॉप विकास का सिलसिला लगातार जारी है। आने वाले पांच वर्षों में मानचित्र पर पलवल जिला अलग दिखाई देगा और इसकी अपनी अलग पहचान होगी। युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता, खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम आज पलवल शहर में लाखों रुपए की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का शुभारंभ व शिलान्यास करने उपरांत जनसभाओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने हुड्डा सेक्टर-2 के वार्ड नंबर 31 में ओपन जिम का शुभारंभ करने उपरांत पप्पन प्लाजा के पास नाले का शिलान्यास, वार्ड नंबर 20 में माल गोदाम रोड से बस स्टैंड रोड का शिलान्यास तथा वार्ड नंबर-21 में गली का शिलान्यास किया। शिलान्यास करने के बाद उन्होंने कहा कि इन विकास कार्यों के पूरा होने से नागरिकों को सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि स्वच्छता के मामले में पलवल को नंबर वन बनाएंगे, जिसके लिए उन्होंने आमजन से पलवल जिला को साफ-स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए सहयोग मांगा। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा युवाओं के स्वास्थ्य और फिटनेस को बढ़ावा देने के लिए सराहनीय कदम उठाए जा रहे हैं। युवाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने और शहरों से गांवों तक फिटनेस सुविधाएं पहुंचाने के उद्देश्य से ओपन जिम स्थापित की जा रही हैं।

हरियाणा सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में शहरी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। इसी कड़ी में ओपन जिम स्थापित करने का निर्णय लिया गया है।



**विकास कार्य**

**युवा अधिकारिता मंत्री ने पलवल शहर में किया विभिन्न विकास कार्यों का शुभारंभ और शिलान्यास**

## सावधानी से ही इंटरनेट के खतरों से किया जा सकता है बचाव: दीपक

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के राज्य सूचना विज्ञान अधिकारी दीपक बंसल ने कहा कि डिजिटल युग में एक क्लिक से अवसरों के साथ साथ खतरों के दरवाजे खुल जाते हैं। मोबाइल इंटरनेट से जुड़ा है और इसके जरिए पैसे का ऑनलाइन लेनदेन भी होता है। इस दौरान थोड़ी सी लापरवाही से आपका आर्थिक नुकसान हो सकता है, इसलिए सावधानी से मोबाइल का उपयोग करना चाहिए। इसी तरह से सोशल मीडिया, फेसबुक व वॉट्सएप, इत्यादि का इस्तेमाल करते समय सावधानी बरतें, नहीं तो आप संकट में फंस सकते हैं। बंसल आज हरियाणा सिविल सचिवालय में राज्य सूचना विज्ञान केंद्र हरियाणा द्वारा सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर आयोजित वर्कशाप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा 11 फरवरी, 2025 को "साथ मिलकर बेहतर इंटरनेट के लिए" थीम पर एक राष्ट्रव्यापी जागरूकता अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान का उद्देश्य नागरिकों के बीच जिम्मेदार एवं सुरक्षित इंटरनेट उपयोग को बढ़ावा देते हुए, सुरक्षित ऑनलाइन सेवाएं, साइबर स्वच्छता और साइबर खतरों से बचाने के लिए विभिन्न इंटरनेट उपयोगकर्ताओं को शिक्षित करना है।

**लेनदेन**

**इंटरनेट दिवस "एक साथ मिलकर बेहतर इंटरनेट के लिए" थीम के तहत मनाया गया**

## फरीदाबाद पुलिस ने दुष्कर्म के दो आरोपी दबोचे

**टीम एक्शन इंडिया**

**फरीदाबाद। महिला थाना सेन्ट्रल** की टीम ने दुष्कर्म के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने मंगलवार को मामले में जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी रोशन लाल (35) वासी गांव पनियाला जिला जयपुर राजस्थान व नन्हे (45) वासी गांव हरदत्तपुर जिला बदायुं उत्तर प्रदेश, जिनको गुरुग्राम से काबू कर गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि सेक्टर-56 में रहने वाली एक 56 वर्षीय महिला ने थाना सेक्टर 17 में दी शिकायत में बताया कि वह 16 सेक्टर में काम करती है।

## सुविधाओं का श्रेष्ट मिश्रण होगी गुरुग्राम की जंगल सफारी: नरबीर



**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** गुरुग्राम में प्रस्तावित दुनिया की सबसे बड़ी जंगल सफारी में पर्यटकों को सुविधाएं भी अंतरराष्ट्रीय स्तर की मिले इसके लिए हरियाणा सरकार द्वारा हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। इन्हीं सार्थक प्रयासों के क्रम में पर्यावरण, वन एवं वन्य जीव मंत्री राव नरबीर सिंह निरन्तर देश विदेश के प्रमुख वन्यजीव रेस्क्यू सेंटर व जंगल सफारी का दौरा कर, वहां वन्य जीवों को संरक्षित रखने के लिए किए गए उपायों व जंगल सफारी में आगंतुकों को दी जा रही सुविधाओं का जायजा ले रहे है। पर्यावरण मंत्री राव नरबीर सिंह ने परियोजना से जुड़े विभागीय अधिकारियों संग महाराष्ट्र के नागपुर स्थित गोरेवाड़ा वन्यजीव सफारी व गुजरात के जामनगर स्थित वंतारा वन्यजीव रेस्क्यू सेंटर का दौरा कर संबंधित अधिकारियों को वहां दी गयी सर्वोत्तम सेवाओं व सुविधाओं का अध्ययन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम में बनने जा रही जंगल सफारी विश्व की सबसे बड़ी जंगल सफारी होगी ऐसे में उनका प्रयास है कि दुनिया के सभी श्रेष्टतम वन्यजीव रेस्क्यू सेंटर व जंगल सफारी का सर्वश्रेष्ठ मिश्रण यहां उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि अरावली पर्वत श्रृंखला में इस परियोजना के शुरू होने से पर्यटकों की आवाजाही बढ़ेगी, स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर पैदा होंगे और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। इसके अलावा, इस विकास से स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलने और सरकारी राजस्व में वृद्धि होने की उम्मीद है।

राव नरबीर सिंह ने कहा कि अरावली पर्वत श्रृंखला को अपनी प्राकृतिक सुंदरता, जैव विविधता और ऐतिहासिक विरासत के लिए जाना जाता है।

**संरक्षित**

**जंगल सफारी में वन्य जीवों को संरक्षित रखने के लिए किए जाएंगे महत्वपूर्ण उपाय**

## 40000 विद्यार्थियों की मुफ्त बस सेवा रोकने पर भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने जताया विरोध

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़: पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र** सिंह हुड्डा ने विद्यार्थियों की मुफ्त बस सेवा बंद करने के फैसले का विरोध किया है। हुड्डा ने कहा कि बीजेपी सरकार ने आईटीआई के करीब 40000 विद्यार्थियों को मिलने वाली यह सुविधा बंद कर-के अन्याय किया है। इन विद्यार्थियों में 20000 छात्राएं भी शामिल हैं। बड़ी तादाद में ये विद्यार्थी गरीब, ग्रामीण, एससी, ओबीसी और किसान समाज से आते हैं। इससे पहले रोडवेज का निजीकरण करके बीजेपी बुजुर्गों, विकलांगों व अन्य लाभार्थी वर्गों को मिलने वाली रियायती बस सेवा भी सीमित कर चुकी है। प्रदेश के आम आदमी को लाभान्वित करने के लिए शुरू की गई रोडवेज सेवा को बीजेपी ने घोटाले करने व जनता को लूटने का जरिया बना लिया है। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा है कि बीजेपी द्वारा किए जा रहे घोटालों और निजीकरण के चलते हरियाणा रोडवेज खस्ताहाल हो चुकी है। कांग्रेस सरकार ने जिस रोडवेज को देश में नंबर वन और सबसे सुरक्षित बस सेवा बनाया था, उसे बीजेपी ने बबार्दी की कगार पर ला दिया है। खस्ताहाल बसों को सड़कों पर दौड़ाया जा रहा है, जो जानलेवा हादसों को बुलावा दे रही हैं। हुड्डा ने कहा कि कांग्रेस कार्यकाल के दौरान रोडवेज के बेड़े में 4500 बसें थीं, जो आज घटकर लगभग 2000 ही रह गई हैं। जो बसें बची हैं, उनकी हालत ऐसी है कि सवारियों को उनमें सफर करने से डर लगता है। कांग्रेस कार्यकाल के दौरान पूरे उत्तर भारत में हरियाणा रोडवेज की तूती बोलती थी। हमारी बसें हरियाणा ही नहीं बल्कि दिल्ली, हिमाचल, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और राजस्थान तक प्रदेश की बसें अपनी सेवाएं देती थी। प्रत्येक राज्य के लोगों के लिए सफर की पहली पसंद हरियाणा रोडवेज होती थी।

## गुरुग्राम जिला में निकाय चुनाव के मद्देनजर धारा 163 लागू

**टीम एक्शन इंडिया**

**गुरुग्राम।** आगामी दो मार्च को होने वाले निकाय चुनाव के मद्देनजर जिलाधीश अजय कुमार ने सभी लाईसेंस शुदा हथियार धारकों को आदेश जारी किए हैं कि वे अपने हथियार नजदीकी थानों व पंजीकृत हथियार डीलरों के पास जमा करवा दें। उन्होंने निकाय चुनाव को शांतिपूर्ण व निष्पक्ष ढंग से संपन्न करवाने के लिए जिला गुरुग्राम की सीमा में भारतीय नागरिक सुरक्षा सहिंता 2023 की धारा 163 लागू करने के आदेश जारी किए हैं। जिलाधीश अजय कुमार ने मंगलवार का अपने आदेशों में कहा है कि लाईसेंसी हथियार धारक तुरंत प्रभाव से अपने समीप के पुलिस स्टेशन में जाकर बंदूक, रिवाल्वर, पिस्तौल आदि जमा करवा दें। चुनाव प्रक्रिया के दौरान किसी व्यक्ति के पास हथियार पाया जाता है या कोई व्यक्ति घातक शस्त्र लेकर घूमता हुआ मिलता है तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान किसी भी तरह से व्यक्ति को बाधा या चोट पहुंचाने, संपत्ति को खतरा, सार्वजनिक शांति और शांति में बाधा उत्पन्न होने की संभावना होती है। इसके चलते किसी भी आग्नेयास्त्र और हथियार ले जाने पर रोक लगाना और लाइसेंसधारियों के कब्जे में सभी आग्नेयास्त्रों और गोला-बारूद को संबंधित पुलिस स्टेशनों या पंजीकृत हथियार डीलरों के पास जमा कराना आवश्यक है, ताकि निकाय चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाया जा सके।

**आदेश जारी**

**लाईसेंसशुदा हथियार तुरंत प्रभाव से संबंधित थानों या पंजीकृत हथियार डीलरों के पास जमा करवाने होंगे**

## संत रविदास ने भूली-भटकी मानवता को दिखाई राह : डॉ अरविंद

**टीम एक्शन इंडिया**

चंडीगढ़: सहकारिता, कारागार विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि सन्त शिरोमणि रविदास जी महाराज ने भूली-भटकी मानवता को राह दिखाई थी। उनकी शिक्षा और विचारधारा आज हमारे लिए प्रकाश स्तम्भ के भांति मार्गदर्शन कर रही हैं। उन्होंने समाज के प्रबुद्धजनों से आह्वान किया कि वो युवा पीढ़ी को अच्छे संस्कार दें और उनके समाज व देश उत्थान के लिए अपनी भूमिका निभाने के लिए तैयार करें। सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा न्यू रमेश नगर, सदर बाजार में सन्त शिरोमणि रविदास जी महाराज की 648वें प्रकाश पर्व की पूर्व संध्या पर निकाली गई शोभायात्रा में मुख्यातिथि के तौर पर शामिल हुए। सामुदायिक हाल में



आयोजित सभा को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि महापुरुषों की जयंतियां मनाने से हमें, विशेषकर हमारी युवा पीढ़ी को उनके जीवन से जुड़े विभिन्न पहलुओं को जानने व समझने का मौका मिलता है। यही नहीं युवाओं को महापुरुषों के आदर्शों और सिद्धांतों पर चलने की प्रेरणा मिलती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा निरन्तर धार्मिक स्थलों के सुनियोजित विकास को सुनिश्चित किया गया है, ताकि श्रद्धालुओं को अपने आराध्य तक पहुंच में कोई कठिनाई न आए। भगवान श्रीराम लला के तिरपाल से भव्य मंदिर में प्रवेश हो या भव्य महाकुंभ का प्रयागराज में आयोजन उनकी सोच और संकल्प को सिद्धि तक लेकर जाने के विशिष्ट उदाहरण हैं। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा सन्त-महात्माओं व महापुरुषों की जयंतियों को सरकारी स्तर पर मनाए जाने की शुरू की गई इस परिपाटी को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आगे बढ़ा रहे है। हमारे देश में समय-समय पर संत महात्माओं, ऋषि-मुनियों और महान गुरुओं ने भूली भटकी मानवता को जीवन का सच्चा रास्ता दिखाया है। ऐसे महापुरुषों में 14वीं शताब्दी में संत शिरोमणि गुरु रविदास जी भी हुए। इन्होंने समूची मानवता को जीवन का कल्याणकारी रास्ता दिखाया। कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि संत रविदास जी किसी एक जाति या सम्प्रदाय के गुरु नहीं थे। वे पूरी मानव जाति को रास्ता दिखाने वाले व्यक्तित्व थे। उनकी शिक्षाएं पूरी मानवता के लिए थी। आज भी उनकी शिक्षाएं प्रकाश स्तम्भ की तरह हमारा मार्गदर्शन कर रही हैं।

उन्होंने अपने आचरण और व्यवहार के माध्यम से यह प्रमाणित किया कि मनुष्य अपने जन्म एवं व्यवसाय के आधार पर नहीं, बल्कि समाज हित की भावना से किए काम की वजह से महान बनता है।

**रास्ता दिखाया**

**व्यवसाय के आधार पर नहीं, बल्कि समाज हित की भावना से किए काम की वजह से महान बनता है**

# केंद्रीय विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 13 फरवरी से

## दो दिवसीय आयोजन में विश्वभर से 200 से अधिक प्रतिभागी लेंगे हिस्सा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। हरियाणा** केंद्रीय विश्वविद्यालय के भौतिकी और खगोल भौतिकी विभाग द्वारा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार के नेतृत्व में एडवांसमेंट्स इन मेटिरियल साइंस फोर सस्टेनेबल डेवलपमेंट (एआईएमएस) 2025 विषय पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। यह सम्मेलन अनुसंधान राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन और नाभिकीय विज्ञान अनुसंधान बोर्ड के सहयोग से 13 से 15 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा। आयोजन में 200 से अधिक राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधि हिस्सा लेने जा रहे हैं। यह सम्मेलन शोधकताओं को नवीन



अनुसंधान, चुनौतियों एवं सहयोग के अवसरों पर विचार-विमर्श करने का मंच प्रदान करेगा। आयोजन हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय की नवाचार, शैक्षिक उत्कृष्टता और ज्ञान के सतत विस्तार की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। यह सम्मेलन भौतिकी और खगोल भौतिकी विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ.सुनीता श्रीवास्तव एवं विश्वविद्यालय कुलसचिव प्रो. डॉ. सुनील कुमार के नेतृत्व में आयोजित किया जा रहा है। प्रो. सुनीता श्रीवास्तव ने इस सम्मेलन को अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में आईआईटी रोपड़ के निदेशक प्रो. डॉ. राजीव आहूजा मुख्यातिथि के रूप में तथा एनआईटी हमीरपुर के प्रो. रवि कुमार और दिल्ली

**नाभिकीय**

**नाभिकीय विज्ञान अनुसंधान बोर्ड के सहयोग से 13 से 15 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा**

विश्वविद्यालय की प्रो. अमिता चंद्रा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। आयोजन के समापन सत्र में अंतर विश्वविद्यालय त्वरक केंद्र आईयूएसी नई दिल्ली के निदेशक प्रो. डॉ. अविनाश पांडे मुख्यातिथि के रूप में अपने विचार प्रतिभागियों से साझा करेंगे। एआईएमएस-2025 सम्मेलन में विश्वभर से वैज्ञानिक, शोधकर्ता एवं विद्यार्थी विज्ञान में नवीनतम प्रगति, उभरती तकनीकों और भविष्य की संभावनाओं पर विचार-विमर्श करेंगे। यह आयोजन ज्ञान विनिमय, नेटवर्किंग और अंतरराष्ट्रीय सहयोग के लिए एक महत्वपूर्ण मंच होगा, जहां उद्योग और समाज में मेटिरियल साइंस की भूमिका पर चर्चा होगी।

इस आयोजन को सफल बनाने में डॉ. अंकुश विज, डॉ. राकेश कुमार, डॉ. जसवंत कुमार, डॉ. रामोतार, डॉ. मीनू ठाकुर, डॉ. गौरव योगेश, प्रो. मनोज कुमार सिंह, डॉ. अंशु, डॉ. चांदनी, डॉ. श्रीराम पांडेय, डॉ. सविता बुधवार, डॉ. विकास सिवाच, डॉ. जितेंद्र, डॉ. रामनदीप कुमार, डॉ. यशवीर कलकल, डॉ. रजनी बंसल, डॉ. प्रिया रानी, डॉ. स्वाति, डॉ. प्रदीप, डॉ. संगीता और डॉ. सुमन सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

# एसडीएम प्रवेश कादियान ने हरियाणा अंतर्राष्ट्रीय बागवानी मंडी का किया दौरा

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर। एसडीएम प्रवेश** कादियान ने मंगलवार को जीटी रोड स्थित हरियाणा अंतर्राष्ट्रीय बागवानी मंडी का दौरा किया। इस दौरान बागवानी विभाग व निर्माण एजेंसी के अधिकारियों ने पहले फेज में मंडी में चल रहे निर्माण कार्यों से अवगत करवाया। बागवानी विभाग के एक्सईएन सुभाष सिंह ने एसडीएम को निर्माण कार्य का माडल दिखा कर उन्हें प्रेजेंटशन भी दी। उन्होंने बताया कि पहले फेज के निर्माण पर करीब 2600 करोड़ रुपये की लागत आएगी, जिससे शेड, रोड, दुकानें, आफिसर्ज कालोनी, किसान विश्राम गृह, फायर स्टेशन, पुलिस पोस्ट, कैब सर्विस के लिए टैक्सी स्टैंड, सौर ऊर्जा प्लांट, पानी आपूर्ति, विद्युत आपूर्ति आदि की सुविधा दी जाएगी। इसके बाद एसडीएम ने मंडी में रोड निर्माण, सीवरेज, बिजली, पेयजल व्यवस्था, कामन शेड,



हाट्रीकल्चर इंस्टीट्यूट, कोल्ड स्टोरेज, किसानों के लिए तैयार किए जा रहे प्लेटफार्म का भी निरीक्षण करते हुए कार्यों में और तेज गति लाने के निर्देश दिए। इस मौके पर नायब तहसीलदार गजे सिंह, बीडीपीओ पूनम चंदा, मार्केट कमेटी सचिव दीपक सुहाग सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

**विवादित जगहों की भी स्थानांतरित करने को लेकर निरीक्षण**

अंतर्राष्ट्रीय बागवानी मंडी के अंदर टेहा गांव के मंदिर, शमशान घाट, पानी निकासी के जोहड़ के अलावा शाहपुर तगा गांव के बाल्मिकी मंदिर बना है। जिस वजह से इन सभी जगहों को स्थानांतरित करने को लेकर विवाद चल रहा है। यह मामले अदालत में भी विचाराधीन है। एसडीएम ने सभी जगहों का निरीक्षण करते हुए दोनों गांवो के सरपंचो व अधिकारियों से विवाद को निपटाने के लिए सुझाव भी मांगे, ताकि मंडी के निर्माण कार्यों में कोई बाधा न आए। उन्होंने सुझावों को उच्च अधिकारियों तक पहुंच कर उनका समाधान करवाने का आश्वासन भी दिया है।

# शिविर की लंबित शिकायतों का जल्द करें निपटारा



**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। उपायुक्त डॉ.** विवेक भारती ने समाधान शिविर में आने वाली समस्याओं की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे लंबित शिकायतों का जल्द निपटारा सुनिश्चित करें। समाधान शिविर में 40 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से अधिकतर शिकायतों का मौके पर निपटारा कर दिया गया तथा अन्य शिकायतों के निपटारे की प्रक्रिया जारी है। उपायुक्त डॉ. विवेक भारती लघु सचिवालय स्थित एसडीएम कार्यालय में आयोजित समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतें सुन रहे थे। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा हर कार्य दिवस जिला मुख्यालय, उपमंडल मुख्यालय पर एसडीएम कार्यालय में सुबह 10 से 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे है। इन शिविरों में प्राप्त हो रही शिकायतों का मौके पर निपटारा करने के प्रयास किए जाते है। सभी विभागों के उच्चाधिकारी इन शिविरों में उपस्थित रहकर अपने विभाग से संबंधित शिकायत का निपटारा करते है। जिला प्रशासन द्वारा प्रतिदिन समाधान शिविर की शिकायतों के निपटारे की समीक्षा की जाती है तथा संबंधित विभागों की समय-समय पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाते है। उपायुक्त ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा जारी किए गए निर्देशों अनुसार यह समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे है। मुख्यमंत्री कार्यालय तथा मुख्य सचिव कार्यालय द्वारा निरंतर इन समाधान शिविरों की वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से निगरानी की जा रही है। सरकार द्वारा संबंधित शिकायतकताओं से भी फीडबैक लिया जा रहा है।

इस अवसर पर नायब तहसीलदार निशा तंवर सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# वंदे भारत ट्रेन की जगह साधारण वंदे भारत ट्रेन चलाने की मांग

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। रेवाड़ी वाया** महेंद्रगढ़ रेलवे मार्ग पर वंदे भारत ट्रेन की जगह साधारण वंदे भारत ट्रेन चलाने को लेकर दैनिक रेलयात्री महासंघ ने मंगलवार को रेलमंत्री के नाम स्टेशन अधीक्षक निरंजन सिंह व डीसी डॉ. विवेक भारती को ज्ञापन सौंपा हैं। दैनिक रेलयात्री महासंघ के अध्यक्ष रामनिवास पाटोदा ने बताया कि रेलवे बोर्ड की ओर से दिल्ली से बीकानेर तक नई वंदे भारत ट्रेन चलाने की तैयारी की जा रहीं हैं। यह ट्रेन दिल्ली से वाया, रेवाड़ी, महेंद्रगढ़, लोहारू, सादलपुर, चुरू, रतनगढ से होते हुए बीकानेर जाएंगी। इस



ट्रेन का महज कुछ ही स्टेशनों पर ठहराव होगा। जबकि दिल्ली से बीकानेर के बीच बहुत कम ट्रेनों का संचालन हो रहा है। दैनिक यात्री महासंघ का सुझाव है कि वंदे भारत ट्रेन की जगह साधारण वंदे भारत ट्रेन का संचालन किया जाएं। साधारण वंदे भारत ट्रेन का संचालन शुरू होने के बाद दिल्ली, हरियाणा व राजस्थान प्रदेश के लोगों को ज्यादा फायदा मिलेगा। इसके अलावा रेवाड़ी-बीकानेर रेलमार्ग सिंगल होने के कारण अन्य गाड़िया भी प्रभावित होगी। दिल्ली से बीकानेर के बीच में मात्र दो गाड़िया दिन व रात्रि को संचालन हो रहा हैं। भारतीय जनता पार्टी भी देश में आम व गरीब वर्गों को रेलवे सुविधा का ज्यादा से ज्यादा लाभ देने के लिए प्रयासरत है। हमारी रेल मंत्री और रेलवे के उच्च अधिकारियों से मांग है कि दिल्ली से बीकानेर के बीच में चलने वाली वंदे भारत ट्रेन के स्थान पर साधारण वंदे भारत ट्रेन चलाई जाए ताकि तीन राज्यों की जनता को ट्रेन का लाभ मिल सके। जो की साधारण वंदे भारत ट्रेन पूरी नॉन एसी होती है। जिसमें 12 स्लीपर व 8 जनरल डिब्बे लगे होते हैं। इस ट्रेन का ठहराव मुख्य रेलवे स्टेशन पर किया जाए ताकि रेल मंत्रालय व आम जनता को इसका लाभ मिल सके।

# बंद मकान से चुराए कैश व गहने

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले में कस्बा** असंध की विश्वकर्मा कॉलोनी में एक मकान में चोरों ने 75 हजार की नकदी व लाखों के गहने चुरा लिए। घटना के वक्त घर में कोई नहीं था। चोर छत के रास्ते अंदर घुसे और मुख्य दरवाजे व अलमारी के ताले तोडकर नकदी और गहने चोरी कर ले गए। पीड़ित परिवार जब अपने गांव से लौटा तो घर का सारा सामान बिखरा पड़ा था। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। विश्वकर्मा कॉलोनी में रहने वाले राजीव कुमार अपने परिवार के साथ कल उत्तर प्रदेश स्थित गांव कमालपुर एक कार्यक्रम में गए थे। जब वे आज करीब 6 बजे लौटे तो घर का दरवाजा टूटा हुआ मिला। अंदर जाकर देखा तो अलमारी के ताले भी टूटे हुए थे और सामान बिखरा पड़ा था। घर से नकदी और कीमती गहने गायब थे। राजीव कुमार ने बताया कि चोर घर से 75 हजार रुपए नकद, 5 ग्राम सोने का ओम, 3 जोड़ी चांदी की पायल, 5-6 जोड़ी सोने की कुंडलियांए, डेढ़ तोले का सोने का मंगलसूत्र, 1 तोले की सोने की चेन, 4 नाक की नोज पिन, 8 जोड़ी चांदी की चुटकी, 1 तोले की सोने की अंगूठी और करीब 25 हजार रुपए के सूट चोरी कर ले गए। चोरी की कुल कीमत 5 से 6 लाख रुपए से अधिक बताई जा रही है।

# लेडी बाउंसर की स्कूटी को मारी टक्कर

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले में एक तेज** रफ्तार बाइक ने लेडी बाउंसर की इलेक्ट्रिक स्कूटी को पीछे से टक्कर मार दी। महिला की कमर में गंभीर चोटें आई और उसका अस्पताल में मेडिकल करवाया गया। हादसे की जानकारी सेक्टर 32-33 थाना पुलिस को दी गई। करनाल के नगला चौक निवासी नीलम राणा व उसकी साथी करनाल के एक निजी होटल में बाउंसर की जॉब करते है। सोमवार की देर रात को दोनों अपनी स्कूटी पर सवार होकर ड्यूटी खत्म करने के बाद घर लौट रही थी। रास्ते में उनकी स्कूटी की बैटरी लो हो गई, जिससे उनकी स्कूटी धीरे धीरे चल रही थी। नीलम ने बताया कि उसने अपने पति को कॉल किया कि स्कूटी की बैटरी लो हो गई है, इसलिए उन्हें लेने के लिए आ जाए। इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार बाइक आई और उनकी स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से दोनों सडक पर जा गिरे। स्कूटी के पीछे बैठी नीलम की साथी को चोटें आई। स्कूटी का पिछला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद युवक मौके से भागने लगे तो आसपास के लोगों ने आरोपियों को पकड़ लिया। नीलम का आरोप है कि बाइक सवार युवक नशे की हालत में थे। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वे काफी दूर तक घसीटते हुए गई। लोगों ने उन्हें उठाया और मामले की जानकारी पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपियों को पुलिस को सौंप दिया है। नीलम का कहना है कि अब बाइक वाले हमारे ऊपर प्रेशर बना रहे है कि नुकसान की भरपाई की जाए, लेकिन चोटें हमारे को लगी हैं, लेकिन प्रेशर हमारे ऊपर बनाया जा रहा है। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए और हमारे नुकसान की भरपाई की जाए। नीलम राणा ने कहा कि उसने पूरे मामले की शिकायत सेक्टर 32-33 थाना पुलिस को की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# नगरपालिका का सीएम फ्लाइंग की टीम ने किया निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर। नगर पालिका** गन्नौर में मंगलवार को सीएम फ्लाइंग की टीम ने छापेमारी की। छापेमारी के दौरान 18 अधिकारी व कर्मचारी गैरहाजिर पाए गए, जिनमें 5 नियमित कर्मचारी, 3 हरियाणा कौशल रोजगार निगम के कर्मचारी, 4 स्थायी सफाई कर्मचारी और 6 पालिका रोल के कर्मचारी शामिल थे। इसके अलावा, तहसीलदार गन्नौर और उपमंडल अधिकारी, नायब तहसीलदार के पास दो सफाई कर्मचारियों की ड्यूटी लगी पाई गई, लेकिन इसके आदेश कार्यालय में उपलब्ध नहीं थे। इसके अलावा टीम ने मुख्य रूप से कूड़ा निस्तारण प्रक्रीया की गंभीरता से जांच की जिसमें अनियमिताएं मिली। सीएम फ्लाइंग की टीम ने रिपोर्ट बना कर उच्च अधिकारियों से अनियमितताओं और दोषी कर्मचारियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की सिफारिश की है।

**डंपिंग प्वाइंट पर मिली अनियमितताएं**

सीएम फ्लाइंग की टीम ने नगरपालिका के कूड़ा डंपिंग प्वाइंटो का निरीक्षण किया। जिनमें जरूरी सुविधाओं की



कमी पाई गई। वहां कोई सीसीटीवी कैमरा नहीं था, जबकि यह आवश्यक था। साथ ही, कूड़ा उठाने वाले वाहन जिसमें एक डोजर और पांच ट्रैक्टर-ट्रालियों में जीपीएस नहीं लगा हुआ पाया गया।

**कूड़े की छंटाई के लिए सेग्रीगेशन मशीन नहीं मिली**

सीएम फ्लाइंग की टीम को डंपिंग प्वाइंट पर कूड़े की छंटाई के लिए कोई सेग्रीगेशन मशीन नहीं मिली। जिनिरीक्षण के दौरान पाया गया कि वहां 2-3 कमरों में कुछ लेबर परिवारों के साथ रह रहे थे, जिनके पास बड़ी मात्रा में पालिथिन, कागज और गत्ता एकत्रित था। यह ज्वलनशील सामग्री आग लगने की स्थिति में जान-माल के लिए बड़ा खतरा बन सकती है, जो विभाग की लापरवाही को दशार्ता है।

**कूड़ा उठान और वजन प्रक्रिया में गड़बड़ी**

टीम ने 10 फरवरी 2025 को कूड़ा लोड कर ताजपुर, सोनीपत के क्लस्टर प्वाइंट पर ट्रैक्टर-ट्राली से भेजे गए कुड़े की धर्मकांटा की वजन रसीद का मिलान क्लस्टर प्वाइंट के रजिस्टर से नहीं पाया। धर्मकांटे पर कार्यरत सफाई कर्मचारी नरेंद्र पर गलत तरीके से रसीद दर्ज करने और रजिस्टर में कूड़े की एंट्री नहीं करने का आरोप लगा। इसके अलावा धर्मकांटे पर कोई सीसीटीवी कैमरा चालू नहीं मिला। जिस पर टीम ने नगरपालिका से धर्मकांटा बदलने के निर्देश दिए।

**पार्षदों ने भी रखी शिकायत**

निरीक्षण के दौरान पार्षदों ने सीएम फ्लाइंग के समक्ष अपनी भी शिकायतें रखी। पार्षदों ने बताया कि नगरपालिका में करीब 2000 स्ट्रीट लाइटें आई थी, लेकिन वार्डों में स्ट्रीट लाइटें कम लगी हैं।

# जानलेवा हमला करने की घटना में संलिप्त नौवें आरोपी को किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**

सोनीपत जिले की क्राईम युनिट खरखौदा की पुलिस टीम ने गाँव पिपली में गोली मारकर जानलेवा हमला करने की घटना में संलिप्त पाँच हजार रुपए के ईनामी व तकरीबन डेढ़ साल से फरार नौवें आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी जितेन्द्र उर्फ धोला निवासी सिसाना जिला सोनीपत का रहने वाला है ' विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 30 जून को रामप्रकाश पुत्र ईश्वर सिहं निवासी गाँव पिपली जिला सोनीपत ने थाना खरखौदा में शिकायत दी थी कि उसका छोटा भाई रामनिवास गाँव पिपली का पूर्व सरपंच है। हमारे गाँव



में शहीद दलबीर सिहं के नाम से सरकारी कालेज है जिसके पास शराब का ठेका है। हमारे ग्रामवासी व मौजूदा सरपंच इस ठेके का बच्चो की पढाई पर असर ना पडे इस बात को लेकर ठेके को कालेज से दुर करना चाहते है। इस बारे मौजुदा सरपंच व कालेज प्रिसिपंल ने सरकारी अधिकारियो को भी सुचित कर रखा है। जो दिनांक 29 जून को समय करीब साढ़े 7 बजे को उसका भाई रामनिवास अपने दोस्त सुर्या गाँव खेडा दिल्ली के आफिस जो सैदपुर रोड पर स्थित है। जिस पर सुर्या प्रॉपर्टी डीलर का काम करता है बैठा हुआ था। वहाँ पर जितेन्द्र उर्फ धोला गाँव सिसाना, सुमित गाँव हलालपुर, सागर व अमित उर्फ छोटा गाँव राठधाना और इसके अलावा दो लडके और थे जिनको मेरा भाई नही जानता जो मेरे भाई को कहने लगे हम यहां से ठेका नही हटाएगे। जितेन्द्र उर्फ धोला ने अपने भाई भुपेन्द्र को फोन मिलाकर स्पीकर खोलकर बात करने लगा और मेरे भाई रामनिवास को कहने लगा भुपेन्द्र से बात कर। मेरे भाई ने कहा कि सारी बाते गाँव की पचांयत के सामने होगी। इतना कहने ही भुपेन्द्र ने अपने भाई जितेन्द्र से कहा इसको गोली मार दो। जितेन्द्र ने भुपेन्द्र के कहने पर मुझे पीछे से पकड़ लिया व अमित उर्फ छोटा ने अपना पिस्तौल निकालकर उसके भाई रामनिवास को दाहिनी तरफ पेट में गोली मार दी व सागर ने भी जान से मारने की नियत से अपने पिस्तौल से मेरे भाई के उपर 3,4 फायर किए जो मेरा भाई बाल-2 बच गया। फिर जितेन्द्र बाहर निकल गया और अमित व सागर को बोला कि रामनिवास को जिंदा नही छोडना। फिर दोनो ने अपने हथियारो से मेरे भाई रामनिवास के सिर में कई वार बट से किए व लात घुसे भी मारे। टीनू गाँव गोपालपुर व भोलु गांव गोपालपुर प्रॉपर्टी ऑफिस के बाहर व अन्य 14 से 15 लड़के हथियारो के साथ बाहर खडे थे।

# राजकीय महाविद्यालय में स्वच्छता अभियान आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। राजकीय महाविद्यालय** में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया, जिसमें स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अभियान के दौरान महाविद्यालय परिसर की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया गया तथा स्वच्छ भारत अभियान को गति देने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के कार्यकारी प्राचार्य प्रोफेसर विजय यादव ने की। उन्होंने विद्यार्थियों को स्वच्छता के महत्व के बारे में




विस्तार से बताते हुए कहा कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि एक जीवनशैली होनी चाहिए। उन्होंने स्वयंसेवकों में जोश भरते हुए उन्हें अपने आस-पास के परिवेश को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया और कहा कि साफ-सुथरा वातावरण न केवल हमारे स्वास्थ्य के लिए लाभदायक होता है, बल्कि यह समाज की समग्र उन्नति में भी सहायक होता है। कार्यक्रम में

# शुद्ध हिंदी लेखन विषय पर ऑनलाइन कार्यशाला आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़ । हरियाणा** केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में राजभाषा अनुभाग की द्वारा ह्यशुद्ध हिंदी लेखनह्ण विषय पर केंद्रित ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में डॉ. बीरेश कुमार, सीनियर रिसोर्स पर्सन, भारतीय भाषा संस्थान, मैसूर, कर्नाटक विषय विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित रहे । कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यशाला के अवसर पर विश्वविद्यालय के हिंदी अधिकारी डॉ. कमलेश कुमारी ने कहा कि विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार के नेतृत्व में




राजभाषा हिन्दी के प्रयोग को बढ़ावा देने की दिशा में अनुभाग लगातार प्रयासरत है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय राजभाषा हिंदी के क्रियान्वयन में निरंतर प्रयासरत है तथा इसी कड़ी में राजभाषा अनुभाग द्वारा समय-समय पर कार्यशालाओं का आयोजन किया जाता है । कुलपति ने कहा कि राजभाषा अनुभाग द्वारा कार्यशालाओं के आयोजन से विश्वविद्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राजभाषा के प्रयोग की व्यवहारिक जानकारी के साथ-साथ राजभाषा हिंदी में काम करने की प्रेरणा भी मिलती है। ऑनलाइन कार्यशाला की शुरूआत में हिंदी अधिकारी ने विषय विशेषज्ञ व प्रतिभागी सदस्यों सदस्यों का स्वागत करते हुए विशिष्ट वक्ता डॉ. बीरेश कुमार, सीनियर रिसोर्स पर्सन, भारतीय भाषा संस्थान, मैसूर, कर्नाटक का परिचय प्रस्तुत किया। कार्यशाला में विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित डॉ. बीरेश कुमार ने ह्यशुद्ध हिंदी लेखनह्ण विषय पर गहन जानकारी के साथ प्रशिक्षण दिया ।

विशेषज्ञ वक्ता ने प्रतिभागियों को बताया कि किस तरह से व्यावहारिक रूप से राजभाषा हिंदी का क्रियान्वयन सफलता के साथ किया जा सकता है। उन्होंने शुद्ध हिंदी के महत्त्व और उसके उपयोग के लिए कार्यशाला में सम्मिलित प्रतिभागियों को प्रेरित किया साथ ही राजभाषा हिंदी के कार्यान्वयन के उद्देश्यों को भी बताया । कार्यशाला के अंत में विश्वविद्यालय के हिंदी अधिकारी डॉ. कमलेश कुमारी ने धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि विश्वविद्यालय के कुलपति के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यशाला में विशेषज्ञ द्वारा दी गई जानकारी से हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के प्रतिभागी अवश्य लाभांवित होंगे। कार्यशाला को सफल बनाने में राजभाषा विभाग के सहयोगी श्री अजीत कुमार, डॉ.मनीष कुमार एवं हिंदी विभाग के शोधार्थी गायत्री, सरिता, अनुज, संदीप, योगेश का विशेष योगदान रहा ।

## संपादकीय

# प्लास्टिक के खतरों से निपटने का कारगर विकल्प

**प्लास्टिक** कचरा आज पर्यावरण की एक गंभीर समस्या बन चुका है, जो न केवल धरती, महासागरों और नदियों को प्रभावित कर रहा है, बल्कि हमारे भोजन और पानी में भी मिल रहा है। पारंपरिक प्लास्टिक का निर्माण पेट्रोलियम उत्पादों से होता है, जो प्रदूषण बढ़ाते हैं और सैकड़ों सालों तक नष्ट नहीं होते। इस समस्या का समाधान तलाशने के लिए वैज्ञानिक चावल-आधारित बायोप्लास्टिक की ओर देख रहे हैं, जो प्लास्टिक का टिकाऊ और पर्यावरण-मित्र विकल्प हो सकता है।

चावल दुनियाभर में सबसे अधिक उगाया और खाया जाने वाला अनाज है। इसके प्रसंस्करण के दौरान बड़ी मात्रा में कृषि अवशेष, जैसे धान की भूसी और पराली, निकलते हैं। आमतौर पर इनका कोई विशेष उपयोग नहीं होता और कई बार किसान इन्हें जलाने के लिए मजबूर हो जाते हैं, जिससे वायु प्रदूषण बढ़ता है। दिसम्बर-जनवरी के महीनों में दिल्ली और इसके आसपास के इलाकों में वायु प्रदूषण खतरनाक स्तर तक पहुंच जाता है। वैज्ञानिकों ने इस कृषि कचरे का उपयोग बायोडिग्रेडेबल प्लास्टिक बनाने में करना सीख लिया है, जिससे न केवल कृषि कचरे का पुनर्चक्रण होता है, जो पर्यावरण के लिए फायदेमंद है, बल्कि इससे किसानों की आय भी बढ़ सकती है और उद्योगों के लिए एक नया लाभकारी अवसर उत्पन्न हो सकता है।

पारंपरिक प्लास्टिक कचरे की समस्या यह है कि यह पर्यावरण में आसानी से नष्ट नहीं होता और धीरे-धीरे छोटे कणों में टूटकर माइक्रोप्लास्टिक में बदल जाता है। यही माइक्रोप्लास्टिक हमारे पानी, भोजन और यहां तक कि हवा में भी मिल चुके हैं, जो स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन सकते हैं। शोध बताते हैं कि हर साल लाखों टन प्लास्टिक महासागरों में पहुंच जाता है, जिससे समुद्री जीव-जंतुओं को भारी नुकसान होता है। इसके अलावा, प्लास्टिक बनाने की प्रक्रिया में ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन होता है, जिससे जलवायु परिवर्तन की समस्या और गंभीर हो जाती है। पारंपरिक प्लास्टिक की रिसाइक्लिंग भी पूरी तरह से प्रभावी नहीं है, क्योंकि अधिकांश प्लास्टिक या तो लैंडफिल में चला जाता है या जलाए जाने पर हानिकारक गैसें उत्पन्न करता है। बायोप्लास्टिक प्राकृतिक रूप से विघटित हो सकते हैं और पर्यावरण को नुकसान नहीं पहुंचाते। इन्हें जैविक स्रोतों से बनाया जाता है, जैसे मक्का, गन्ना और अब चावल। चावल से बने बायोप्लास्टिक में मुख्य रूप से स्टार्च और सेल्यूलोज का इस्तेमाल होता है। चावल के स्टार्च को कुछ प्राकृतिक पदार्थों, जैसे ग्लिसरॉल, के साथ मिलाकर एक लचीला और टिकाऊ प्लास्टिक तैयार किया जाता है। इसके अलावा, चावल की भूसी से सेल्यूलोज निकाला जाता है, जिसे आगे की प्रक्रिया में तैयार करके मजबूत बायोप्लास्टिक बनाया जा सकता है। वैज्ञानिकों ने चावल के अवशेषों से पॉलीहाइड्रॉक्सीएल्केनोएट्स (पीएचए) नामक एक जैविक पॉलिमर बनाने की तकनीक विकसित की है, जो पूरी तरह से बायोडिग्रेडेबल है। यह पारंपरिक प्लास्टिक की तरह मजबूत होता है लेकिन कुछ महीनों में ही प्राकृतिक रूप से विघटित हो जाता है। चावल-आधारित बायोप्लास्टिक का उपयोग कई उद्योगों में किया जा सकता है।

# राजनीति में युवाओं की भागीदारी की आवश्यकता



**--डॉ सत्यवान सौरभ**

> "युवा राजनेताओं की क्षमता बढ़ाने और मतदाताओं को शिक्षित करने के कार्यक्रमों को नागरिक समाज संगठनों द्वारा सक्रिय रूप से आगे बढ़ाया जाना चाहिए। शासन में सफल होने वाले युवाओं की कहानियों को अधिक भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए मीडिया में दिखाया जाना चाहिए। युवाओं की भागीदारी को संस्थागत बनाने के लिए, राजनीतिक दलों और शासन संरचनाओं को युवा प्रतिनिधित्व के लिए न्यूनतम कोटा लागू करना चाहिए। सलाहकार परिषदों, युवा संसदों और मंत्रालय इंटर्नशिप जैसे नेतृत्व के अवसरों को बढ़ाया जाना चाहिए। आज लिए गए निर्णय आने वाले दशकों में भारत के मार्ग को प्रभावित करेंगे क्योंकि देश अपने इतिहास में एक महत्त्वपूर्ण मोड़ पर खड़ा है। स्वामी विवेकानंद की सलाह "उठो, जागो और आगे बढ़ो" आज भी लागू है"

**अगर राजनीतिक** दल युवाओं को राजनीति में शामिल करने के बारे में गंभीर हैं तो उन्हें कई तरह के कदम उठाने होंगे। पहला कदम सरकार द्वारा युवा मानदंड में बदलाव करना होगा। आज 34-35 वर्ष की आयु के लोगों को भी युवा माना जाता है। इस मानदंड को कम करने की आवश्यकता होगी। अपने संगठनात्मक ढांचे में, पार्टियों को युवाओं के लिए अधिक जगह बनाने की आवश्यकता होगी। आमतौर पर यह देखा गया है कि वयस्कता के करीब पहुंचने वाले नेता प्रमुख राजनीतिक दलों की युवा इकाइयों की बागडोर भी संभालते हैं। अपने छात्र संगठनों के लिए, राजनीतिक दलों को अधिकतम आयु प्रतिबंध भी स्थापित करने की आवश्यकता होगी। बेहतर होगा कि तीस वर्ष से अधिक आयु वालों को इससे बाहर रखा जाए।

राजनीति में युवाओं की भागीदारी न केवल एक लक्ष्य है, बल्कि यह समावेशी और प्रगतिशील लोकतंत्र के लिए एक आवश्यक शर्त भी है। हालाँकि, बहुत कम युवा लोग राजनीति में भाग लेना जारी रखते हैं और उनकी आवाज को अक्सर स्थापित सत्ता संरचनाओं द्वारा दबा दिया जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हाल ही में बिना राजनीतिक अनुभव वाले एक लाख युवाओं को राजनीति में प्रवेश करने के लिए आमंत्रित करने का प्रस्ताव विकेंद्रीकरण, समावेशिता और युवा सशक्तिकरण की दिशा में एक क्रांतिकारी मोड़ का प्रतिनिधित्व करता है। ज्ञान के भंडार वाले अनुभवी नेताओं ने पारंपरिक रूप से भारतीय राजनीति में एक प्रमुख स्थान रखा है। वे अक्सर पारंपरिक ढाँचों के भीतर काम करते हैं, जो समकालीन मुद्दों को संभालने के लिए तैयार नहीं हो सकते हैं, इस तथ्य के बावजूद कि उनका ज्ञान अमूल्य है। युवा नेता रचनात्मक समाधान, तकनीकी जानकारी और समकालीन शासन मॉडल का योगदान देकर गतिशील और डेटा-संचालित नीति निर्माण की सुविधा प्रदान करते हैं। एक स्थायी भविष्य की गारंटी के लिए, युवा नेता हरित कानूनों, नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं और जलवायु अनुकूलन रणनीतियों को बढ़ावा दे सकते हैं। युवा-संचालित शासन में उद्यमिता, कौशल विकास और उच्च-गुणवत्ता वाली शिक्षा को प्राथमिकता देकर बेरोजगारी और अल्परोजगार को सम्बोधित करने की



क्षमता है। युवाओं की भागीदारी के माध्यम से, भारत पारदर्शी और प्रभावी शासन प्राप्त करने के लिए ब्लॉकचेन, स्वचालन और कृत्रिम बुद्धिमत्ता का बेहतर उपयोग कर सकता है। नागरिक भागीदारी के लिए सोशल मीडिया और अन्य प्लेटफॉर्म का उपयोग करके, युवा लोग जवाबदेही में सुधार कर सकते हैं, लोकतांत्रिक मूल्यों को पुनर्जीवित कर सकते हैं और राजनीतिक भ्रष्टाचार को कम कर सकते हैं। युवा जो राजनीतिक रूप से जागरूक और सक्रिय हैं, वे गारंटी देते हैं कि लोकतंत्र जीवित रहेगा और लोगों की मांगों के प्रति उत्तरदायी रहेगा। भारतीय राजनीति में पारंपरिक रूप से वंशवादी परिवारों का वर्चस्व रहा है, जिससे योग्यता-आधारित और जमीनी स्तर के नेतृत्व के लिए बहुत कम जगह बची है। परिवार या पैसे के समर्थन के बिना, कई युवा उम्मीदवारों को राजनीतिक मंच प्राप्त करना मुश्किल लगता है। युवाओं में अक्सर राजनीतिक प्रशासन, नीति विश्लेषण और शासन में औपचारिक प्रशिक्षण की कमी होती है, भले ही उनमें उच्च स्तर का उत्साह हो। वर्तमान राजनीतिक दलों द्वारा दी जाने वाली सलाह की कमी युवा नेताओं को खुद की रक्षा करने के लिए मजबूर करती है। चूँकि कार्यालय चलाने के लिए महत्त्वपूर्ण वित्तीय निवेश की आवश्यकता होती है, इसलिए पहली पीढ़ी के राजनेताओं के लिए अधिक अनुभवी नेताओं के साथ प्रतिस्पर्धा करना चुनौतीपूर्ण होता है। राजनीति के अपराधीकरण के साथ-साथ पैसा और शारीरिक शक्ति अक्सर शिक्षित युवाओं को सार्वजनिक सेवा में करियर बनाने से रोकती है। प्रतीकात्मक प्रतिनिधित्व प्रदान करने के लिए, कई राजनीतिक दल युवा नेताओं को निर्णय लेने की शक्ति दिए बिना शामिल करते हैं। इस सतही समावेशन के परिणामस्वरूप युवा राजनेताओं को शासन संरचनाओं में अधिक प्रभाव या परिवर्तन नहीं दिया जाता है। युवा नेताओं द्वारा समान आर्थिक विकास, स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा का समर्थन करने वाली नीतियों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए। बेरोजगारी, जातिगत भेदभाव और लैंगिक समानता जैसे सामाजिक मुद्दों के लिए प्रगतिशील नीतियों और जमीनी स्तर पर भागीदारी की आवश्यकता होती है। संधारणीय कृषि, नवीकरणीय ऊर्जा पहल और पर्यावरण के अनुकूल शहरी नियोजन सभी को युवा नेतृत्व द्वारा आगे बढ़ाया जा सकता है। ग्रीन इंडिया और क्लीन इंडिया (स्वच्छ भारत) जैसी पहलों के लिए अधिक मजबूत युवा-संचालित कार्यान्वयन योजनाओं की आवश्यकता होती है। आने वाली पीढ़ी को उन्नत कौशल प्रदान करने के लिए डिजिटल इंडिया, स्टार्ट-अप इंडिया और स्किल इंडिया जैसे कार्यक्रमों का विस्तार करना आवश्यक है। दुनिया में भारत का नेतृत्व जैव प्रौद्योगिकी, रोबोटिक्स और कृत्रिम बुद्धिमत्ता में इसके निवेश पर बहुत अधिक निर्भर करेगा।

लोकतंत्र के पतन को रोकने के लिए, युवा सक्रियता और नागरिक जुड़ाव को खुले, जवाबदेह और लोगों पर केंद्रित शासन की गारंटी देनी चाहिए। सहभागी शासन मॉडल और सूचना के अधिकार (आरटीआई) कानून को मजबूत करके लोकतंत्र को गहरा किया जा सकता है।

राजनीतिक दलों द्वारा उम्मीदवारों का चयन उनकी दूरदर्शिता, योग्यता और नेतृत्व की क्षमता के आधार पर किया जाना चाहिए, जिसमें पक्षपात पर योग्यता को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। युवा नेताओं को उनके पारिवारिक सम्बंधों के बजाय उनके प्रदर्शन के आधार पर आगे बढ़ने में सक्षम बनाने के लिए पार्टियों के भीतर आंतरिक लोकतंत्र को मजबूत करना आवश्यक है। मेंटरशिप कार्यक्रम स्थापित करके शासन, नीति निर्माण और विधायी प्रक्रियाओं में युवा राजनेताओं को औपचारिक रूप से सलाह दें। युवाओं को प्रशासन और कानून की व्यावहारिक समझ देने के लिए, विश्वविद्यालय और अन्य संस्थान "राजनीतिक नेतृत्व और शासन" पाठ्यक्रम प्रदान कर सकते हैं। युवाओं को वित्तीय बाधाओं का सामना किए बिना कार्यालय चलाने में सक्षम बनाकर, चुनावों के लिए राज्य वित्त पोषण खेल के मैदान को समतल करने में मदद कर सकता है। भ्रष्टाचार से मुक्त और निष्पक्ष वातावरण स्थापित करने के लिए राजनीतिक अपराधीकरण के खिलाफ सख्त कानून लागू करना आवश्यक है।

युवा राजनेताओं की क्षमता बढ़ाने और मतदाताओं को शिक्षित करने के कार्यक्रमों को नागरिक समाज संगठनों द्वारा सक्रिय रूप से आगे बढ़ाया जाना चाहिए। शासन में सफल होने वाले युवाओं की कहानियों को अधिक भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए मीडिया में दिखाया जाना चाहिए। युवाओं की भागीदारी को संस्थागत बनाने के लिए, राजनीतिक दलों और शासन संरचनाओं को युवा प्रतिनिधित्व के लिए न्यूनतम कोटा लागू करना चाहिए। सलाहकार परिषदों, युवा संसदों और मंत्रालय इंटर्नशिप जैसे नेतृत्व के अवसरों को बढ़ाया जाना चाहिए। आज लिए गए निर्णय आने वाले दशकों में भारत के मार्ग को प्रभावित करेंगे क्योंकि देश अपने इतिहास में एक महत्त्वपूर्ण मोड़ पर खड़ा है। स्वामी विवेकानंद की सलाह "उठो, जागो और आगे बढ़ो" आज भी लागू है।

## कविता

सिर्फ हिंसा का
उन्माद,
डरा देता है अंदर तक,
दिल और दिमाग
कांप जाते हैं,
आने वाले कल की
भयानक तस्वीर,
विभीषिका मानव को
कम्पित कर रख देती है।
क्या हम भूल गए
नागासाकी की विभीषिका
को,
अभी भी जापान में
मानव जाति कराह रही है,
अणु और परमाणु बमों
की
त्रासदाई पीड़ा और संत्रास
से,
क्या हम भूल गए
हिरोशिमा के विनाश को
जहां मानवता रोती कराती
बिलबिला रही है,
निर्दयी बम और बारूद के
निर्दयी संताप से,
मानव की कई पीढ़ियां
उसके प्रभाव को झेल रही
है।
अब इजरायल पलेस्टाइन
युद्ध, यूक्रेन और रूस
संघर्ष
कमजोर यूक्रेन पर हमला,
कमजोर होना निर्मल होना
क्या जीवन जीने का
हक छीन लेती है?
लो रूस फिर
तानाशाही की ओर,
आंखों में सत्ता
विस्तार
की अंधी हवस,
मृत मानव के निर्जीव मांस
के चाहत की बेहया
पिपासा,
मानसिक हवस का
तांडव,
हम वापस बर्बर युग की
ओर,
अंधा और जंगल का
कानून,
बेलगाम ताकतवर
जंगल का राजा,
शर्म शर्म करो यनशाहों
आओ अपने अहंकार से
वापस मानवीय सीमाओं
में,
सत्ता, राजपाट और
वैभव,
ना तो तुगलक,
औरंगजेब,
हिटलर और मुसोलिनी
का कभी रहा है,
ना ही तुम्हारा रहेगा,
ना खेलो हिंसा से,
हजारों बच्चों ,अबला
स्त्रियों,
और वीरगति को प्राप्त
सैनिकों
की आह लेकर
क्या चेहरा लेकर जाओगे
ईश्वर के सामने।
जो सर्वशक्तिमान है।

**संजीव**

## बिहार -झारखंड में अंगिका भाषा पर संकट के बादल

**प्रसून लतांत**

**बिहार के भाग**लपुर, मुंगेर,खगड़िया, पूर्णिया, बेगूसराय और बांका सहित झारखंड की कई विधानसभाओं को जोड़ें तो करीब 60 से अधिक विधानसभा क्षेत्रों में एनसीआरटी की करतूत से अंगवासी उबल पड़े हैं। वे सड़कों पर उतरकर केंद्र सरकार से देश भर की भाषा सूची में अंगिका को शामिल करने और एनसीईआरटी से अपनी गलतियां सुधारने के साथ कई अन्य मांग भी करने लगे हैं। एनसीआरटी ने उन सभी जिलों को भी मैथिली भाषी क्षेत्र बताया है, जहां आज भी अंगिका बोलने वालों की संख्या अधिक है। इन क्षेत्रों को बिहार और झारखंड सरकारें भी अंग क्षेत्र मानकर अंगिका सम्बन्धी विशेष कार्यक्रम आयोजित करती रहती हैं। इन क्षेत्रों में अंगिका के विकास के लिए बिहार सरकार ने बिहार अंगिका अकादमी का गठन किया है। साथ ही तिलका मांझी भागलपुर विश्वविद्यालय में अंगिका भाषा में एम ए की पढ़ाई भी पिछले कई सालों से हो रही है। इस विश्वविद्यालय से अंगिका भाषा में दक्ष होकर निकले युवा रोजगार की तलाश में भटक रहे हैं। उधर झारखंड सरकार ने साहेबगंज, गोड्डा , देवघा ,पाकुड ,दुमका और जामताड़ा को अंगिका भाषी जिला अधिसूचित कर दिया है । मंजूषा कला अंग की विरासत के रूप में देश विदेश में अपनी कामयाबी का डंका पीट रही है अगर ये क्षेत्र मैथिली के होते तो आज वहां मंजूषा कला की जगह मधुबनी कला की भरमार होती। इसके अलावा बिहार राष्ट्र भाषा परिषद से प्रकाशित दर्जनों ग्रंथों को प्रकाशित कर अंगिका के दायरे को सुनिश्चित किया है। अंग प्रदेश की लोक गाथाओं सहित लोक गीत, लोक कथा, लोक नाटकों और लोकोक्तियों में अंगिका की जोरदार उपस्थिति देखी जा सकती है।

अंगवासी इन सब दावों के साथ यह सवाल भी उठा रहे हैं कि जब स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भागलपुर की एक जनसभा में अपने भाषण की शुरूआत बाकायदा अंगिका बोलकर की है। फिर कैसे एनसीईआरटी ने अंगिका क्षेत्र को मैथिली भाषी क्षेत्र घोषित कर दिया है? लोग हैरान हैं और उनको यह आशंका भी सताने लगी है कि कहीं उनकी अपनी मौलिक मातृभाषा सदा के लिए लुप्त न हो जाए। अंगिका भाषा में लिखने पढ़ने का दौर निरंतर चल रहा है। सैकड़ों लेखक, कवि और पत्रकार अंगिका को बचाने के लिए अपने वजूद को झोंक रहे हैं। इस कारण अंगिका के प्रति जागृति आम से आम लोगों में भी पहले से कई गुणा ज्यादा बढ़ गई है। बिहार और झारखंड सरकारों को चाहिए कि वे देश के केंद्रीय गृह मंत्रालय को अंगिका को कोड देने की मांग करें, नहीं तो आए दिन अंगिका पर नए नए संकटों के आने का सिलसिला थमेगा नहीं और ऐसे में कहीं अंगिका को बोलने वाले लोगों की संख्या करोड़ों में होते हुए भी उसे लुप्त प्रायः भाषा न घोषित कर दे। एनसीईआरटी को अंग क्षेत्र को मैथिली क्षेत्र बताने के पहले भारत सरकार को अपने ही जनगणना आयोग की सर्वे रिपोर्ट को ही देख लेना चाहिए था।

## विचार

## भारतीय समाज में प्रकाशपुंज की तरह दैदीप्यमान संत शिरोमणि रविदास

**बलदेव राज भारतीय**

**भारत को ऋ**षि-मुनियों और संतों की धरती कहा जाता है। यहां अनेक महान संतों और महापुरुषों ने जन्म लिया, जिन्होंने समाज को सत्य, प्रेम, भक्ति और समरसता का संदेश दिया। ऐसे ही महान संतों में से एक थे संत रविदास जी। उनकी शिक्षाएं न केवल धार्मिक बल्कि सामाजिक और नैतिक मूल्यों से भी परिपूर्ण थीं। संत रविदास ने अपने आध्यात्मिक ज्ञान और समाज सुधारक विचारों से भक्ति आंदोलन को एक नई दिशा दी। उनकी वाणी आज भी करोड़ों लोगों को प्रेरित करती है संत रविदास जी का जन्म 15वीं शताब्दी में उत्तर प्रदेश के काशी (वर्तमान में वाराणसी) के सीर गोवर्धनपुर गांव में हुआ था। उनका जन्म ऐसे समय में हुआ, जब समाज में जातिवाद, ऊंच-नीच और भेदभाव की जड़ें बहुत गहरी थीं। संत रविदास बचपन से ही अत्यंत तेजस्वी और दयालु स्वभाव के थे। वे अपने मित्रों के साथ खेलते समय भी भक्ति और मानव सेवा से जुड़े कार्यों में रुचि लेते थे। हालांकि समाज के कठोर नियमों के कारण उन्हें औपचारिक शिक्षा प्राप्त करने में कठिनाई हुई, लेकिन उन्होंने अपनी आत्मिक और आध्यात्मिक शिक्षा स्वयं अर्जित की।

कहा जाता है कि रविदास जी को स्वामी रामानंद जी से आध्यात्मिक प्रेरणा मिली। स्वामी रामानंद जी भक्ति आंदोलन के प्रमुख संतों में से एक थे, जिन्होंने भक्ति मार्ग को समाज के सभी वर्गों के लिए सुलभ बनाया। स्वामी रामानंद जी यदि आकाश मेखला थे तो उनके शिष्य वो प्रकाशपुंज थे जिनके प्रकाश से समाज और देश आज तक दैदीप्यमान हो रहे हैं। संत शिरोमणि रविदास जी ने भी उनके मार्गदर्शन में आध्यात्मिक साधना शुरू की और समाज में फैले भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाई। संत रविदास जी ने समाज में व्याप्त जातिवाद, छुआछूत और धार्मिक कट्टरता के खिलाफ अपनी वाणी के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। उन्होंने लोगों को यह सिखाया कि भगवान के दरबार में कोई ऊंच-नीच नहीं है और सभी को समान रूप से भक्ति का अधिकार है। उनकी शिक्षाओं ने समाज में बड़ी संख्या में लोगों को प्रभावित किया और एक समतावादी समाज की नींव रखी। संत रविदास जी की शिक्षाएं सरल, प्रभावशाली और समाज को जागरूक करने वाली थीं। उन्होंने हमेशा प्रेम, समानता, मानवता और भक्ति पर बल दिया। उन्होंने अपनी जीवन शैली को ही दूसरों के लिए आदर्श बना दिया।

कहते हैं कि एक बार एक सिद्ध संत उनकी कुटिया पर आए। रविदास जी ने उनका आतिथ्य सत्कार किया। उनके सेवा भाव से खुश होकर सिद्ध संत ने उन्हें एक पत्थर दिया और कहा कि यह पारस पत्थर है। यह लोहे को भी सोना बना देता है। आप इसे रखें और अपनी दरिद्रता दूर करें। रविदास जी ने वह पत्थर लेने से मना कर दिया। जब सिद्ध संत ने उन पर पत्थर लेने के लिए जोर डाला तो उन्होंने कहा कि इसे झोंपड़ी के फूंस में ठूंस दीजिए। लगभग एक वर्ष बाद वही संत जब दुबारा रविदास जी की कुटिया पर पहुंचे और उन्हें पूर्ववत स्थिति में देखा तो उनके आश्चर्य की सीमा न रही।

उन्होंने रविदास जी से पूछा कि मैने आपको पारस पत्थर दिया था, जिसका प्रयोग करके आप अपनी दरिद्रता दूर कर सकते थे। क्या वह पत्थर आपसे खो गया है?

रविदास जी ने उत्तर दिया, नहीं, वह तो आप जहां ठूंस कर गए थे। वहीं रखा होगा। फिर आपने उसे प्रयोग क्यों नहीं किया? यदि मैं उसे प्रयोग कर अमीर बन जाता तो मुझे अपने धन को बचाने की चिंता लग जाती। चिंता में प्रभु का सिमरन भी नहीं हो पाता। और प्रभु के सिमरन के बिना मेरा जीवन व्यर्थ हो जाता। रविदास जी का उत्तर सुनकर सिद्ध संत बहुत प्रसन्न हुए और उनकी अद्भुत भक्ति की प्रशंसा करते हुए वहां से चले गए। संत रविदास जी जाति पाति में विश्वास नहीं करते थे। वे कर्म को महान मानते थे। वे कहते थे कि मनुष्य की पहचान उसकी जाति से नहीं, बल्कि उसके कर्मों से होती है। संत रविदास जी ने भक्ति मार्ग में सत्संग और भगवान के नाम स्मरण को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया।

**एक्शन इंडिया दैनिक**

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## चिंतन

## कांग्रेस के बाद क्षेत्रीय दलों में भी पतन का दौर

**अजय कुमार**

**देश की** राजनीति में भारतीय जनता पार्टी का उभार और कांग्रेस सहित कई क्षेत्रीय दलों का पतन काफी कुछ कहता है। भले ही हार से बौखलाए मोदी और बीजेपी विरोधी नेता चुनाव में धांधली का आरोप लगा रहे हों ? सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग की बात करते हों ? लेकिन ऐसा नहीं है कि विरोधियों को अपनी राजनैतिक कमजोरी और सियासी अपरिपक्वता का अहसास नहीं है,लेकिन बार-बार पराजित हो रहे यह नेता सच्चाई स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं।जबकि सच्चाई यह है कि बीजेपी को छोड़कर देश की किसी भी राजनैतिक दल में लोकतांत्रिक व्यवस्था ही नहीं है। इसमें देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस सहित बहुजन समाज पार्टी,समाजवादी पार्टी,राष्ट्रीय जनता दल, बीजू जनता दल,उद्धव ठाकरे की शिवसेना,शरद पवार की एनसीपी, ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस जैसी पार्टियों की लम्बी चौड़ी लिस्ट हैं।

अब इसमें नया नाम कट्टर ईमानरदार आम आदमी पार्टी का भी जुड़ गया है। हालांकि आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली हार के लिये अभी तक ईवीएम मशीन या सरकारी मशीनरी पर किसी तरह की धांधली का आरोप नहीं लगाया है,जबकि उसी समय उत्तर प्रदेश में अयोध्या की चर्चित मिल्कीपुर विधान सभा सीट पर मिली जबर्दस्त हार के बाद समाजवादी पार्टी का प्रलाप लगातार जारी है। ऐसा ही प्रलाप कांग्रेस अध्यक्ष खरगे,नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, सहित उनकी पार्टी के तमाम नेता भी करते रहते हैं। हालात यह है कि हार से बौखला कर मोदी विरोधी नेता उन्हें(मोदी) और बीजेपी को ही नहीं चुनाव आयोग,सीबीआई, ईडी जैसी एजेंसियों के खिलाफ भी भड़ास निकालते रहते हैं। यह नेता मोदी को नीचा दिखाने के लिये देश की छवि भी खराब करने से नहीं चूकते हैं। इसमें विदेश से पढ़ाई करके आने वाले टेक्नोटेक सपा प्रमुख अखिलेश यादव और आईआरएस रह चुके अरविंद केजरीवाल जैसे पढ़े लिखे नेता शामिल हैं तो बिहार में लालू यादव के पुत्र तेजस्वी यादव भी आरोप-प्रत्यारोप वाली सियासत से ऊपर नहीं उठ पा रहे हैं।

## सर्दियों में खो गई चेहरे की चमक?

**शहनाज हुसैन**

**आजकल** तापमान में गिरावट के साथ ही हवा में ठंडक बढ़ रही है जिसकी वजह से त्वचा शुष्क, बेजान तथा निर्जीव सी दिखने लगती है। ठण्डक आपकी प्रतिरोधक क्षमता के साथ ही आपकी त्वचा तथा बालों पर भी असर करती है। ऐसे में या तो आप लोशन क्रीम, मॉइस्चराइजर बार-बार लगाते रहें और या आप प्रकृतिक तरीकों से अपने शरीर की आंतरिक प्रतिरोधक क्षमता को सुदृढ़ करें जिससे आप प्रकृतिक तौर पर सुन्दर दिखेंगी तथा मौसम का मिजाज आपकी त्वचा, बालों को प्रभावित नहीं कर सकेगा। सर्दियों के मौसम में प्रकृति हमें पालक, सरसों का साग, मेथी, बथूआ, हरे पत्तों का सलाद सहित ऐसी हरी पते दार सब्जियां प्रदान करती है जिसके सेवन से हमारी त्वचा मौसम की मार को आसानी से झेल सकती है। इन हरी सब्जियों में एंटी आक्सीडेंट विटामिन, मिनरल तथा अन्य पौष्टिक तत्व विद्यमान होते हैं जोकि शारीरिक स्वास्थ्य के साथ सुन्दरता को भी निखारते हैं।

1 ---**गाजर**: सर्दियों में बाजार में लाल रंग की गाजर सामान्यतः मार्केट में मिलती है जबकि बाकी सीजन में नारंगी रंग की गाजर देखने को मिलती है। गाजर विटामिन-सी से भरपूर होती है जिससे शरीर में कॉलाजन की उत्पत्ति होती है जो कि त्वचा को कोमल , मुलायम तथा लचीला बनाती है। गाजर में विद्यमान विटामिन ए से चेहरे पर झुर्रियां रोकने में मदद मिलती है। गाजर को फेस मास्क के रुप में प्रयोग किया जा सकता है। गाजर को पानी में उबाल कर ठण्डा होने दें तथा ठण्डा होने पर इसे मसल कर बनी लुगदी को चेहरे पर लगाकर थोड़ी देर बाद चेहरे को साफ ताजे पानी से धो डालिए। इससे चेहरे की प्रकृतिक आभा में निखार आएगा। इसके नियमित प्रयोग से कील-मुहांसों तथा काले धब्बों से निजात मिलेगी।

2 --**खीरा**----खीरे में सौंदर्य मिनरल सीलिका विद्यमान होता है जिसकी वजह से त्वचा की रंगत में निखार आता है तथा त्वचा कोमल व मुलायम हो जाती है। खीरा प्राकृतिक टोनर होता है। तैलीय त्वचा के लिए आप खीरे के रस को सीधे त्वचा पर लगाकर 15 मिनट बाद साफ पानी से धो डालें।

## न्यूज फ्लैश

### लल्हेड़ी में दूषित पानी की सप्लाई पर एसडीएम ने लिया संज्ञान



**गन्नौर। गांव लल्हेड़ी** में दूषित पेयजल आपूर्ति की समस्या को लेकर एसडीएम प्रवेश कादियान ने संज्ञान लिया है। ग्रामीणों द्वारा लगातार शिकायत किए जाने के बाद एसडीएम ने जनस्वास्थ्य विभाग के एसडीओ को जल्द से जल्द समस्या के समाधान के निर्देश दिए हैं। गांव के लोगों ने अनुसार पिछले कुछ महीनों से सप्लाई का पानी दूषित और बदबूदार आ रहा है, जिससे पीने और घरेलू कार्यों में परेशानी हो रही है। दूषित पानी के कारण गांव में बीमारियों का खतरा बढ़ गया है, जिससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। मामला एसडीएम प्रवेश कादियान के संज्ञान में आया तो उन्होंने जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को तुरंत कार्रवाई करने और जल आपूर्ति की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एसडीएम प्रवेश कादियान ने बताया कि विभाग को जल्द से जल्द पानी की पाइपलाइनों की जांच कर गड़बड़ी को दूर करने के निर्देश दिए हैं, ताकि ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल मिल सके।

### गन्नौर के छात्रों ने राज्य स्तरीय रोड सेफ्टी क्विज में हासिल किया द्वितीय स्थान



**गन्नौर। हरियाणा** पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर के नेतृत्व में मंगलवार को पंचकूला स्थित डायल 112 भवन में राज्य स्तरीय रोड सेफ्टी क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में सोनीपत पुलिस द्वारा भेजे गए छात्रों में श्री राम कृष्ण सीनियर सेकेंडरी स्कूल, भिगान के तीन होनहार छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तरीय लेवल-1 में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विजेता छात्रों में कक्षा पांच के छात्र पारस, शिवांशी और कक्षा चौथी की छात्रा प्रकृति इक्का शामिल हैं। पुलिस महानिदेशक ने विजेता छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस उपलक्ष्य पर स्कूल के प्राचार्य नीरज त्यागी ने छात्रों, अभिभावकों और स्कूल स्टाफ को बधाई दी। उन्होंने बताया कि बताया कि प्रतियोगिता के आयोजन का मुख्य उद्देश्य छात्रों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना था, ताकि वे भविष्य में यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित हों।

### जिले में दो लड़कियां लापता

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले में दो अलग-अलग** मामलों में दो युवतियां संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गईं। एक मामला सेक्टर-9 पुलिस चौकी एरिया का है, जहां 20 वर्षीय युवती के परिजनों ने आरोप लगाया कि एक युवक उसे बहला-फुसलाकर ले गया है। वहीं दूसरा मामला सिटी थाना एरिया का है, जहां 16 साल की किशोरी के परिजनों ने किराए पर रहने वाले एक युवती पर उनकी बेटी को लेकर फरार होने का शक जताया है। पुलिस ने दोनों मामलों में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहला मामले में परिजनों ने सेक्टर-9 चौकी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी 20 वर्षीय बेटी सोमवार शाम करीब 4 बजे से लापता है। परिजनों ने आरोप लगाया कि नसीरपुर टिल्ला का रहने वाला एक युवक उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। परिवार ने पहले खुद उसे तलाशने की कोशिश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। जांच अधिकारी दीपक का कहना है कि युवती की लोकेशन ट्रेस करने और आरोपी की जानकारी जुटाने की कोशिश की जा रही है। सिटी थाना एरिया में 16 साल की किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। उसके पिता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह मोती नगर में किराए पर रहते हैं। उनके मकान मालिक ने 19 जनवरी को एक युवती को भी किराए पर रखा था, लेकिन 9 फरवरी की शाम करीब 6 बजे युवती उनकी बेटी को लेकर कहीं चली गई। जब बेटी का फोन मिलाने की कोशिश की गई, तो वह भी बंद मिला। परिजनों ने उसकी काफी तलाश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली।

# आईना के माध्यम से चंदन स्कूल के बच्चों ने दिखाई समय के बदलाव की यात्रा

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**

**चंदन बाल विकास पब्लिक** स्कूल दुर्गा कॉलोनी समालखा में मंगलवार को विद्यालय का वार्षिक महोत्सव मनाया गया। जीवन किस रफ्तार से भाग रहा है साथ ही उसमें कितने बदलाव आ रहे हैं इन्हीं सारी चीजों को दिखाने के लिए विद्यार्थियों ने "आईना" विषय के माध्यम से कार्यक्रम में समय के बदलाव की यात्रा को दिखाने का प्रयास किया। रामलीला ग्राउंड में आज विद्यालय के वार्षिक महोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि नरेंद्र कादियान (डीएसपी समालखा), विशिष्ट अतिथि नगर पालिका समालखा के अध्यक्ष अशोक कुमार तथा आईएफएस हिमांशु कादियान के साथ सम्मानित अतिथियों में पार्षद अनिल रमन, पार्षद रेनू धीमान,



सीए आयुश्री खन्ना तथा पार्षद कप्तान सिंह छोक्कर सभी अभिभावकों को सहित उपस्थित रहे। सर्वप्रथम मां सरस्वती तथा गणेश की आराधना के लिए अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया इसके बाद आठवीं कक्षा की छात्राओं ने सरस्वती वंदना के माध्यम से एक सुंदर गीत की प्रस्तुति दी। गणेश वंदना के साथ कक्षा पांचवी से आठवीं की छात्राओं ने ग्रैंड ओपनिंग वेलकम डांस के साथ अतिथियों तथा अभिभावकों का स्वागत किया। जैसा कि कार्यक्रम का विषय था आईना जिसमें तीनों कालों प्राचीन, मध्यम तथा आधुनिक का समावेश किया गया था के अनुसार कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। प्राचीन काल में कार्यक्रम की प्रस्तुति के लिए कक्षा एलकेजी के बच्चों ने प्राचीन युग और जंगल जंगल बात चली गाने पर अपने नृत्य की प्रस्तुति दी साथ ही कक्षा तीसरी के छात्रों ने मोहनजोदड़ो तथा तू है गाने पर नृत्य प्रस्तुत किया, कक्षा सातवीं के बच्चों द्वारा प्राचीन मध्यम तथा आधुनिक युग में शिक्षा और प्रकृति के बदलाव को दिखाते हुए नाटक की प्रस्तुति दी गई जिसमें समय के अनुसार शिक्षा और प्रकृति में बदलाव दिखाया गया। इसके बाद मध्य काल के लिए कक्षा पांचवी के बच्चों ने मां भवानी तथा जय मराठा पर सुंदर कार्यक्रम की प्रस्तुति दी इसके साथ कक्षा चौथी के बच्चों ने बाहुबली तथा कक्षा सातवीं की छात्राओं ने झांसी की रानी नृत्य नाटिका की सुंदर प्रस्तुति देकर कार्यक्रम में समा बांध दिया। मध्यम युग तक योग का बोलबाला रहा उसी को दिखाने के लिए विद्यालय के विद्यार्थियों ने योग की शिक्षा कार्यक्रम के प्रस्तुति दी।

## आप सिंबल पर लड़ेगी नगर निगम चुनाव : डा. सुशील गुप्ता



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। आम आदमी** पार्टी हरियाणा में नगर निगम चुनाव सिंबल पर लड़ेगी। उन्होंने कहा कि जो भी साथी वार्ड पार्षद या मेयर पद के लिए चुनाव लड ?ा चाहते हैं, वे जल्द से जल्द अपना आवेदन लोकल पार्टी कार्यालय में जमा करवा दें। यह बात पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने करनाल में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक के दौरान कही। करनाल पहुंचे गुप्ता ने पार्टी पदाधिकारियों से चुनावी रणनीति पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि करनाल नगर निगम चुनाव के लिए एक लोकल कमेटी बनाई जा रही है, जो उम्मीदवारों के चयन और चुनाव प्रचार की जिम्मेदारी संभालेगी। इस कमेटी की घोषणा जल्द कर दी जाएगी, ताकि पार्टी की तैयारियों को मजबूत किया जा सके। सुशील गुप्ता ने कहा कि हरियाणा में जहां भी चुनाव होंगे, आम आदमी पार्टी पूरे दमखम के साथ अपने सिंबल पर चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर सरकार की नीतियों और आम आदमी पार्टी के विजन को पहुंचाने का काम करें।

## नशे के बढ़ते प्रभाव को रोकने के लिए हुआ सेमिनार का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। उपायुक्त एवं** जिला रेड क्रॉस सोसाइटी के प्रधान उत्तम सिंह के कुशल मार्गदर्शन में जिला रेडक्रॉस, डीएलएसए और नारकोटिक्स विभाग के संयुक्त तत्वाधान में नशे के बढ़ते प्रभाव को रोकने के लिए एक सेमिनार आयोजित किया गया। रेडक्रॉस सचिव कुलबीर मलिक ने बताया कि मंगलवार को प्लेस ऑफ सेफ्टी में रह रहे बच्चों को नशे के दुष्प्रभावों बारे में जागरूक किया गया। रेडक्रॉस द्वारा संचालित टारगेटेड इंटरवेंशन प्रोजेक्ट के माध्यम से भी डायरेक्ट इंजेक्टर को जागरूक किया जा रहा है।

# कांग्रेस की मानसिक स्थिति कोई नहीं समझ सकता

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। सोनीपत में गोहाना** से भाजपा विधायक अरविंद शर्मा मंगलवार दोपहर करनाल पहुंचे। यहां उन्होंने संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज जयंती कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने गुरु रविदास जी के चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित की और उनका आशीर्वाद लिया। जयंती कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे थे। अरविंद शर्मा ने इस मौके पर समाज को एकता और सद्भाव बनाए रखने का संदेश दिया। मीडिया से बातचीत के दौरान अरविंद शर्मा ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कांग्रेस द्वारा बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग पर कहा कि कांग्रेस की मानसिक स्थिति को कोई नहीं समझ



सकता, यहां तक कि वे खुद भी नहीं। उन्होंने कहा कि दिल्ली विधानसभा उपचुनाव में ईवीएम से मतदान हुआ और अरविंद केजरीवाल ने अपनी हार स्वीकारते हुए भाजपा को बधाई दी। इससे साफ है कि चुनाव निष्पक्ष तरीके से हुए। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस को हार स्वीकार करने में दिक्कत होती है, इसलिए वह ईवीएम को मुद्दा बना रही है। अरविंद शर्मा ने कहा कि चुनाव आयोग स्वतंत्र संस्था है और वही तय करता है कि चुनाव ईवीएम से होंगे या बैलेट पेपर से। इसमें सरकार की कोई भूमिका नहीं होती। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ईवीएम पर सवाल उठाकर केवल अपनी हार का ठीकरा फोड़ रही है, जबकि सच्चाई यह है कि ईवीएम से चुनाव प्रक्रिया ज्यादा पारदर्शी होती है। अनिल विज को नोटिस मिलने के सवाल पर अरविंद शर्मा ने कहा कि यह पार्टी का अंदरूनी मामला है। हाईकमान अपने तरीके से निर्णय लेता है और वही तय करेगा कि आगे क्या कदम उठाने हैं। वे इस मुद्दे पर ज्यादा टिप्पणी करने से बचे। दिल्ली चुनाव के दौरान गोहाना की जलेबी को लेकर भी अरविंद शर्मा ने दिलचस्प बयान दिया। उन्होंने कहा कि वे 12 विधानसभा क्षेत्रों में प्रचार के लिए गए थे, जहां भी किसी उम्मीदवार ने गोहाना की जलेबी खाई, उसकी नैया पार हो गई। उनके इस बयान को लेकर राजनीतिक हलकों में चर्चाएं शुरू हो गई हैं।

## ट्रक में सो रहे व्यक्ति की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। कस्बा घरौंडा** के पनौड़ी रोड पर खड़े एक ट्रक में क्लीनर का शव मिला है। उसकी पहचान 55 वर्षीय अजीत सिंह के रूप में हुई, जो ग्वालियर का रहने वाला था। वह ट्रक में क्लीनर का काम करता था। भतीजे के साथ चावल लेकर वीर राइस मिल में आया था और ट्रक में ही सोया हुआ था। सुबह जब साथी ने उठाने की कोशिश की तो वह मृत हालत में मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम की कार्रवाई शुरू कर दी है। अजीत सिंह के भतीजे केवल सिंह ने बताया कि वे 9 फरवरी को भोपाल से चावल लेकर वीर राइस मिल पहुंचे थे। चावल अनलोड नहीं हुआ था, इसलिए वे ट्रक में ही सो गए थे। 10 फरवरी की रात को खाना खाने के बाद दोनों सोए, लेकिन सुबह चाचा अजीत सिंह नहीं उठे। उन्हें जगाने की कोशिश की गई, पर कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। परिजनों का कहना है कि अजीत सिंह काफी समय से बीमार थे और हो सकता उसी वजह से उनकी मौत हुई है। उनके शरीर पर किसी भी प्रकार के चोट के निशान नहीं मिले हैं। परिवार ने किसी भी तरह की साजिश या शक से इनकार किया है। घरौंडा थाना के एसआई विपिन ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई।

# दिनदहाड़े कोरियर सर्विस के ऑफिस में घुसे बदमाशों ने चलाई गोलियां

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। शहर के चार** चमन इलाके में बदमाशों ने मंगलवार को दिनदहाड़े फायरिंग की। गोलियों की आवाज से मौके पर हड़कंप मच गया। बदमाश श्री राम कोरियर सर्विस के ऑफिस में घुसे और वहां एक युवक को बुरी तरह से पीटा। युवक के सिर पर किसी हथियार से वार किया गया, जिससे वह लहूलुहान हो गया। जानकारी के अनुसार कोरियर सर्विस के दफ्तर में बदमाश वहां काम करने



वाले युवक रोहित के पास गए और उसके सिर पर किसी हथियार से वार किया। हमलावरों की करीब एक सप्ताह पहले रोहित के साथ कॉलेज में कहासुनी हुई थी। इसका बदला लेने आए बदमाशों ने पूरे इलाके में दहशत फैलाई। फायरिंग की सूचना के बाद थाना प्रभारी जयभगवान सहित पुलिस की कई टीमें मौके पर पहुंचीं। पुलिस फिलहाल आसपास के सीसीटीवी खंगाल रही है। कोरियर सर्विस में काम करने वाली जसप्रीत ने बताया कि वह रोज की तरह अपने काम में लगी थी, तभी करीब दो बजे तीन युवक ऑफिस में आए और रोहित के साथ झगड़ा करने लगे। देखते ही देखते मारपीट शुरू हो गई और बाहर निकलते ही बदमाशों ने हवाई फायर कर दिए। सड़क पर गोलियों के खोल भी पड़े मिले। तीनों आरोपी बाइक पर आए थे और वारदात के बाद फरार हो गए। गनीमत रही कि गोली किसी को नहीं लगी। कोरियर सर्विस के मालिक अनुज ने बताया कि वह ढाकला गांव का रहने वाला है। कॉलेज में एक हफ्ते पहले किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था। उसी की रंजिश चली हुई थी। तीन बदमाश आज दुकान पर आए और उन्होंने रोहित पर हमला कर दिया। उस वक्त दो लड़कियां भी ऑफिस में काम कर रही थी। आरोपी कर्ण विहार के रहने वाले है, जिनके बारे में पुलिस को जानकारी दे दी गई है।

# समस्याओं के समाधान ने बदले नागरिकों के हालात

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**

**हरियाणा के मुख्यमंत्री** नायब सिंह प्रदेश के लोगों के प्रति हमेशा सकारात्मक भावना से कार्य करके सबका साथ सबका विकास के नारे को पूरी तरह से लागू कर रहे है। पूरे प्रदेश में मुख्यमंत्री ने लोगों की समस्याओं का मूल रूप से निदान करने का जो तरीका निकाला है उससे लोगों को निश्चित समय अवधि में लाभ मिल रहा है। उपायुक्त डॉ.विरेन्द्र कुमार दहिया ने मंगलवार को जिला सचिवालय के सभागार में अधिकारियों की उपस्थिति में समाधान शिविर में जन समस्याओं की सुनवाई करते हुए कहा कि समाधान शिविर का मतलब समस्याओं का समाधान है। इसमें देरी के लिए वे अधिकारी जिम्मेदार होंगे जो शिविर में रूचि नहीं लेते या शिविर में नहीं पहुंचते। उपायुक्त ने सख्त हिदायत देते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि कई दिनों से देखने में यह आ रहा है कि फैमली आईडी में इनकम कम करवाने के मामले घटने की बजाय बढ़ रहे है। इस पर गहनता से संज्ञान लेने की आवश्यकता महसूस होने लगी है। उपायुक्त ने क्रीड विभाग के मैनेजर डॉ.सोमपाल को निर्देश दिए कि वे शिविर में एक विशेषज्ञ का सहयोग ले ताकि फैमली आईडी में आय को लेकर सभी प्रकार की शंकाएं दूर हो जाएं व दूध का दूध पानी का पानी हो जाएं। उपायुक्त ने कहा कि समाधान शिविर में समस्याओं को लेकर पहुंच रहे शिकायतकर्ताओं की स्थिति को बदलने में समय जरूर लगेगा लेकिन जिन परिस्थितियों में वे अपनी समस्याओं को लेकर शिविर में पहुंचे है उसके बाद उनके हालातों में बदलाव जरूर आना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिविर में अधिकारियों को अपने मोरल को भी बचाना है व अच्छा प्रदर्शन करके प्रशासन की साख को जनता की नजर में और ऊंचा उठाना है। उपायुक्त ने कहा कि समाधान शिविर का एक नियम बने। जो समस्याएं शिकायतकर्ता द्वारा समाधान शिविर में रखी जा रही है उनका समाधान जल्दी होना चाहिए। यदि लेटलतीफी होती है तो संबंधित विभाग के अधिकारियों की जवाबदेही होगी। उन्होंने अधिकारियों से समस्याओं के समाधान को लेकर फीडबैक भी लिया। समाधान शिविर जिला परिषद की पूर्व सदस्य कुमारी रंजिता कौशिक ने 3 गांव बलाना, मांडी व पुठर के वृद्धों की बुढ़ापा पैंशन बनवाने व आय कम करवाने से संबंधित आवेदन उपायुक्त को दिए। इसी कड़ी में उन्होंने गांव मांडी के पोडियों वाले तालाब का सौंदर्यकरण करवाने का भी उपायुक्त से निवदेन किया। उपायुक्त ने डीडीपीओ राजेश शर्मा को तालाब के जांच के आदेश दिए व वृद्ध लोगों की पैंशन बनाने के जिला समाज कल्याण अधिकारी जयपान हुड्डा को निर्देश दिए।

# ट्रैक्टर-ट्राली पलटी, 20 टन चावल सड़क पर बिखरा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले के नेशनल** हाईवे-44 पर मंगलवार को एक बड़ा हादसा होने से टल गया। चावल से भरी ट्रैक्टर-ट्राली अचानक हाईवे के बीचों-बीच पलट गई, जिससे सड़क पर चावल के कट्टों का ढेर लग गया और लंबा जाम लग गया। ट्रैक्टर चालक के अनुसार एक बाइक सवार ने अचानक कट मारा, जिससे ट्रैक्टर-ट्राली का संतुलन बिगड़ गया और उसका अगला पहिया टूट गया। गनीमत रही कि हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक एक बाइक सवार तेज रफ्तार में ट्रैक्टर-ट्राली के सामने आ गया और



अचानक कट मार दिया। इस वजह से ट्रैक्टर का अगला पहिया टूट गया और पूरी ट्राली हाईवे पर पलट गई। ट्राली में 20 टन चावल भरा हुआ था, जो करनाल से तरावड़ी ले जाया जा रहा था। हादसे के बाद सड़क पर चावल के कट्टे ही कट्टे बिखर गए और हाईवे जाम हो गया। हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने हाईवे पर बिगड़ी व्यवस्था को संभालने का काम शुरू किया। ट्रक ड्राइवरों और अन्य वाहन ड्राइवरों को सर्विस रोड से निकाला गया, ताकि जाम से बचा जा सके। पुलिस की ईआरवी टीम ने क्रेन मंगवाकर ट्रैक्टर-ट्राली को हटवाया और करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद रास्ता बहाल किया। पुलिस ने बताया कि इस हादसे में किसी को चोट नहीं आई, लेकिन हाईवे पर काफी देर तक ट्रैफिक प्रभावित रहा। ट्रैक्टर मालिक ने बताया कि यह चावल करनाल से लोड हुआ था और तरावड़ी जा रहा था। हालांकि हादसे में किसी को चोट नहीं आई, लेकिन व्यापारी को नुकसान जरूर हुआ। सड़क पर कट्टे बिखरने से ट्रैफिक बाधित हो गया, जिसे हटाने में काफी वक्त लग गया। पुलिस ने वाहन ड्राइवरों से अपील की है कि सड़क पर संभलकर गाड़ी चलाएं और लापरवाही न करें, ताकि ऐसे हादसों से बचा जा सके।

# 21वे. श्री श्याम फाल्गुन उत्सव की तैयारियों का किया आगाज

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा (कुलदीप सिंह )**

**समालखा की** अनाजमंडी में मंगलवार को 21वे. श्रीश्याम फाल्गुन उत्सव की तैयारियों को लेकर श्री श्याम सेवा मंडल समालखा सदस्यों के द्वारा श्याम बाबा का कार्यक्रम स्थल पर ध्वज स्थापित कर पूजन किया गया। ध्वज स्थापना के साथ ही श्याम बाबा जागरण व कथा सहित अन्य सभी आयोजनों की तैयारी का आगाज भी हो गया है। संस्था प्रधान सतबीर गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि श्री श्याम बाबा सेवा मंडल समालखा द्वारा 21वां श्री श्याम फाल्गुन उत्सव शुक्रवार 14 फरवरी को सांय करीब सवा



छह बजे से प्रभु इच्छा तक अनाज मंडी में श्याम बाबा का भव्य दरबार सजाया जाएगा जिस मे जागरण का आयोजन किया जाएगा। जिसकी तैयारियों को लेकर बाबा का निशान ध्वज स्थापित किया गया है। वहीं मोहित ने बताया कि श्री श्याम फाल्गुन उत्सव कार्यक्रम के बाद शनिवार 15 फरवरी से 22 फरवरी तक दोपहर सवा तीन बजे से शाम सवा छह बजे तक संस्था द्वारा श्री राम कथा का भव्य आयोजन किया जाएगा। जिसमे विश्वविख्यात कथा वाचक आचार्य विजय कौशल अपनी मधुर वाणी से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करेंगे। वहीं वीर प्रकाश ने जानकारी देते हुए बताया कि इस बार संस्था की ओर से 16 वा. सामूहिक विवाहोत्सव मंगलवार 25 फरवरी को अनाज मंडी स्थित महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल में आयोजित किया जाएगा। प्रदीप बसल ने जानकारी देते हुए बताया कि आयोजन से पूर्व कलश यात्रा 14 फरवरी को सुबह 9 बजे ढोल नगाड़ों के साथ धूमधाम से पुरानी गुड मंडी से शुरू होकर आयोजन स्थल तक पहुंचेगी। इस मौके पर श्याम बाबा का आकर्षक दरबार आगरा व दिल्ली के कलाकार द्वारा सजाया जाएगा। इसके अलावा छप्पन भोग, इत्र वर्षा, पुष्प वर्षा आकर्षण का केंद्र रहेंगे। उन्होंने बताया कि जागरण की तैयारियां जोरों पर हैं। शहर में कई स्थानों पर स्वागत द्वार लगाए जा रहे हैं। श्याम जागरण के दिन कस्बे में जगह-जगह रोशनी की जाएगी। कार्यक्रम क्षेत्र को मुख्य सर्कलों को लाइटों से सजाया जाएगा। जिसको लेकर लोगों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। इन अवसर पर प्रदीप बंसल, नवीन बंसल, नंदकिशोर सिंघल, कृष्ण बंसल, विनय सिंघल, पंकज गोयल, मोहित गोयल, अखिल आदि सहित अन्य श्याम प्रेमी मौजूद रहे।

# सर्तक रहें भुगतान प्राप्ति के लिए क्यूआर कोड स्कैन या ओटीपी/पिन साझा न करें

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन)**

**सुरक्षित इंटरनेट दिवस के** अवसर में मंगलवार को जिला सचिवालय सभागार में एक सेमिनार का आयोजन कर जिले के सभी सीएससी सेंटर संचालकों , सीपीएलओ व अन्य कई विभागों के कर्मचारियों को साईबर सुरक्षित इंटरनेट,ऑनलाइन सुरक्षा के बारे में जागरूकता बढ़ाने को लेकर जागरूक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में ऑनलाइन हो रहीं चीजों के महत्व पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने व्यक्तिगत जानकारी ऑनलाइन साझा न करने व अपनी डिजिटल पहचान को सुरक्षित रखने का आह्वान किया। जिला सूचना अधिकारी संजय सिंह ने कहा कि इस सेमिनार का आयोजन ऑनलाइन सुरक्षा के बारे में जागरूकता बढ़ाना और व्यक्तियों, विशेषकर बच्चों व किशोरों को जिम्मेदारी से इंटरनेट का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करना है। उन्होंने कहा कि वास्तविक कुरियर सेवाएं बिना बुकिंग किए पार्सल के लिए कोई शुल्क नहीं लेती इसका ध्यान रखें। उच्च लाभ के प्रति प्रेरित करने वाले आनलाइन ऑफरों से बचें। कभी भी कॉल्स पर अपनी संवेदनशील जानकारी जैसे ओटीपी, आधार, पैन या बैंक विवरण साझा न करें। यह दिन दुनिया में ऑनलाइन सुरक्षा का बढ़ता महत्व दर्शाता है। इस आयोजन का उद्देश्य ऑनलाइन सुरक्षा के बारे में जागरूकता बढ़ाना और इंटरनेट के जिम्मेदार उपयोग को बढ़ावा देना है। उन्होंने बताया कि अपनी मोबाइल पर एप्स की नियमित जांच करें। अनावश्यक अनुमतियां रदद करें और अनुपयोगी एप को हटा दें। इंटरनेट के लिए सही उपयोग के लिए अपनी डिवाइस में सुरक्षित पासवर्ड के साथ-साथ पैरेंटल लॉक का उपयोग करें।

## न्यूज फ्लैश

### माघ पूर्णिमा का धार्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्व है: मिनाक्षी शर्मा



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र:** माघ पूर्णिमा का धार्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्व है। इस? दिन गंगा स्नान और दान करने का बहुत महत्व है। धर्म शास्त्रों के अनुसार माघ पूर्णिमा के दिन भगवान विष्णु स्वयं गंगा नदी में स्नान करते हैं। इसीलिए माघ पूर्णिमा के दिन जो भी गंगा स्नान करता है उसको सभी तरह के पुण्य की प्राप्ति होती है। पद्म पुराण के अनुसार, भगवान विष्णु जप ,तप, ?स्नान से बाकी महीनों में उतना प्रसन्न नहीं होते जितना कि वह माघ मास में स्नान करने से होते हैं। माघ पूर्णिमा में स्नान के अलावा दान का भी विशेष महत्व है। इस दिन कंबल, गुड़ और तिल का दान उत्तम माना जाता है।इस दिन श्री रविदास जयंती और श्री भैरव जयंती भी मनाई जाती है। इस दिन माघ पूर्णिमा विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। महाकुंभ पर्व के कारण इस दिन शाही स्नान भी है। इस दिन संक्रान्ति भी है। इस दिन सौभाग्य एवं शोभन जैसे उत्तम योग भी हैं। अत: इस दिन स्नान एवं दान की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। जो व्यक्ति गंगा स्नान न कर सकें वे घर में ही गंगा जल डालकर स्नान कर सकते हैं।

### नगर निकाय चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों को एक एक पैसे का रखना होगा हिसाब किताब:

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र** : उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि नगर परिषद व नगर पालिका के चुनाव में सभी प्रत्याशियों को अपने चुनावी खर्चों का पूरा हिसाब किताब रखना होगा। इन चुनावों में प्रत्याशियों को हरियाणा राज्य चुनाव आयोग द्वारा जारी नियमों की सख्ती से पालना करनी होगी। अगर किसी भी स्तर पर आदेशों की पालना नहीं होगी तो नियमानुसार कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी। उपायुक्त नेहा सिंह ने आज यहां बातचीत करते हुए कहा कि हरियाणा राज्य चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित शेड्यूल के अनुसार चुनावी प्रक्रिया चल रही है। इन चुनावों को लेकर आदर्श आचार संहिता लागू हो चुकी है। इस आचार संहिता की सख्ती के साथ पालना करनी होगी। इन आदेशों की पालना करवाने के लिए अधिकारियों की ड्यूटियां लगा दी गई है। सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को पूरी पारदर्शिता व निष्पक्षता के साथ अपनी ड्यूटी का निर्वहन करना होगा। अगर किसी अधिकारी व कर्मचारी ने भी आदर्श आचार संहिता की उल्लंघना की तो सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

**2 मार्च को मतदान के दिन रहेगी छुट्टी:** उपायुक्त नेहा सिंह ने आदेश जारी किए है कि हरियाणा राज्य चुनाव आयोग के दिशा निदेर्शानुसार 2 मार्च को मतदान के दिन छुट्टी रहेगी। इस दिन सारी फैक्ट्रियों, बाजारी संस्थान, उद्योग, ट्रेड, दुकानों इत्यादि में सभी कर्मचारियों की छुटटी रहेगी ताकि सभी लोग अपने वोट डाल सके।

**इस्माइलाबाद के 13 वार्डो में 10539 लोग करेंगे मतदान:** शुगर मिल के प्रबंधक निदेशक एवं इस्माइलाबाद के रिटर्निंग अधिकारी विरेंद्र चौधरी ने कहा कि इस्माइलाबाद में नगर पालिका के अध्यक्ष पद का उपचुनाव 2 मार्च को होगा। इस अध्यक्ष पद के लिए शहर के 10539 लोग अपने मत का प्रयोग करेंगे। इस शहर में कुल 13 वार्डों में 13 बूथ बनाए गए है।

# श्याम भजनों की झड़ी लगाई जिनमें तू किरपा कर बाबा...

## श्याम दरबार की आभा देखते ही बन रही थी, पुष्प श्रृंगार और इत्र की खुशबू से वातावरण महक उठा

**प्रशिक्षण**

**मुख्य पुजारी आचार्य शंभु प्रसाद और सचिव अटल शर्मा ने बताया कि इस संकीर्तन में समिति**



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र :** श्री खाटू श्याम परिवार सेवा समिति (रजि.),कुरुक्षेत्र द्वारा खाटू धाम मंदिर में भव्य श्री श्याम संकीर्तन एवं विशाल भंडारा आयोजित किया गया। जानकारी देते हुए श्री श्याम मंदिर (कुरुक्षेत्र धाम) के मुख्य पुजारी आचार्य शंभु प्रसाद और सचिव अटल शर्मा ने बताया कि इस संकीर्तन में समिति सदस्यों,यजमानों और सहयोगियों ने श्याम पूजन किया। संकीर्तन में श्रद्धालुओं ने पंक्तिबद्ध होकर भव्य श्याम दरबार के दर्शन किए। श्याम दरबार की आभा देखते ही बन रही थी। पुष्प श्रृंगार और इत्र की खुशबू से वातावरण महक उठा। गौरी-गणेश पूजन और माँ सरस्वती वन्दना से आरंभ हुए संकीर्तन में दो गायकों रोहतक से मोहन लाल और रादौर से अनिकेत कंबोज ने श्याम भजनों की झड़ी लगाई जिनमें तू किरपा कर बाबा, कीर्तन करवाऊंगा..., दरबार अनोखा, सरकार अनोखी खाटू वाले की हर बात अनोखी..., देर न करों न करों इंतजार श्याम जी के चरणों से कर ले तू प्यार..., शायद मेरे बाबा को ख्याल हमारा आया है इसलिए बाबा ने हमें कीर्तन में बुलाया है... और जिसकी चौखट पे झुकता ये संसार है उस चौखट के हम सेवादार हैं... इत्यादि भजन सराहे गए। देर रात्रि तक चले भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे। श्याम जी के जयकारों से सारा वातावरण गुंजायमान हुआ। समिति पदाधिकारियों ने श्याम भक्तों से निवेदन किया कि मंदिर विस्तार हेतु करवाए जा रहे निर्माण कार्य में सभी तन- मन- धन से सहयोग करें। संकीर्तन में श्याम भक्तों ने बारी-बारी से चंवर सेवा की। संकीर्तन के पश्चात आरती हुई और आरती के बाद श्याम जी का पुष्प श्रृंगार भक्तों को प्रदान किया गया,मान्यता है कि पुष्प श्रृंगार से सभी बाधाएँ दूर होती हैं। संकीर्तन के साथ-साथ विशाल भंडारा चलता रहा जिसमें श्याम भक्तों ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया। समिति पदाधिकारियों ने श्याम भक्तों से निवेदन किया कि श्याम मंदिर में लगातार मंदिर विस्तार,भंडारा,संकीर्तन आदि धार्मिक व जन सेवा कार्य होते रहते हैं। अतः इन पुण्य कार्यों में यथासंभव सहयोग प्रदान करें। श्याम जी के जयकारों से सारा वातावरण गुंजायमान हुआ। श्री श्याम आरती में प्रधान सुभाष सुखीजा,उप प्रधान एल डी कंबोज,सचिव अटल शर्मा,कोषाध्यक्ष रमेश शर्मा,राजेश मोदगिल,आशीष चोपड़ा, विनीत राजपाल, हेमंत भारद्वाज,राजू छाबड़ा,अशोक शर्मा,अशोक अरोड़ा,सुरेन्द्र काठपाल,ललित अत्री,डॉ.घनश्याम शर्मा,सतीश कारसा,लवकेश शर्मा,जतिन शर्मा,विजय गुलाटी,डा.प्रवीण शर्मा,अनिरुद्ध,साहिल शर्मा,नरेश सैनी बिशनगढ़,जतिन सैनी बिशनगढ़,शेर सिंह शेरा,कृष्ण कुमार, हिमांशु मल्होत्रा,अंशु,अनमोल,गौरव, शंटी,अंशुमान,सर्वेश रोहिला,शुभम,कपिल सोनी और राजीव बारना आदि शामिल रहे।

## दिल्लीवालों ने मानो घर में ही कुंभ नहा लिया: अनिल वर्मा

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक



**तंज कसा**

**आप की सरकार जाने से दिल्लीवासियों ने मानो घर में ही कुंभ स्नान का पुण्य प्राप्त कर लिया हो।**

**कुरुक्षेत्र:** प्रयागराज में चल रहे में बहुत से आस्थावान सनातनी दिल्लीवासी बेशक अलग - अलग कारणों से अभी तक स्नान न कर पाए हों लेकिन विधानसभा चुनावों में दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने और आम आदमी पार्टी की सरकार जाने से दिल्लीवासियों ने मानो घर में ही कुंभ स्नान का पुण्य प्राप्त कर लिया हो। यह कहना है भाजपा नेता अनिल वर्मा और कला व सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अनिल वर्मा का। अनिल वर्मा ने कहा कि दस वर्ष पहले झूठे वादों के सहारे दिल्ली में आप पार्टी की सरकार बनी और अरविंद केजरीवाल ने मुख्यमंत्री बनकर दिल्ली की भयंकर दुर्दशा कर दी थी।आम जन-मानस की तो बात ही क्या,केजरीवाल जिस यमुना को साफ करने का वादा करके सत्ता में आए थे,उस यमुना को भी उन्होंने अनदेखा किया जिसका परिणाम उनकी बुरी हार के रूप में सामने आया है।अनिल वर्मा ने कहा कि देश के दिल दिल्ली में सत्ताइश साल की लंबे अंतराल के पश्चात कमल का खिलना और झाड़ू का बिखरना देश की राजधानी दिल्ली के लिए नए युग का सूर्योदय साबित होगा। अनिल वर्मा ने कहा कि नगरपरिषद के चुनावों में बीजेपी के उम्मीदवार एक- तरफा जीत हासिल करेंगे और नगर के लोगों को ट्रिपल इंजन की सरकार मिलेगी जिससे विकास की गति तेज होगी।अनिल वर्मा ने कहा कि आज भारत देश प्रधानमंत्री मोदी और हरियाणा प्रदेश मुख्यमंत्री माननीय नायब सैनी के नेतृत्व में जबरदस्त विकास कर रहा है।

## जन सहयोग संस्था ने समाज सेवा के लिए कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय छात्र छात्राओं को किया जागरूक

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र :** जन सहयोग संस्था ने समाज सेवा के लिए कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय छात्र छात्राओं को किया जागरूक। संस्था के सदस्यों ने एनएसएस कैंप में जाकर सभी छात्र,छात्राओं और गुरुजनों को संस्था के जनहित कार्य बतलाकर समाज सेवा के लिए जागरूक किया।संस्था के साथ छात्र, छात्राओं और गुरुजनों ने भी समाजसेवा के अपने कई अनुभव सांझा किए। इस अवसर पर संस्थापक मास्टर जितेंद्र,मार्गदर्शक डॉक्टर मीत



मोहन,रक्त मंत्री मिथुन समाना, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से डॉक्टर वाश्व दत्ता व कॉलेज के अन्य छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

## नॉर्दर्न फार्मर्स मेगा एफपीओ ने उत्साहपूर्वक मनाया अपना 5वां स्थापना दिवस

**हर्षोल्लास**

**पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए किसानों, कृषि विशेषज्ञों और उद्यमियों ने भाग लिया**



टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बाला:** नॉर्दर्न फार्मर्स मेगा एफपीओ ने अपना 5वां स्थापना दिवस अंबाला शहर में हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए किसानों, कृषि विशेषज्ञों और उद्यमियों ने भाग लिया। इसके अलावा, नॉर्दर्न फार्मर्स की कैनेडा स्थित सहायक कंपनी के संस्थापक इस आयोजन में खास तौर पर मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान कंपनी के निदेशक पुनीत सिंह थिंद, नवीन कुमार आंतिल, अजय मालिक, अनुराज सिंह, गवनीत सिंह और कनाडा से मनिंदर गिल ने पिछले पांच वर्षों में किसानों के सशक्तिकरण और एफपीओ की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि किस प्रकार अलग अलग फसलों के हिसाब से बने एफपीओ किसानों को संगठित कर उनकी आय बढ़ाने में सहायक सिद्ध हो रहे हैं। साथ ही, उन्होंने कनाडा में स्थापित नई सहायक कंपनी और वहाँ से किसानों के लिए आयत किये जा रही उन्नत कृषि मशीनों और जैव समाधानों की जानकारी दी। इस मोके पर नार्दर्न फार्मर्स के इंडस्ट्री पार्टनर्स सम्मुनती के डायरेक्टर श्री प्रवेश शर्मा (पूर्व आईएएस), जीपीएस रीनयुबलस के सह-संथापक मेनक चुतवेर्दी, कैनेडा हाई कमीशन से स्कॉट मेटीस, फेम संस्था से शुभंगम खन्ना, एस्कॉर्ट कबोटा ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट से अशोक देसाई और यंग इनोवेटिव फार्मर्स क्लब से सरदार गुरबिंदर सिंह बाजवा ने अपनी नार्दन फार्मर्स टीम को शुभकामनाएं दी.

किसान संगठनों की और से विचार व्यक्त करते हुए प्रगतिशील किसान हरबीर सिंह, रणधीर सिंह, गुरविंदर सिंह सोही, दुष्यंत सिंह, गुरजिंदर सिंह और अन्य किसानों ने फपीओ और नॉर्दर्न फार्मेर द्वारा प्रदान की जा रही सुविधाओं पर विचार व्यक्त किए. किसानों का धन्यवाद करते हुए नार्दर्न फार्मर्स टीम ने मौजूदा वर्ष में फपीओ के साथ मिलकर 100 एग्री इनपुट स्टोर खोलने और उन्हें अन्य कृषि प्रोजेक्ट के साथ जोड़ने की घोषणा की

## महाशिवरात्रि के उपलक्ष में ब्रह्माकुमारीज द्वारा कार्यक्रम आयोजित

टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार




**मनाया गया**

**कम्युनिटी सेंटर में परमात्मा शिव के दिव्य अवतरण का कार्यक्रम बहुत ही धूमधाम से मनाया गया**

**अम्बाला:** ब्रह्माकुमारीज 214-215, जग्गी कॉलोनी, सेवाकेंद्र द्वारा आगामी महाशिवरात्रि महोत्सव के उपलक्ष्य में शहर के हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के कम्युनिटी सेंटर में परमात्मा शिव के दिव्य अवतरण का कार्यक्रम बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन के द्वारा की गई। मुख्य अतिथि वार्ड के एमसीमनीष आनंद ने सभी को शुभ कामनाएं दी व सभी उपस्थित महानुभवों को उनके आने वाले जीवन में खुशियों की कामना की। उन्होंने कहा की सोच को पॉजिटिव रखेंगे तो ही हमें सफलता मिलेगी। ब्रह्माकुमारीज का हर सेवाकेंद्र पॉजिटिव सोच का तीर्थस्थल है। सेवाकेंद्र की मुख्य संचालिका राजयोगिनी बीके दिव्या दीदी जी ने सभी को शिव जयंती की हार्दिक बधाइयां देते हुए कहा कि इस शिव जयंती के अवसर पर सभी संकल्प करे कि हमें अपने भीतर की किसी कमी को परमात्मा को अर्पित करना है। राजयोगिनी बीके नेहा दीदी ने "शांत मन खुशनुमा जीवन" विषय पर अपने विचार सबके सामने रखे! उन्होंने बताया कि हमारे सोच पर ही हमारी खुशी शांति व सुख निर्भर करता है। किसी भी व्यक्ति, वस्तु, परिस्थिति में सुख व खुशी हम अपनी सोच से ही भरते हैं। परंतु हमें सोच को स्थिति अनुसार नहीं चलाना, सदा सकारात्मक सोचेंगे तो ही जीवन खुशनुमा बन सकता है।

## सन्त शिरोमणी गुरु रविदास दास जी महाराज की जयन्ती के उपलक्ष मे शोभायात्रा निकाली

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक



**कुरुक्षेत्र :** सन्त शिरोमणी गुरु रविदास दास जी महाराज की 648वीं जयन्ती के उपलक्ष मे गुरू रविदास मन्दिर एव धर्मशाला की तरफ से शोभायात्रा निकाली गई।सेक्टर पांच वासियो द्वारा सन्त शिरोमणि गुरू रविदास जी की प्रतिमा पर फूल अर्पित करके यात्रा के आगमन की तैयारियो की शुरूआत की गई। शोभायात्रा का सेक्टर 5 मे पहुंचने पर सेक्टर वासियो की तरफ से भव्य स्वागत किया गया। सेक्टर वासियो व मातृ शक्ति ने शोभायात्रा का फूलो की बारिश करके स्वागत किया गया व सन्त शिरोमणी गुरू रविदास जी के चित्र पर पुष्प अर्पित किए गए।सेक्टर वेल्फेयर सोसाइटी द्वारा आपसी भाईचारे का सन्देश देकर शोभायात्रा का स्वागत किया गया। इस अवसर पर सोसाइटी कैशियर राम गोपाल, डॉक्टर बलबीर सिंह, दर्शन बांगड, हरियाणा अनुसूचित जाति राजकीय अध्यापक संघ के पूर्व राज्य कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश सरोहा, रमेश कुमार बिब्यान, महावीर दहिया,नर सिंह, राजा राम बिब्यान, राजबीर सिंह,मीरा चन्द हालू ,सीताराम, पूर्ण चन्द, जगमाल सिंह तंवर,सत्यपाल भोला, हरि सिंह नागले, जगदीश सोहल, धर्म पाल सरोहा,जय भगवान,ओमप्रकाश मेव,डाक्टर दर्शन जास्ट, जगत राम ,तारा चन्द, राजेंद्र कुमार, अमर सिंह, जगबीर सिंह, शीला देवी,कैलाश बांगड, ओम वती, शशी,सरोज दहिया,कान्ता, प्रोमिला , किरन बाला, सीमा रानी, बीरमति ,बलजिन्द्र ,इन्द्रवती,सुमन, फूलवती, मलकीत कौर ,रिदम, तविशा सौहेल,आदि भारी संख्या मे उपस्थित रहे।

## डीएवी सी.से. पब्लिक स्कूल में कविता वाचन

टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बाला:** ध्यान कक्ष की ओर से "सपरिचुअल एलोक्वेन्स" नाम से राष्ट्रीय स्तर पर वक्तृत्व-कला के लिए ओपन माइक स्वरचित कविता वाचन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें डी ए वी सीनियर सेकेंडरी अंबाला शहर स्कूल के पंद्रह बच्चों ने भाग लिया। जिनमें कुल आठ विद्यार्थियों को पुरस्कार मिले। जिसमें तीन विद्यार्थियों ने प्रथम, तीन विद्यार्थियों ने द्वितीया और दो ने तृत्या पुरस्कार प्राप्त किए।स्कूल के प्रिंसिपल महोदय आर आर सूरी जी को भी ध्यान कक्ष की ओर से प्रशस्ति पत्र दिया गया और उनका विशेष आभार प्रकट किया गया।

## श्री गुरुरविदास जयंती पर हर्षोल्लास से निकले नगर कीर्तन

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक



**अलख जगाए**

**कड़ी में हरियाणा प्रदेश के जिला कुरुक्षेत्र के सभी गांव-गांव व नगर में नगर कीर्तन निकल गए**

**कुरुक्षेत्र :** श्री गुरु रविदास जयंती के उपलक्ष में पूरे देश में खुशी से नगर कीर्तन निकल जाते हैं। इसी कड़ी में हरियाणा प्रदेश के जिला कुरुक्षेत्र के सभी गांव-गांव व नगर में नगर कीर्तन निकल गए। हल्का शाहाबाद के गांव भोकर माजरा में महात्मा ज्योतिबा फूले शिक्षा विकास ट्रस्ट के चेयरमैन मिहा सिंह रंगा को विशेष आमंत्रित किया। मिहा सिंह रंगा ने नगर कीर्तन में नत मस्तक होकर श्री गुरु महाराज जी का आशीर्वाद प्राप्त किया। गांव की समस्त कमेटी ने मिहा सिंह रंगा को गुरु महाराज जी का शिरोपा भेंट कर उनका स्वागत अभिनंदन किया। मिहा सिंह रंगा ने कहा कि भारत के अलावा विश्व के कुछ देशों में भी श्री गुरु रविदास जयंती को धूमधाम से मनाया जाता है। श्री गुरु रविदास जी ने मानवता की भलाई और एकता के लिए संदेश दिया। हम सबको श्री गुरु दास जी के दिखाए मार्ग पर चलकर मानवता के लिए अच्छे कार्य करने चाहिए और एक दूसरे की सहायता करनी चाहिए । मिहा सिंह रंगा ने कहा कि आज हम सभी संकल्प लें कि हम मिलकर शिक्षा की अलख जगाए ।जिस परिवार में बच्चों के माता-पिता नहीं उन बच्चों को अधिक से अधिक शिक्षित करें। यह बहुत पुण्य का कार्य है। इस अवसर पर गांव की समस्त श्री गुरु रविदास कमेटी सम्मानित बुजुर्ग, महिलाएं, प्यारे बच्चे और समस्त साधसंगत उपस्थित रही।

## ओल्ड स्टाफ रेशो को बहाल करवाया जाएगा: राजवंत कौर

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक



**चुनावी दौरे**

**राजवंत कौर ने यह बात मंगलवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों तथा कार्यालयों में चुनावी दौरे के दौरान कही**

**कुरुक्षेत्र :** कर्ण सिंह ग्रुप की प्रधान पद की उम्मीदवार राजवंत कौर ने कहा कि कर्मचारियों हित में ओल्ड स्टाफ रेशो को बहाल करवाना जरूरी है तथा इसके लिए प्रयास जारी है। उन्होंने कहा कि उनके संकल्प पत्र में पुरानी स्टाफ रेशो को बहाल करवाना पहली प्राथमिकता है। राजवंत कौर ने यह बात मंगलवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों तथा कार्यालयों में चुनावी दौरे के दौरान कही। उन्होंने कहा कि पिछले एक वर्ष के कार्यकाल में ग्रुप ने सभी कर्मचारियों के आशीर्वाद एवं सहयोग से सभी कर्मचारियों के हित में अहम कार्य किए हैं। उन्होंने कहा कि 2022 से लम्बित पदोन्नतियों को उनके ग्रुप के सहयोग से पिछले एक वर्ष में गैर-शिक्षक कर्मचारियों को उपकुलसचिव, सहायक कुलसचिव, सहायक तथा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को लैब सहायकों के विभिन्न पदों पर पदोन्नति का तोहफा भी मिला है। इसके साथ ही 2014 में नियमित हुए बजटिड कर्मचारी साथियों को दफ्तरी के पद पर प्रमोशन दिलाई गई तथा एसीपी का लाभ भी दिलाया गया। राजवंत कौर ने कहा कि कर्मचारियों का मान सम्मान बढ़ाने के लिए उनके जूनियर इंजीनियर को एसडीओ, सेनिटेशन के डिप्टी इंचार्ज तथा प्रैस कर्मचारी को प्रैस इंचार्ज का कार्यभार भी दिलाने का अहम कार्य किया।

महासचिव उम्मीदवार भारत भूषण ने कहा कि उनके ग्रुप के सहयोग से सहायक कुलसचिव की सीधी भर्ती के पदों पर बजट के अधीक्षक साथियों को सहायक कुलसचिव बनाया गया।

उन्होंने बताया कि एमडीयू पैर्टन को अंतिम रूप दे स्टाफ रेशो को लागू करवाकर, 2016 से लंबित अधीक्षक के पदों पर बजट के साथियों की प्रमोशन करवाई गई। वहीं उप-अधीक्षक के पदों पर बजट पर पदोन्नति दिलाई गई। ग्रुप के चेयरमैन जगदीश खनौदा ने कहा कि एसएफएस के 90 कर्मचारी जो 2011 से एलटीसी के लाभ से वंचित थे उन्हें कुंटिया इतिहास में पहली बार कर्ण सिंह ग्रुप द्वारा एलटीसी का लाभ दिलाने का कार्य किया गया। इस अवसर पर चन्द्रपाल, राकेश कुमार सैनी, कुलदीप बत्रा, राजेश शर्मा, विकास कांटीवाल, हरि सिंह, सरोज शर्मा, अरूण शर्मा, अनूप कुमार, विजय शर्मा, विरेन्द्र काजल, रणबीर टांक, विपिन बत्रा, प्रवेश मथाना, डॉ. सतीश राणा, विनोद कुमार, तथा गगन हांडा मौजूद रहे।

## एनएसएस शिविर के 5वें दिन स्वयंसेवकों ने सीखे प्राथमिक चिकित्सा एवं योग के गुर

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक



**कुरुक्षेत्र:** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में एनएसएस की यूटीडी इकाई तीन द्वारा आयोजित सात दिवसीय कार्यक्रम का 5वें दिन शिविर की शुरूआत में डॉ. अन्जू, जिला रेड क्रॉस सोसाइटी ने प्राथमिक चिकित्सा की जानकारी दी। इसके साथ ही उन्होंने यूथ रेडक्रॉस द्वारा जागरूकता अभियान, आपदाओं में राहत प्रदान करना, स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने व प्राथमिक चिकित्सा की जानकारी दी। इसके साथ ही उन्होंने ह्यडिजास्टर रेस्पॉन्स और एयरवेजह्ल तथा पीड़ित को सीपीआर देने के तरीके के बारे में बताया। इसके बाद योग सत्र में सभी स्वयंसेवकों ने भाग लिया। दोपहर बाद कार्यक्रम समन्वयक डॉ. निधि माथुर ने बताया कि भाषा, संचार और व्यवहार में बारे में जानकारी देते हुए बताया कि किस प्रकार हमें लोगों से बात करनी चाहिए। इसके पश्चात सांस्कृतिक गतिविधि का आयोजन किया गया जिसका संचालन स्वयं सेवक राज्य अवार्डी मीनाक्षी कांत ने किया। जिसमें मुख्यत दिव्या शर्मा ने हरियाणा, अर्जुन ने हिमाचल प्रदेश, सिमरन ने पंजाब का प्रतिनिधित्व किया।

# नशे के विरुद्ध दो स्थानों पर किया जागरूकता कार्यक्रम

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

**हरियाणा राज्य** नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह, भापुसे, के दिशानिर्देशों से आज हरियाणा में बकेट चैलेंज के माध्यम से युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए निरंतर प्रेरित किया जा रहा है। ब्यूरो के पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा, भापुसे और पुलिस अधीक्षक पंखुड़ी कुमार के नेतृत्व में यह कार्यक्रम सोशल मीडिया के माध्यम से जन जन तक पहुँच रहा है। युवा, खिलाड़ी, समाज के प्रतिष्ठित लोग और सामान्य जन इस आंदोलन में




सहभागिता कर अपने को गौरवान्वित अनुभव कर रहा है। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो द्वारा गाँव गाँव और शहर शहर में नशे के विरुद्ध एक बड़ा आंदोलन छेड़ा गया है। इस कड़ी में आज हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा सर्वप्रथम राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मडलौडा पहुंचे और प्राचार्या रंजना शर्मा की अध्यक्षता में संस्थान में 73 वां जागरूकता कार्यक्रम किया जिसमें 220 छात्र-छात्राओं, 12 अनुदेशकों और 10 कर्मचारियों ने भाग लिया। इसके पश्चात गुरु गोबिंद सिंह पब्लिक स्कूल पानीपत में नशे के विरुद्ध 74 वां जागरूकता कार्यक्रम किया। यह कार्यक्रम विद्यालय के निदेशक मनोज धमीजा, प्राचार्या ममता नंदा और शिक्षिका मन्नू देसवाल की उपस्थिति में हुआ जिसमें 498 विद्यार्थियों और 20 शिक्षकों ने भाग लिया। दोनों स्थानों पर ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने नशे के विरुद्ध जागरूक करते हुए कहा कि यदि नशा मनुष्य के लिए तनिक भी अच्छा होता तो सबसे पहले माँ अपने बच्चे को देती। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि नशा तस्करों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई इस बात का साक्ष्य है कि 2023 में 3823 अभियोग अंकित कर 5918 से अधिक अपराधियों को कारागार तक पहुँचाया गया है तो वर्ष 2024 में 3330 अभियोग अंकित कर 5201 नशा तस्करों को कारागार का मार्ग दिखाया है। इसके साथ कोई नया व्यक्ति इस नशे की दलदल में न फंसे इसके लिए भी अलग से व्यवस्था की गयी है।

# केयू संगीत एवं नृत्य विभाग की रोष्ट्रम प्रतियोगिता में रुद्रांश सोनी ने मारी बाजी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : कुरुक्षेत्र** विश्वविद्यालय के संगीत एवं नृत्य विभाग के सभागार में प्रातः 11 बजे रोस्ट्रम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रो. कृष्णा देवी, अधिष्ठाता, प्राच्य विद्या संकाय व विभागाध्यक्ष, संगीत एवं नृत्य विभाग सहित सभी अतिथियों ने कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप जलाकर किया गया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष प्रोफेसर कृष्णा देवी ने रोस्ट्रम (भाषण प्रतियोगिता) का परिचय देते हुए, इसके महत्व के विषय में विद्यार्थियों को अवगत कराया। संयोजक डॉ. पुरुषोत्तम कुमार ने विद्यार्थियों को प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया। छात्र जसवीर ने छात्र-संयोजक की



भूमिका निभाते हुए प्रतियोगिता का संचालन किया। डॉ. सुधा मेहला, डॉ. हरविंदर सिंह तथा शोध छात्रा रिम्मी वर्मा ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभायी। प्रतियोगिता में एमए चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र रुद्रांश सोनी ने प्रथम, एमपीए आठवें सेमेस्टर की सुप्रिया ने द्वितीय और एमए द्वितीय सेमेस्टर के छात्र सतीश जोशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया इस अवसर पर
प्रो. शुचिस्मिता, डॉ. हरविंदर सिंह, डॉ. सुशील कुमार, डॉ. दीपक शर्मा, डॉ. मुनीश कुमार, डॉ. ज्ञान सागर सिंह, डॉ. अरूप चटर्जी, डॉ. संजीव शर्मा, डॉ. अमरजीत सिंह, डॉ. सुधा मेहला, डॉ. सीमा जोहरी, डॉ. सोमपाल माहला, डॉ. पूजा चौधरी, शिखा धीमान, संजना रानी, प्रभजोत कौर, मनिंदर जांगड़ा, अरविंद भट्ट, सुरेंद्र कुमार, इलियास खान और अश्वनी पाल आदि के साथ विभाग के विद्यार्थी एवं शोधार्थी उपस्थित रहे।

## न्यूज फ्लैश

### आसानी के साथ बनवाया जा सकता है पिछड़ा वर्ग प्रमाण पत्र

**पानीपत, (कमाल हुसैन)**

**हरियाणा** सरकार ने पिछड़ा वर्ग प्रमाण पत्र बनवाने की प्रक्रिया को पहले से काफी आसान कर दिया है। अब कोई भी नागरिक सरल पोर्टल पर जाकर प्रमाण पत्र के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकता है। उपायुक्त डाक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया ने बताया कि प्रदेश सरकार लोगों दी जाने वाली जन सेवाओं को सरल कर रही है ताकि भ्रष्टाचार को जड़ से खत्म किया जा सके और सभी सरकारी कार्यों में पार्दर्शिता आए। इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए सरकार की ओर से परिवार पहचान पत्र आधारित पिछड़ा वर्ग प्रमाण पत्र की सुविधा को ऑनलाइन कर दिया है। अब परिवार पहचान पत्र में आय सत्यापन करवा चुका कोई भी नागरिक सरल पोर्टल पर जाकर पिछड़ा वर्ग प्रामण पत्र के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकता है।

### जन आवाज सोसाइटी के रक्तदान शिविर में

**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

**जन आवाज** सोसाइटी के रक्तदान शिविर में 80 युवाओं ने रक्तदान किया जिसमें विधायक प्रमोद विज के पुत्र एवं भाजपा नेता राहुल विज ने शशि कपूर के साथ जाकर रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाते हुए शहर वासियों से अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान कर खुद को स्वस्थ रखने के साथ रक्त के जरूरतमंद लोगों का जीवन बचाने की अपील की उन्होंने कहा कि मैं कॉविड-19 से जोगेंद्र स्वामी और उनकी टीम को योगदान करते हुए देख रहा हूं जहां लॉकडाउन में लोग अपने घरों में पैक थे वही यह टीम प्रत्येक सप्ताह रक्तदान कर लोगों का जीवन बचाने का कार्य कर रही थी उन्होंने पूरी टीम को इस कार्य के लिए बधाई दी । रेड क्रॉस सोसाइटी के जिला सचिव गौरव रामकरण ने कहा कि जन आवाज सोसाइटी ,ब्लड की कमी के समय हमारी बहुत बड़ी सहयोगी बनकर खड़ी होती है और जब भी आवश्यकता होती है एक थोड़े से समय पर पूरी टीम रक्त की कमी को पूरा करने का कार्य करती है। जन आवाज सोसाइटी के प्रधान जोगेंद्र स्वामी ने कहा कि लॉकडाउन से अब तक हमारी टीम हजारों युवाओं द्वारा रक्तदान करवा कर लोगों की रक्त की कमी को पूरा करने का कार्य करती रही है हमारा मिशन रक्त की कमी से किसी की जान ना जाए से चलता है लॉकडाउन में हम लोगों द्वारा प्रत्येक सप्ताह मंगलवार को रक्तदान शिविरों का आयोजन लगातार 1 साल तक करके एक चैलेंज को पूरा करने का कार्य किया । इस अवसर पर पंकज, अमित मलिक, गगी ,बंटी ,जोगिंदर ,जगविंदर ,अशोक , परमजीत ,महावीर ,गोवर्धन, सुरेंद्र, प्रमोद , अमित कपूर,जैसलमेर, अंशुल ,सोनू, सुमित ,धर्मवीर, राजीव, राजेश, मुकेश , शर्मा ,नितिन ,प्रवीण ,विनोद ,अमित , आशीष फौर, सतीश ,पंकज, भारत ,गागी , प्रशांत ,अंकित ,राहुल ,अब्दुल, विक्रम , पवन सांगवान ,सनी ,साहिल ,सलीम, सुरेश, प्रवीण ,धीरज ,प्रवीण ,नरेंद्र,भूषण रवि,कुमार ,अंजू ,संदीप ,राकेश हर्षित , कर्मवीर मिस्त्री ,गौरव, सत्यवान, प्रशांत , अक्षय माटा आदि ने रक्तदान किया । इस अवसर पर रंजीत भोला, डीपी ग्रोवर ,कवलजीत सिंह, मनोज कुमार विनोद कुमार, मुंसाद तोमर उपस्थित थे।

### चेक बाउंस के मामले में 7 साल से फरार पीओ घोषित अपराधी गिरफ्तार

**पानीपत, ( कमाल हुसैन ) थाना पुराना** औद्योगिक प्रभारी इंस्पेक्टर देवेंद्र ने बताया कि पुलिस अधीक्षक श्री लोकेंद्र सिंह आईपीएस के मार्गदर्शन में जिला पुलिस द्वारा पीओ, बेल जंपर व उद्घोषित आरोपियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया हुआ है। अभियान के तहत थाना पुराना औद्योगिक पुलिस टीम ने चेक बाउंस के मामले में माननीय न्यायालय से पीओ घोषित आरोपी संजीव निवासी अलीपुर जीन्द को सोमवार देर शाम मिली गुप्त सूचना पर दबिश देकर असंध नाका के पास से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।
पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी को मंगलवार को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से उसे न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया गया।
प्रभारी इंस्पेक्टर देवेंद्र सिंह ने बताया कि चेक बाउंस के एक मामले माननीय न्यायालय में निर्धारित तारिखों पर न पहुंचने पर आरोपी संजीव को मार्च 2018 में पानीपत माननीय न्यायालय द्वारा पीओ घोषित किया था।

# एड्स जागरूकता पर पोस्टर मैकिंग प्रतियोगिता आयोजित

**पानीपत, (!कमाल हुसैन )**

**आर्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय** मे मंगलवार को सिविल हस्पताल, पानीपत व यूथ रेड क्रॉस सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में एचआईवी एड्स के नियंत्रण एवं बचाव के विषय पर पोस्टर मैकिंग प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस मौके पर सिविल अस्पताल पानीपत से डॉ अंजू ने मुख्य वक्ता के तौर पर शिरकत की। कॉलेज प्रांगण मे पहुँचने पर प्राचार्य डॉ जगदीश गुप्ता व यूथ रेडक्रॉस सोसाइटी के काउन्सलर डॉ विजय सिंह ने मुख्य वक्ता का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ.



जगदीश गुप्ता ने कहा की महाविद्यालय प्रांगण में सिविल हस्पताल, पानीपत व यूथ रेड क्रॉस सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में एचआईवी एड्स के नियंत्रण एवं बचाव के विषय पर पोस्टर मैकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया की पोस्टर मैकिंग प्रतियोगिता में बीए तृतीय वर्ष की छात्रा दिव्या ने पहला, अमृता ने दूसरा व स्नेहा ने तीसरा स्थान हासिल कर कॉलेज का नाम रोशन करने का काम किया। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हर व्यक्ति को समय-समय पर अपने स्वास्थ्य की स्वेच्छा से जांच करवानी चाहिए और इसका बचाव एकमात्र जागरूकता ही है और बचाव इलाज से बेहतर होता है। वहीं, सिविल अस्पताल पानीपत से पहुंची डॉ अंजू ने कहा कि जिला स्तर पर आप इसकी जांच सरकारी अस्पताल मे पहुँच कर निशुल्क करवा सकते हैं। इसकी जानकारी विभाग की ओर से गोपनीय रखी जाती है। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा की एचआईवी एड्स एक्ट 2017 के तहत किसी भी एचआईवी ग्रसित व्यक्ति से भेदभाव नहीं कर सकते अन्यथा एक्ट के अनुसार कानूनी कार्यवाही अमल मे लाई जाती है।

# 154 किवंटल सरसों की खल की खुली बोली लगेगी

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन ) जिला जेल अधीक्षक** संजीव बुद्धवार ने जानकारी देते हुए बताया कि 14 फरवरी को 154 किवंटल सरसों की खल की खुली बोली एक बार के लिए होने जा रही है। जो भी बोलीदाता बोली देना चाहता है वह 14 फरवरी को प्रातः10 बजे जिला कारागार पानीपत पहुंचकर अपनी बोली दे सकता है। उन्होंने बताया कि जो व्यक्ति बोली देगा उसे 20 हजार रुपए सिक्योरिटी साथ जमा करवानी होगी। जिस बोलीदाता के रेट स्वीकृत होंगे उसको छोडक अन्य सभी की सिक्योरिटी वापिस कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि जिस बोलीदाता के रेट सबसे ज्यादा होंगे उसके रेट की स्वीकृति दी जाएगी। न्यूनतम रेट 2300 रुपए प्रति क्विंटल होगा। उन्होंने बताया कि सरसों की खल एक सप्ताह में उठाकर ले जानी होगी अगर बोलीदाता एक सप्ताह में सरसों की खल को उठाकर नहीं ले जाता है तो उसकी बोली रद्द्द कर दी जाएगी। उसकी सिक्योरिटी जब्त करके सरकारी खजाने में जमा करवा दी जाएगी। सरसों की खल ले जाने के लिए प्रशासन द्वारा न ही खाली बोरी, वाहन व कोई अन्य सुविधा उपलब्ध नही करवाई जाएगी। अगर बोलीदाता खाली बोरी नही लाता है तो उसे उससे बोरी के रुपए अलग से लिए जाएंगे। सरसों की खल को उठाने के बाद वजन करवाकर उसी समय जो राशि बनती है।

# बीएएम, बीएससीएम और बीकॉमएफ पाठ्यक्रमों में निशुल्क दाखिला:डॉ धर्म

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**

इग्नू क्षेत्रीय केंद्र करनाल के क्षेत्रीय निदेशक डॉ धर्म पाल ने जानकारी देते हुए बताया की एससी-एसटी विद्यार्थी जिन्होंने अभी 10+2 की परीक्षा पास की है वे सभी इग्नू के तीन ग्रेजुएशन पाठ्यक्रमों बीएएम, बीएससीएम और बीकॉमएफ कोर्स में निशुल्क दाखिला ले सकते हैं. निशुल्क दाखिले के लिए विद्यार्थी के माता पिता की वार्षिक आय ढाई लाख रुपये सालाना से अधिक नहीं होनी चाहिए. उन्हें सिर्फ 300 रुपये रजिस्ट्रेशन फीस और 200 रु डेवलपमेंट फीस देनी होगी. इग्नू में दाखिला इग्नू की ऑफिशियल वेबसाइट एचटीटीपीएसः//इग्नूएडमिशनडॉटस मर्थडॉटएडीयूडॉटइन/ पर जाकर करवा सकते हैं। यदि कोई विद्यार्थी नौकरी करते हुए या अपना काम करते हुए उच्च शिक्षा हासिल करना चाहता है तो इग्नू की दूरस्थ शिक्षा प्रणाली ऐसे विद्यार्थियों के लिए एक अवसर की तरह है इग्नू में जनवरी 2025 सेशन के लिए एडमिशन अभी चल रहे है इग्नू के विभिन्न सर्टिफिकेट, डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा ग्रेजुएशन और पोस्ट ग्रेजुएशन में 300 से अधिक पाठ्यक्रमों में एडमिशन ले सकते हैं. प्रवेश के लिए कोई भी अधिकतम आयु सीमा नहीं है।

# संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन ) आई. बी. पी. जी.** महाविद्यालय में एन.एस.एस. इकाई द्वारा स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया गया । महाविद्यालय के प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह मुहिम सरकार द्वारा लगभग सभी स्कूलों व कॉलेजों में चलाई जा रही है । इसकी शुरूआत भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा की गई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट के अनुसार बच्चों की आंतों में, पेट में कीड़े होने



का खतरा रहता है। इस गोली के सेवन से पेट की बीमारियों को दूर किया जा सकता है । निरोगी काया इंसान का पहला सुख होता है, इसके चलते प्रतिदिन योग व व्यायाम करना चाहिए फास्ट फूड की बजाय पौष्टिक भोजन का सेवन करना चाहिए । एन. एस. एस. के सभी स्वयंसेवकों ने अलग-अलग कक्षाओं में जाकर तथा स्टाल लगाकर सभी विद्यार्थियों को लगभग 600 एल्बेंडाजोल की गोलियां खिलाई ।

# गाड़ियों को सिलेक्ट कर करते थे टारगेट

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले के** कस्बा घरौंडा में एनएच-44 पर गन पॉइंट पर लूट की वारदात को अंजाम देने वाले पांच बदमाशों को घरौंडा थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने बसताड़ा टोल टैक्स के पास नाकाबंदी कर इन बदमाशों को धर दबोचा। इनके कब्जे से एक देसी पिस्तौल और एक गाड़ी बरामद हुई है। पूछताछ में आरोपियों ने 28 दिसंबर 2024 को घरौंडा क्षेत्र में गन पॉइंट पर सोने की चेन और नगदी लूटने की वारदात कबूल की है। पुलिस ने सभी आरोपियों को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

# स्वयंसेवकों ने मनाया नेशनल डीवॉर्मिंग डे

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**

**एसडी पीजी कॉलेज** पानीपत में नेशनल डीवोर्मींग डे के अवसर पर कॉलेज एनएसएस यूनिट्स और स्वास्थ्य विभाग सिविल हॉस्पिटल पानीपत के सहयोग से लगभग एक हजार छात्र एवं छात्राओं को डीवोर्मींग की एल्बेनडाजोल टेबलेट खिलाई गई । कॉलेज एनएसएस यूनिट के तत्वाधान में आयोजित अभियान में स्वयंसेवकों ने रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और झुग्गी-झोपड़ियों में जाकर वहां पर रह रहे बच्चों को भी यह टेबलेट वितरित की । कार्यक्रम का विधिवत आरम्भ कॉलेज प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा ने बच्चो विशेषकर छात्राओं को प्रेरित करने हेतू स्वयं एक टेबलेट खाकर



किया । इस अवसर पर एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर डॉ राकेश गर्ग, डॉ एसके वर्मा, प्रो मनोज कुमार आदि उपस्थित रहे जिन्होनें छात्र-छात्राओं को डीवोर्मींग के फायदों के बारे में विस्तार से बताया और उनके मन में व्याप्त शंकाओं का निवारण किया । केंद्र सरकार और राज्य सरकार द्वारा चलाये गए इस अभियान का मुख्य उद्देश्य देश के भावी नागरिकों को शारीरिक रूप से तंदुरुस्त करना और सेहतमंद बनाना है । डॉ अनुपम अरोड़ा ने कहा कि पेट में कीड़े हो जायें तो यह बहुत ही कष्टदायी होता है । यह समस्या सबसे अधिक बच्चों में होती है परन्तु इसका अर्थ यह नहीं है कि बड़ों की आंतों में कीड़े नहीं हो सकते हैं । पेट के कीड़े लगभग 20 प्रकार के होते हैं जो हमारी अंतड़ियों में घाव पैदा कर सकते हैं । इसके कारण रोगी को बेचैनी, पेट में गैस बनना, दिल की धड़कन असामान्य होना, बदहजमी, पेट में दर्द, बुखार जैसी कई प्रकार की समस्यायें हो जाती हैं । रोगी की न सिर्फ खाने में रुचि कम हो जाती है बल्कि उसे चक्कर भी आने शुरू हो सकते हैं । मुख्यतः गंदगी के कारण ही पेट में कीड़े पैदा होते हैं । अशुद्ध और खुला भोजन करने वालों को भी यह समस्या अधिक होती है । केवल डीवोर्मींग से ही इस समस्या पर काबू पाया जा सकता है । उन्होनें सभी से अनुरोध किया वे अपनी जीवन शैली को बदले और घर पर बने भोजन को ही खाए । इसी में हमारा स्वास्थ्य सुरक्षित है।

# ओल्ड स्टाफ रेशो को बहाल करवाया जाएगा: राजवंत कौर

**टीम एक्शन इंडिया**
**कुरुक्षेत्र। कर्ण सिंह ग्रुप** की प्रधान पद की उम्मीदवार राजवंत कौर ने कहा कि कर्मचारियों हित में ओल्ड स्टाफ रेशो को बहाल करवाना जरूरी है तथा इसके लिए प्रयास जारी है। उन्होंने कहा कि उनके संकल्प पत्र में पुरानी स्टाफ रेशो को बहाल करवाना पहली प्राथमिकता है। राजवंत कौर ने यह बात मंगलवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों तथा कार्यालयों में चुनावी दौरे के दौरान कही। उन्होंने कहा कि पिछले एक वर्ष के कार्यकाल में ग्रुप ने सभी कर्मचारियों के आशीर्वाद एवं सहयोग से सभी कर्मचारियों के हित में अहम कार्य किए हैं। उन्होंने कहा कि 2022 से लम्बित पदोन्नतियों को उनके ग्रुप के सहयोग से पिछले एक वर्ष में गैर-शिक्षक कर्मचारियों को उपकुलसचिव, सहायक कुलसचिव, सहायक तथा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को लैब सहायकों के विभिन्न पदों पर पदोन्नति का तोहफा भी मिला है। इसके साथ ही 2014 में नियमित हुए बजटिड कर्मचारी साथियों को दफ्तरी के पद पर प्रमोशन दिलाई गई तथा एसीपी का लाभ भी दिलाया गया। राजवंत कौर ने कहा कि कर्मचारियों का मान सम्मान बढ़ाने के लिए उनके जूनियर इंजीनियर को एसडीओ, सेनिटेशन के डिप्टी इंचार्ज तथा प्रैस कर्मचारी को प्रैस इंचार्ज का कार्यभार भी दिलाने का अहम कार्य किया।

# उच्चतर शिक्षा विभाग में सूर्य नमस्कार समारोह का किया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**

एसडी पीजी कॉलेज में उच्चतर शिक्षा विभाग एवं हरियाणा योग आयोग के निदेर्शानुसार सूर्य नमस्कार अभियान का ओजपूर्ण आयोजन कॉलेज के शारीरिक शिक्षा विभाग और एनएसएस के संयुक्त तत्वाधान में हुआ । विदित रहे कि यह अभियान 12 जनवरी से 12 फरवरी तक हरियाणा के सभी कालेजों और स्कूलों में आयोजित किया गया जिसमें प्रदेश के लाखों विद्यार्थियों ने भाग लिया । इसी कड़ी में आज के सूर्य नमस्कार की अगुआई खुद कॉलेज प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा ने की और सभी को सूर्य नमस्कार के फायदों एवं इसके महत्व के बारे



अवगत कराया और सूर्य नमस्कार कर के दिखाया । उनके साथ शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्षा डॉ सुशीला बेनीवाल, एनएसएस अधिकारी डॉ राकेश गर्ग, प्रो अन्नू आहूजा, डॉ एसके वर्मा, डॉ (लेफ्टिनेंट) बलजिंदर सिंह, कोच अंकुश मलिक, प्रो आनंद समेत अन्य स्टाफ सदस्य और लगभग 250 विद्यार्थी उपस्थित रहे । कॉलेज में सूर्य नमस्कार की विधिवत शुरूआत प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा ने संस्कृत श्लोकोच्चारण के साथ की जिससे सारा माहौल ओजपूर्ण एवं तेजस्वी हो गया । प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा ने कहा कि मन और शरीर की तंदुरुस्ती के लिए सबसे बड़ा टॉनिक सूर्य नमस्कार है । असल में सूर्य नमस्कार भी एक तरह का योग आसन ही है ।

इसमें शरीर के 10 अंग एक के बाद एक काम में आते हैं और 12 चरणों में 8 तरह के आसन मिलकर एक सूर्य नमस्कार को पूरा करते हैं । कुल मिलाकर सूर्य नमस्कार शरीर के हर अंग की सेहत के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण योग आसन है । सूर्य नमस्कार योगासनों में सर्वश्रेष्ठ है । यह अकेला अभ्यास ही हमारे सम्पूर्ण शरीर का व्यायाम करा देता है । इसके दैनिक अभ्यास से हमारा शरीर निरोगी, स्वस्थ और चेहरा ओजपूर्ण हो जाता है । महिलायें हों या पुरुष, बच्चे हों या वृद्ध, सूर्य नमस्कार सभी के लिए बहुत लाभदायक होता है । उन्होनें कहा कि सूर्य नमस्कार कम से कम पांच बार करना चाहिए लेकिन शुरूआत के समय हमें इसे अपनी शारीरिक क्षमता के अनुसार करना चाहिए । सूर्य नमस्कार हमारे पाचन तंत्र को मजबूत करता है, शरीर को लचीला बनाता है, हमारा वजन कम करने में मददगार होता है, हमारी शारीरिक मुद्राओं में सुधार लाता है, हमारी हड्डियों को मजबूत करता है, तनाव को कम करने में लाभदायक है, कब्ज और अनिद्रा की समस्या को दूर करता है । यदि हम योग के सारे आसनों के बजाय सिर्फ सूर्य नमस्कार को ही शिद्दत से निभा ले तो इसके हमें बेशुमार फायदे मिलेंगे।

# शिव मार्केट के प्रधान श्री मोहनलाल नासा बने सर्व सम्मति से प्रधान

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतः दिल्ली रोड शिव** मार्केट एसोसिएशन का चुनाव रखा गया जिसमें सर्वसमिति से मार्किट प्रधान श्री मोहनलाल नासा को चुना गया । यह बैठक मार्किट के सरपरस्त अमीरचंद लूथरा जी के नेतृत्व में रखी गई प्रधान के रूप में मोहनलाल नासा जी, उप प्रधान मुकेश जी साथ ही कार्यकारिणी में सचिव रमेश जोहर सह सचिव रजनीश हसीजा जी, व कोषाध्यक्ष के रूप में कुलदीप जी को जिम्मेवारी सौंप गई इस मौके पर सभी ने एकजुट होकर



सबका साथ दिया, व सर्वसम्मति से प्रधान चुना गया,जिसमें मुख्य रूप से डॉक्टर रतनलाल रॉयल जी, नीरज दुआ जी, विकास जी, गौरव वर्मा जी, प्रदीप कुमार जी, रवि नासा जी, मुकेश जी,अशोक अरोड़ा जी ,गुलशन मल्होत्रा जी , एवं सभी व्यापारी भाई उपस्थित रहे ।

# पीतमपुराः ऑल इंडिया कार डीलर्स एसोसिएशन ने धूमधाम से मनाया 24वां वार्षिक उत्सव

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः ऑल इंडिया कार** डीलर्स एसोसिएशन का 24वां वार्षिक समारोह दिल्ली के पीतमपुरा में सम्पन्न हुआ। आपको बातदें कि संस्था पिछले 24 वर्षों से पुरानी और नई कार बेचने वाले सैकड़ों कार डीलर संस्था के साथ जुड़ी हुई है। इस वार्षिक बैठक में पूरे भारत से कार डीलर्स आकर उपस्थिति दर्ज कराते हैं।
इस दौरान ऑल इंडिया कार डीलर्स एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे एस नेयोल एवं संस्था के अन्य पदाधिकारियों ने दीप प्रज्वलित कर समारोह की शुरूआत की। राष्ट्रीय अध्यक्ष






जेएस नेयोल द्वारा संस्था की परंपरागत रस्म निभाते हुए तिरंगा गुब्बारों का गुच्छा आसमान की ओर संस्था के पोस्टर के साथ छोड़ा गया, ताकि एक तो देश में शांति और अमन रहे, ये संदेश दिया जाता है और दूसरा संस्था नई ऊंचाइयों को छूते हुए आगे बढ़े ये संदेश देने का प्रयास भी किया गया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेएस नेयोल ने संस्था का वार्षिक लेखा-जोखा मंच से पेश किया। एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे एस नेयोल ने उपस्थित लोगों को संस्था द्वारा किये जा रहे कार्यों की जानकारी दी। कई राज्यों के अध्यक्षों ने मंच से संबोधित कर नए सुझाव भी दिये। इस मौके पर मंच का संचालन उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष सुमित और दिल्ली के अध्यक्ष लोकेश मुंजाल के द्वारा किया गया। संस्था के लीगल सलाहकार एडवोकेट अमर सैनी और संस्था के आंतरिक मामलों के जानकार और लीगल एडवाईजर सुशील लालवानी ने बताया कि संस्था अपने कार डीलर्स के सदस्यों के लिए कानूनी सलाह भी देती है और कानूनी समस्या आने पर सदस्यों की मदद भी की जाती है।
इस मौके पर कई गणमान्य लोगों ने भी अपने-अपने विचार रखें।

## भाजपा नेता प्रदीप गोयल ने दी भाजपा प्रत्याशी दीपक चौधरी को जीत की बधाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः भाजपा नेता प्रदीप गोयल** ने बादली विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी दीपक चौधरी को जीत की बधाई दी और कहा कि जो वादे जनता से किए गए हैं, वह पूरे होंगे, विधायक दीपक चौधरी क्षेत्र का विकास करके दिखाएंगे।
भाजपा नेता प्रदीप गोयल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी जो कहती है वह करके दिखाती है, आज जो आप देश में विकास देख रहे हैं वह भारतीय जनता पार्टी की देन है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जहां एक ओर शहरों में विकास पर ध्यान दिया है, वहीं ग्रामीण क्षेत्र के भी लोग आज भारतीय जनता पार्टी के कार्यों से काफी खुश हैं। यही कारण है कि राजधानी दिल्ली में कमल खिला है, क्योंकि राजधानी दिल्ली की जनता बदलाव चाहती थी और इस बार



बदलाव के रूप में भारतीय जनता पार्टी को लेकर आई है। मैं दिल्ली की जनता का धन्यवाद करता हूं कि उन्होंने भारतीय जनता पार्टी पर विश्वास जताया है और साथ ही मैं जनता को यह भी कहना चाहता हूं कि जिस विश्वास से आप लोग हमें सरकार में लाए हैं, मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि दिल्ली में विकास ही विकास होगा।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय एक महान नेता और समाज सुधारक थेः विष्णु दत्त शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः पूर्वी दिल्ली** स्थित श्री गोवर्धन विद्या निकेतन विद्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 57वीं पुण्यतिथि पर विद्यार्थियों ने नमन किया। इस शुभ अवसर पर विद्यालय प्रबंधक विष्णु दत्त शर्मा ने बताया श्रद्धेय पंडित दीनदयाल उपाध्याय का कथन हमारी राष्ट्रीयता का आधार भारत माता है, केवल भारत ही नहीं, माता शब्द हटा दीजिए तो भारत केवल एक जमीन का टुकड़ा मात्र बनकर रह जाएगा।
पंडित दीन दयाल उपाध्याय एक महान नेता, समाज सुधारक और



नेतृत्वकर्ता थे। उनकी विचारधारा में "एकात्म मानववाद" और "अंत्योदय" की अवधारणाएं समाज के हर वर्ग को समर्पित थीं। उन्होंने देश की प्रगति के लिए आत्मनिर्भरता और स्वदेशी दृष्टिकोण को प्रमुख माना। 1967 में कालीकट अधिवेशन में उपाध्याय जी भारतीय जनसंघ के अध्यक्ष निर्वाचित हुए।
वह मात्र 43 दिन जनसंघ के अध्यक्ष रहे।

## 'पीड़ित लोगों की मदद के लिए सभी को आगे आना चाहिए'

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः शाहबाद डेयरी** स्थित झुग्गियों में अचानक आग लग गई थी। वहां पर जाकर ज्ञान आधार वेलफेयर संस्था के मनोज व अन्य पदाधिकारियों ने स्थल का निरीक्षण किया और उनकी आवश्यकताओं के विषय में जानकारी हासिल की।
मनोज ने बताया कि आग ने 70 से 80 परिवारों को बिना छत और भोजन के जीने को मजबूर कर दिया था। इसमें महिलाएं, बुजुर्ग, बच्चे सभी शामिल थे। ज्ञान आधार ने अपने सदस्यों से अपील की कि वे इस आपदा की स्थिति में सहयोग का हाथ बढाएं और उनकी यथासम्भव मदद करने के लिए आगे आएं। ज्ञान





आधार के सभी साथियों ने मिलकर पीड़ित परिवारों हेतु बर्तन, कपड़े, स्टेशनरी का सामान, कापियां और घरेलू सामान जुटाया ताकि उनकी मदद की जा सके और जाकर एकत्रित सभी सामान को महिलाओं और बच्चों में वितरित कर दिया और पुनः 11 फरवरी को मनोज कुमार ने चद्दरें, बच्चों के कपड़े, रजाइयां प्लास्टिक की बाल्टियां, बर्तन और टब इत्यादि वितरित किए। इस संदर्भ में आर पी सिंघल, प्रवीण नन्दा, प्रवीण मेघवानी, देवकुमार, सतीश का महती योगदान रहा।

## दीन दयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर भाजपा ने की पुष्पांजलि अर्पित

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः भारतीय जनसंघ** के संस्थापक सदस्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि के अवसर पर आज भाजपा के राष्ट्रीय संगठक वी. सतीश के साथ दिल्ली भाजपा के सांसदों, विधायकों और प्रदेश पदाधिकारियों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय पार्क स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।
इस मौके पर प्रदेश संगठन महामंत्री पवन राणा, महामंत्री एवं सांसद योगेंद्र चंदोलिया, महामंत्री विष्णु मित्तल, सांसद बांसुरी स्वराज, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं मालवीय नगर से विधायक सतीश उपाध्याय,



रोहिणी से विधायक विजेंद्र गुप्ता, कोषाध्यक्ष सतीश गर्ग और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर हर्ष वर्धन सहित भाजपा के नव निर्वाचित विधायक एवं प्रदेश पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे। प्रदेश उपाध्यक्ष सुनीता कांगड़ा ने पुष्पांजलि कार्यक्रम की अध्यक्षता की। वी. सतीश ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय को याद करते हुए कहा कि उनका व्यक्तित्व इतना बड़ा था कि उनके नजदीक मात्र आने से लोगों में एक चारित्रिक परिवर्तन होना स्वाभाविक था। 1925 में जब संघ की स्थापना हुई तो उस वक्त ज्यादा लोगों को पता नहीं था लेकिन आज अगर हम कम्युनिस्ट पार्टी को या उसके विचार को देखते हैं तो शायद उसे माइक्रो स्कोप से देखने की जरूरत पड़ेगी।
उन्होंने कहा था कि राह से ना डगमगा कर हम जिस रास्ते पर चलेंगे वही रास्ता होगा। वी. सतीश ने कहा कि दीनदयाल का विचार टुकड़ों में नहीं था क्योंकि वह एकता की बात करते थे और इसी को उन्होंने आगे बढ़ाया। नॉन कांग्रेस की शुरूवात उनके द्वारा की गई थी और फिर श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपाई जी के वक्त एन.डी.ए. का प्रयोग किया जो आज तक सफल रहा। हर हाथ को काम और हर खेत को पानी का नारा उन्होंने दिया।



**एक्शन इंडिया के समूह संपादक रवि भारद्वाज से कई विषयों पर विस्तृत चर्चा करते हुए नरेला विकास संगठन के पदाधिकारी।**

## दिल्ली में 27 साल बाद कमल खिलने पर जनता का आभारः गुलाब सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः दिल्ली में** लगभग 27 सालों बाद फिर से भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनने के बाद जहां एक ओर तो भाजपा के शीर्ष नेताओं, कार्यकर्ताओं सहित दिल्ली की आम जनता भी खुशी से गदगद दिखाई दे रही है, वहीं बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले मुकुंदपुर वार्ड नंबर-8 से भाजपा के निगम पार्षद गुलाब सिंह राठौर ने दिल्ली की जनता जर्नादन का आभार जताते हुए बधाई दी है। राठौर ने कहा कि भाजपा दिल्ली की सत्ता से लगभग 27 साल जरूर दूर रही लेकिन दिल्ली के लोगों के हितो में हमेशा ही आवाज उठाती रही है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के



नेतृत्व में और भाजपा की रणनीति के आगे दिल्ली के पूर्व सीएम केजरीवाल की भ्रष्ट सरकार को एक बार में ही धोकर रख दिया है। राठौर ने कहा कि दिल्ली की जनता केजरीवाल व उनके मंत्रीयों के भ्रष्टाचार से पूरी तरह से त्रस्त हो चुकी थी।

## भारतीय जनता पार्टी की जीत पर कार्यकर्ता हुए सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** उत्तर-पूर्वी जिला के अंतर्गत आने वाली पांचो विधानसभा में भाजपा कार्यकर्ताओं व संगठन द्वारा किए गए कठिन परिश्रम के कारण प्रचंड जीत हासिल की है। जीत के उपरांत उत्तर-पूर्वी जिला कार्यालय पर पांचो विधानसभा प्रत्याशियों घोंडा से अजय महावर, करावल नगर से कपिल मिश्रा, तिमारपुर सूर्य प्रकाश खत्री, सीलमपुर अनिल गौड, बुराड़ी शैलेन्द्र सिंह के शानदार प्रदर्शन पर उनको बधाई व समस्त उत्तर-पूर्वी जिला के भाजपा कार्यकर्ताओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिला अध्यक्ष पूनम चौहान ने बताया कि हमारे माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र



मोदी द्वारा दिल्ली वासियों को खासकर दिल्ली में रहने वाली महिलाओं को जो गारंटियां दी है वह जनता ने स्वीकारी हैं और अपना मत भाजपा के पक्ष में 27 साल बाद दिल्ली में भाजपा सरकार बनाने में योगदान प्रदान किया है। गृहमंत्री अमित शाह द्वारा बनायी नीतियों के कारण हम सफल हुए। अन्य प्रदेशो के प्रवासी एमपी, एमएलए, एमएलसी को भी बधाई और धन्यवाद दिया। भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता दिल्ली चुनाव के लिए सालों से मेहनत कर रहा है और माइक्रो मैनेजमेंट के कारण आज हमने उत्तर-पूर्वी जिले में ही नहीं अपितु पूरी दिल्ली में 48 सीट पाकर एक प्रचंड बहुमत को हासिल किया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा एवं संगठन महामंत्री पवन राणा के कुशल नेतृत्व और उनके द्वारा प्रशस्तमार्ग पर चलकर कार्यकर्ताओं ने संगठन द्वारा दिए गए माइक्रो मैनेजमेंट पर काम किया और नतीजा हुआ कि जनता ने भाजपा को 48 सीट देकर दिल्ली में कमल खिलाने का काम किया। अब यह स्पष्ट है कि दिल्ली में डबल इंजन की सरकार है। किए हुए वादों पर कार्य योजना बननी शुरू हो चुकी है। यमुना मैया की सफाई होगी। कुछ ही सालों में यमुना रिवर फ्रंट बनाएंगे। दिल्ली को धुएं और प्रदूषण से मुक्त कराएंगे। दिल्ली की यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करेंगे। शिक्षा को मजबूती प्रदान होगी।

## जनता से किये वादे पूरे करेगी भारतीय जनता पार्टीः सत्यपाल शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः दिल्ली विधानसभा** चुनावों में भाजपा को मिली बम्पर जीत आशाओं के अनुरूप ही रही। आपदा की हार के मुख्य कारण केजरीवाल का अंहकार हठधर्मिता शराब घोटाला, शीशमहल का निर्माण तथा अफसरों के साथ तालमेल की कमी प्रमुख रूप से रहे। उक्त बातें जागरूक उपभोक्ता मंच के महामंत्री सत्यपाल शर्मा ने कही। श्री शर्मा ने कहा कि वस्तुतः दिल्ली में जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 1700 फ्लैट के मलिको को चाबी सौंपी, उसी दिन से जनता ने मन में वर्तमान दिल्ली सरकार के खिलाफ जन आक्रोश बढ़ता चला गया। उन्होंने आगे बताया कि मोदी बहुत सोच-समझ



कर बोलते है। उन की बातों पर जनता का भरोसा है और यही भरोसा भाजपा की जीत का कारण बना है। हालांकि राह मुश्किल है मगर फिर भी 27 साल बाद मिली सत्ता से भाजपा कुछ तो सीख लेगी और जनता से किये वादे पूरे करेगी।

## कश्मीरी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का हुआ उद्घाटन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** मेरा युवा भारत /नेहरू युवा केंद्र पश्चिम दिल्ली द्वारा कश्मीरी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का उद्घाटन गांधी दर्शन समिति राजघाट पर किया गया। जिसमें कश्मीर से आए 6 जिलों के 120 प्रतिभागियों एवं 12 टीम लीडर ने सहभागिता की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ओमप्रकाश (दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष, राष्ट्रीय लोक मोर्चा), विशेष अतिथि प्रकाश वैद्य (संयुक्त निदेशक, नेहरू युवा केंद्र संगठन),श्री रुचित्र नारायण त्यागी (संयुक्त निदेशक, नेहरू युवा केंद्र संगठन), डॉ लाल सिंह (राज्य निदेशक, नेहरू युवा केंद्र संगठन, दिल्ली राज्य) मनोज कुमार(लीड






डिस्ट्रिक मैनेजर,पंजाब नेशनल बैंक), मुकुल दहिया(समुद्री तैराक, एशिया रिकॉर्ड धारक), किरण वर्मा (चेंज विद वन फाउंडेशन) मौजूद थे। मो. अजीम अंसारी (उपनिदेशक, नेहरू युवा केंद्र पश्चिम दिल्ली) द्वारा सभी अतिथियों और कश्मीर से आए सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया गया और उन्हें आने वाले 6 दिनों के कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। मुख्य अतिथि ओमप्रकाश (दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष, राष्ट्रीय लोक मोर्चा) ने कहा कि इस युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम से युवाओं को एक दूसरे के बारे में जानने का एवं एक दूसरे की संस्कृति, खानपान, रहन-सहन इत्यादि को समझने का मौका मिलता है। इस मौके पर प्रकाश वैद्य, श्री रुचित्र नारायण त्यागी ने भी अपने वक्तव्य में युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि कश्मीरी युवा आदान प्रदान कार्यक्रम से युवाओं को यहां की संस्कृति को जानने समझने एवं यहां की राष्ट्रीय धरोहरों को देखने का मौका मिलेगा जिससे उनमें एक नई स्फूर्ति का संचार होगा और भाईचारा और एकता का संदेश लेकर युवा कश्मीर में जाकर लोगों के बीच इस संदेश को प्रसारित करेंगे।

## बुराड़ीः दिल्ली में भाजपा की प्रचंड जीत से जनता भी हुई गदगदः रेखा सिन्हा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** भले ही भाजपा का दिल्ली की सत्ता से 27 सालों तक वनवास रहा हो, लेकिन इस बार 48 सीटों के साथ बीजेपी ने दिल्ली में जीत हासिल कर केजरीवाल सरकार से दिल्ली की सत्ता छीनकर उन्हे बाहर का रास्ता दिखा दिया है।
जब सत्ता से बाहर रहकर भी बीजेपी और आरएसएस अपने समर्थक, वोटर और कैडर को एकजुट रखने में कामयाब रहे। दिल्ली में 27 साल बाद भाजपा की प्रचंड जीत में व्यापारियों की अहम भूमिका रही। पार्टी ने अपने संकल्पपत्र में बाजार और व्यापारियों की समस्याओं को संबोधित किया और सत्ता में आने पर



बदलाव का वादा किया। झड़ौदा वार्ड से पूर्व निगम पार्षद रेखा सिन्हा ने कहा कि जहां एक ओर पूरा देश भगवामय हुआ पड़ा है, वहीं दूसरी ओर दिल्ली में भाजपा की प्रचंड जीत के बाद दिल्ली के बाजार भगवा लहर से गदगद हैं और व्यापारी वर्ग सहित दिल्ली की आम जनता खुशी मना रही है।
**दिल्ली में 27 साल बात कमल खिलाः** रेखा सिन्हा ने कहा कि दिल्ली में प्रचंड और ऐतिहासिक जीत के साथ भाजपा सत्ता में लौटी तो इसमें अन्य वर्ग के साथ व्यापारी वर्ग का बड़ा योगदान है। रेखा ने कहा कि दिल्ली में भगवा लहर से दिल्ली का बाजार गदगद है, जैसे अयोध्या में भव्य मंदिर में प्रभु राम के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा से आंनदित था, वैसे ही अब खुश है। भाजपा की इस प्रचंड जीत पर दिल्ली के लोगों ने खुद की जीत मानकर मिठाइयां बांटी है।

# आरटीआई कार्यकर्ता बालकृष्ण अग्रवाल जयपुर में सम्मानित

## लीगल अम्बिट वेलफेयर सोसायटी द्वारा जयपुर में आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार के दौरान मिला सम्मान

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुराः लीगल अम्बिट** वेलफेयर सोसायटी द्वारा जयपुर में आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार में आरटीआई एक्टिविस्ट के रूप में अपना अहम योगदान देते हुए सरकारी विभागों में व्याप्त भ्रष्टाचारों व अनियमितताओं के कई मामलों का खुलासा करने पर मथुरा निवासी आरटीआई कार्यकर्ता बालकृष्ण अग्रवाल को राजस्थानी स्वाफा पहनाकर सम्मानित किया गया। उनके कार्यों की सराहना की गई। लीगल अम्बिट वेलफेयर सोसायटी के राष्ट्रीय महासचिव अक्षय गोस्वामी द्वारा बालकृष्ण अग्रवाल को सेमिनार में विशेष तौर पर आमंत्रित किया गया था। सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अंतर्गत कार्यरत आरटीआई एक्टिविस्टों के राष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय संगठन लीगल अम्बिट वेलफेयर सोसायटी द्वारा बालकृष्ण अग्रवाल को जयपुर स्थित सिगमेट पार्क अजमेर रोड पर आयोजित एक सम्मान किन्नरों के नाम व आरटीआई मामलों में वर्तमान स्थितियों पर चर्चा व समाधान सेमिनार में आमंत्रित किया गया था। सेमिनार में लीगल अम्बिट वेलफेयर सोसायटी के सीईओ महावीर पारिख, राष्ट्रीय अध्यक्ष राव धनवीर सिंह, सोसायटी के लीगल हेड सरदार तारा सिंह, महिला विंग की राष्ट्रीय अध्यक्षा एवं सुप्रीम कोर्ट की अधिवक्ता सुमित्रा चौधरी सहित दर्जनों विद्वानों द्वारा विचार व्यक्त किए गए और सूचना का अधिकार अधिनियम से सम्बंध में वर्तमान स्थितियों पर विस्तृत चर्चा की गई। वहीं आरटीआई एक्ट के साथ ही भारतीय साक्ष्य अधिनियम के प्रयोग पर भी प्रकाश डाला गया।



# लठामार होली के लिए 'हुरियारों' को जारी किये जाएंगे पास

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा।** बरसाना, नंदगांव की लठमार होली के लिए हुरियारों को पास जारी किए जाएंगे। जिला प्रशासन ने यह कदम हुरियारों के भेष में घुलमिल जाने वाले हुड़दंगियों को रोकने के लिए उठाया है। जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पाण्डेय ने बरसाना स्थित लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन सभागार में सात मार्च को होने वाली लड्डू होली व आठ मार्च को खेले जाने वाली लट्ठमार होली की व्यवस्थाओं के दृष्टिगत अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को एक मार्च तक अपने विभागों के कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। होली के दौरान हुरियारों के भेष में हुड़दंगियों को रोकने के लिए पास बनाए जाएंगे। बरसाना की लड्डू होली व लट्ठमार होली को भव्य व आकर्षण बनाने के लिए मेला क्षेत्र को श्री राधा कृष्ण जी की लीलाओं के चित्रण से सजाया जाएगा व नगर में प्रवेश करने वाले सभी मार्गों को दो किलोमीटर पहले से रंगाई पुताई व लाइटिंग की जाएगी। होली में श्री राधारानी जी मंदिर के दर्शन को आने वाले श्रद्धालुओं को मंदिर में सीढ़ियों के रास्ते से प्रवेश कराया जाएगा। सभी श्रद्धालुओं को जयपुर मंदिर मार्ग से नीचे उतारा जाएगा बरसाना और नंदगांव के हुरियारों को कोई परेशानी न हो और उनके साथ बात कर पहले से आगमन तथा निकास की व्यवस्था बनाई जाए।



## संक्षिप्त खबरें

### 12 घंटे में डबल-हैंड ट्रांसप्लांटेशन और मल्टी-ऑर्गन सर्जरी की

**फरीदाबाद । अमृता** हॉस्पिटल के सर्जनों ने 12 घंटे तक सर्जरी करके एक ऐतिहासिक सर्जरी को अंजाम दिया है। दरअसल फरीदाबाद स्थित अमृता हॉस्पिटल के सर्जनों ने एक मृत 76 वर्षीय महिला डोनर से पांच अंगों को सफलतापूर्वक निकाला और उन्हें पांच लोगों में ट्रांसप्लांट किया, जिससे पांच अलग-अलग लोगों को नया जीवन मिला। प्रक्रियाओं में एक डबल-हैंड ट्रांसप्लांट, एक किडनी ट्रांसप्लांट, कॉर्नियल ट्रांसप्लांट और लंग ट्रांसप्लांट किया गया। इस सफलता के साथ अमृता हॉस्पिटल उत्तर भारत में डबल-हैंड ट्रांसप्लांट करने वाला पहला हॉस्पिटल बन गया है। पिछले ढाई सालों में तीन मरीजों पर किए गए पाँच सफल प्रक्रियाओं के साथ अपर लिंब ट्रांसप्लांटेशन (ऊपरी अंग प्रत्यारोपण) में अमृता हॉस्पिटल की एक्सपर्टीज लगातार बढ़ रही है। डॉक्टरों की इसी टीम ने भारत में पहली बार साल 2015 में केरल के कोच्चि में अपर लिंब ट्रांसप्लांटेशन प्रोग्राम शुरू किया था। अब वे उत्तर भारत में भी इसी तरह की मेडिकल सुविधाओं को बढ़ा रहे हैं। अब वे उत्तर भारत में एक लीडिंग रिकंस्ट्रक्टिव सर्जनों की टीम बन गए हैं।



अमृता हॉस्पिटल के प्लास्टिक और रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी के एचओडी डॉ मोहित शर्मा ने बताया, यह मल्टी-ऑर्गन ट्रांसप्लांट भारत के मेडिकल इतिहास में एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। हैंड ट्रांसप्लांटेशन बहुत चुनौतीपूर्ण होता है क्योंकि इसमें कई कोशिकाओं के प्रकार शामिल होते हैं और त्वचा की बढ़ी हुई इम्यून प्रतिक्रिया के कारण हाई लेवल के इम्युनोसप्रेशन की आवश्यकता होती है। इस प्रक्रिया की सफलता अमृता हॉस्पिटल की सबसे कॉम्प्लेक्स सर्जिकल चुनौतियों से निपटने की क्षमता को दर्शाती है। इसके अलावा इस बात को नहीं भूलना चाहिए कि अमृता हॉस्पिटल की वजह से एक डोनर के जीवनदान से पांच अलग-अलग लोगों को नई जिंदगी मिली है। यह बात अमृता हॉस्पिटल को और ज्यादा काबिलेतारिफ बनाती है।

### ऐतिहासिक महाकुंभ में ऐसा पहली बार हुआ: अखाड़े ने बनाया श्रील प्रभुपाद को विश्व गुरु

**नई दिल्ली। इस्कॉन और विश्वव्यापी हरे कृष्णा आंदोलन के संस्थापक एवं आचार्य श्री कृष्ण कृपामूर्ति** ए.सी. भक्तिवेदांत स्वामी श्रील प्रभुपाद को ऐतिहासिक महाकुंभ के पावन अवसर पर अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद ने पहली बार विश्व गुरु की उपाधि से सम्मानित किया। विश्व गुरु पट्टाभिषेक कार्यक्रम निरंजनी अखाड़ा के परिसर में नित्यानंद त्रयोदशी के पवन तिथि के अवसर में सम्पन्न हुआ। यह उपाधि श्रील प्रभुपाद को दुनिया भर में लाखों-करोड़ों अनुयायियों को सनातन धर्म से जोड़ने एवं इस्कॉन के प्रति देश-विदेश में उमड़ी श्रद्धा को देखते हुए दी गई। निरंजनी पीठाधीश्वर श्री श्री 1008 स्वामी कैलाशनंद गिरी महाराज, श्रीमहंत रवींद्र पूरी जी महाराज अध्यक्ष अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद, आचार्य महामंडलेश्वर अवधूत अरुण गिरी जी श्री आवाहन अखाड़ा पीठाधीश, अखाड़ों के महामण्डलेश्वरगण, सचिव गण, श्रीमहंतगण एवं हजारों भक्तों की उपस्थिति में हुआ। हरे कृष्ण मूवमेंट और इस्कॉन बंगलौर के अध्यक्ष श्री मधु पंडित दास जी और वृन्दावन चंद्रोदय मंदिर के अध्यक्ष चंचलापति दास जी के पावन सानिध्य में स्वामी प्रभुपाद को यह सम्मान प्रदान किया गया। धन्यवाद प्रस्ताव भरतर्षभ दास ने की। अखाड़ा परिषद ने इस अवसर पर एक बयान जारी करते हुए कहा, हम सभी अत्यंत हर्ष एवं प्रसन्नता की अनुभूति कर रहे हैं कि परमपूज्य पाद श्रील प्रभुपाद जी को विश्व गुरु की उपाधि दी गई। उनका योगदान सनातन धर्म के प्रसार में अद्वितीय है, और उनकी शिक्षाओं से लाखों लोगों का जीवन बदल चुका है। इस पावन अवसर पर श्री पंचायती निरंजनी अखाड़े के महामंडलेश्वर कैलाशानंद गिरी जी महाराज ने कहा कि पावन त्रिवेणी के संगम तट पर चल रहे विशाल, भव्य स्वच्छ और दिव्य महाकुंभ के पावन पर्व पर हमें आज उस महापुरुष के सानिध्य में बैठने का अवसर मिला। यह उपाधि 1968 के कुछ दिनों बाद ही मिल जाना चाहिए था, लेकिन आज इस त्रिवेणी के पावन तट पर हम सभ को इस शुभ कार्य करने का श्रेय मिलना था। अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रविन्द्र पुरी जी महाराज ने कहा कि श्रील प्रभुपाद महाराज जी के लिए यह विश्व गुरु की यह पदवी, सूर्य को दीया दिखाने के बराबर है। श्रील प्रभुपाद महाराज ने श्रीमद्भगवद्गीता और श्रीमद्भागवतम पर शानदार कार्य किया।



# चोरी के ट्राली, दो मोटरसाइकिल कीं बरामद

**मथुरा।** थाना कोसीकला पुलिस ने टैज्क्टर की ट्रॉली को चोरी करने की घटना का खुलासा करते हुए चोरी के आरोप में दो युवकों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से चोरी में प्रयुक्त ट्रैक्टर व चोरी की हुई ट्राली, चोरी की दो मोटरसाइकिल, दो चाकू बरामद किये हैं। लवकुश पुत्र स्व. प्रेम सिंह निवासी ग्राम दहगांव थाना कोसीकलां, कृष्ण पुत्र देशराज निवासी ग्राम कोटवन थाना कोसीकलां को कोटवन से आगे दहगांव उमराला तिराहे से गिरफ्तार किया है। कोसीकलां के ग्राम उमराला में पांच फरवरी की रात्रि में एक ट्राली चोरी हो गई थी।

# यमुना एक्सप्रेस पर आपस में टकराई डबल डेकर बस

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा। राया** क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेसवे पर सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई जबकि 13 अन्य घायल हुए हैं। इनमें से कई की हालात गंभीर है। प्रयागराज महाकुंभ से लौट रही डबल डेकर बस माइल स्टोन 110 के समीप हादसा हुआ। इस हादसे में दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि 13 सवारियां घायल हुई हैं। हादसे की सूचना पर अधिकारी मौके पर पहुंचे। चिकित्सकों की टीम को भी मौके पर बुलाया गया। डा. विपिन, ड. शशि शेखर द्वारा मौके पर ही प्राथमिक उपचार दिया गया। सभी घायलों को आनन फानन में उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया गया। एसडीएम मांट अभिनव जे जैन, एसडीएम महावन, सीओ महावन मौके पर पहुंच गये। आगरा से नोयडा की ओर दोनों डबल डेकर बस जा रही थीं। थाना राया क्षेत्र माइल स्टोन 110 के समीप आगे चल रही बस के अचानक ब्रेक फेल हुए जिसे चालक ने किनारे खड़ा कर दिए। इसी दौरान पीछे से आ रही बस ओवर टेक करते समय टकरा गई। हादसा इतना भयंकर था कि श्रद्धालुओं की चीखपुकार मच गई। हादसे में जो लोग चुटैल हुए उन्हें पुलिस एवं प्रसाशन के अफसरों ने रोड़वेज की बस बुलाकर दिल्ली नोयडा के लिए भिजवा दिया। थाना प्रभारी अजय कौशल ने बताया कि मंगलवार की दोपहर यमुना एक्सप्रेस वे के माइल स्टोन 103 पर डबल डेकर बस खड़ी हुई थी। बस के ब्रेक फेल होने के कारण चालक ने गाड़ी को सड़क किनारे खड़ा कर दिया था। दुर्घटना में उत्तर नगर निवासी 70 वर्षीय परमानंद जोशी समेत दो लोगों की मौत हो गई। जिला अस्पताल पहुंचा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक देवपाल सिंह पुंडीर ने बताया कि अस्पताल में कुल 10 लोग उपचार के लिए आए हैं।



**आगरा से** दिल्ली वाले रूट पर यमुना एक्सप्रेस वे पर दो बसों में टक्कर हुई एक बस पूर्व से खडी थी दूसरी पीछे से आ रही थी। ओवरटेक करने के दौरान यह एक्सीडेंट हुआ। एक्सीडेंट में दो लोगों की मृत्यु हुई है, 13 लोग घायल बताये जा रहे हैं। जिसमें पांच जिला चिकित्सालय में बाकी निजी अस्पतालों में भर्ती किये गये हैं जहां इनका मुफ्त इलाज चल रहा है। जिलाधिकारी के निर्देशन में सीएमओ की पूरी टीम लगी हुई है। एक मृतक के परिजन आए हैं उनसे बात की गई है। शवों को उनके घर पहुंचाया जा रहा है। एक मृतक की पहचान हुई जो दिल्ली के रहने वाले हैं।

**-शैलेश पांडेय, एसएसपी मथुरा**

# बांकेबिहारी मंदिर के गेट नंबर तीन पर लगाई डीएफएमडी मशीन

## श्रद्धालुओं के सही आंकड़े और सुरक्षा में होगी बेहतर कारगर

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुराः श्रद्धालुओं** की आस्था का केंद्र ठाकुर बांके बिहारी मंदिर की सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन ने एक और सार्थक पहल की है। दर्शनों को आने वाले श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या के आंकड़ों और सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा प्रवेश द्वारों पर मशीन लगाई जा रही है। यह मशीन मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं के सही आंकड़े और सुरक्षा को लेकर मेटल डिटेक्टर कर काम करेंगी। मंदिर के तीन नंबर प्रवेश द्वार पर डोर फ्रेम मेटल डिटेक्टर (डीएफएमडी) की पहली मशीन लगाकर ट्रायल किया गया। जो काफी हदतक सफल रहा। इस मशीन से जहां दर्शनों को आने वाले भक्तों की सही गणना हो सकेगी,वही सुरक्षा के दृष्टिगत मंदिर में जाने वाली ज्वलनशील वस्तु व हथियारों पर लगाम लग सकेगी। जिससे मंदिर के अन्दर किसी प्रकार का खतरा उत्पन्न न हो सके। सूत्रों की माने तो पुलिस प्रशासन द्वारा शुरू की गई,यह मुहिम अगर सफल रही तो अन्य प्रवेश द्वारों पर भी जल्द ही यह मशीन लगाई जाएगी। मंदिर से जुड़े भक्तों के अनुसार सहूलियत को देखते हुए इन मशीनो का आकार बढ़ा होना चाहिए, जिससे कि बाहर से आने वाले बुजुर्ग भक्त आसानी से मंदिर में प्रवेश कर सके। अब देखना यह होगा कि पुलिस प्रशासन द्वारा की गई,यह पहल श्रद्धालुओं के लिए कितनी कारगर साबित हो सकेगी।

# गुरूग्राम से गिरफ्तार किया युवक, युवती बरामद

**मथुरा। पुलिस** ने युवक को गुरूग्राम से गिरफ्तार कर युवती को बरामद किया है। थाना बलदेव पुलिस ने अपहृता की सकुशल बरामदगी करते हुए एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक थाना बलदेव अरविन्द सिंह के मुताबिक थाना बलदेव पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना के आधीर पर पीडिता को सकुशल बरामद करते हुए मुकदमा में नामित अभियुक्त विकास पुत्र मुकेश निवासी आजमबाद अरौंव थाना अरौंव जिला फिरोदाबाद को किराये के मकान मारूती कुंज थाना भाडसी जनपद गुरूग्राम से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# डीएम बोले होली पर खाद्य विभाग चेकिंग करे



**लोकेश चौधरी**

**मथुरा। पंचांग** के अनुसार 13 फरवरी से फाल्गुन माह का आरंभ हो जाएगा और इसका समापन 14 मार्च को दुल्हेंडी के दिन होगा। फाल्गुन मास मास ब्रज में होली की मस्ती के नाम रहता है। जिला प्रशासन ने होली की तैयारियां को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पाण्डेय ने बरसाना स्थित लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन सभागार में होली के मद्देनजर विभिन्न विभागों को निर्देश दिये। लोक निर्माण विभाग बैरिकेडिंग, बैरियर, पार्किंग स्थलों का निर्माण आदि कार्यों को समयबद्ध रूप से संपादित कराए। बरसाना में साफसफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए तथा खोया पाया केन्द्र एवं सहायता बूथ संचालित करना सुनिश्चित करें। झाड़ियों की कटाई सुनिश्चित की जाए। कुंडो की सफाई एवं मरम्मत आदि कार्य समय से सम्पादित कराना सुनिश्चित करें। श्रद्धालुओं की सुविधा के दृष्टिगत पार्किंग स्थलों का चिन्हांकन करते हुए साइन बोर्ड लगाए जाए। खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि मिलावटी खाद्य पदार्थो के लिए नियमित चेकिंग करते रहे।

दुकानदारों का उत्पीड़न नहीं होना चाहिए। समन्वय से अभियान चलाकर खाद्य पदार्थो की चेकिंग करें। परिवहन निगम को निर्देश दिए कि पर्याप्त मात्रा में बसों का संचालन करे। अधिकारियों ने मेला की व्यवस्थाओं के संबंध में बताया कि पूरे मेला क्षेत्र को जोन और सेक्टर में विभाजित किया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि व्यवस्था इस प्रकार सुनिश्चित करे कि बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों को भी किसी प्रकार की परेशानी न हो। पूरे बरसाना क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरा लगाए जाए।

# भाजपाई जनता को गिना रहे बजट की खूबियां

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुराः**

**भाजपाई जनता** को बजट की खूबियां गिना रहे हैं। महानगर अध्यक्ष घनश्याम लोधी ने इसे विकसित भारत के सपनों का बजट कहा है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रधानमंत्री के विकसित भारत के सपने को पूर्ण करने के उद्देश्य से जो बजट पेश किया हैं वो सराहनीय हैं। इसी के निमित्त भारतीय जनता पार्टी मथुरा महानगर द्वारा केंद्रीय बजट के विषय में एक प्रेस वार्ता का आयोजन स्थानीय होटल गुरु कृपा ग्रांड में किया गया। पत्रकार बंधुओं को जानकारी देते हुए विधायक मेघश्याम सिंह ने बताया कि ये बजट नये भारत का बजट हैं। इस बजट से मध्यम वर्ग को आर्थिक रूप से मजबूत किया गया हैं साथ ही गरीबों का भी विशेष ख्याल रखा गया हैं। इस बजट से निम्न वर्ग भी मध्यम वर्ग में शामिल होने लगेगा। जिलाध्यक्ष महानगर घनश्याम लोधी ने कहा कि प्रधान मंत्री मोदी के विजन विकसित भारत को पूर्ण करने के लिये ये बजट महत्वपूर्ण होगा और जो टैक्स में छूट की गयी हैं। इससे मध्यम वर्ग को पैसा खर्च करने के लिये बचेगा। जिससे वो निवेश और खरीदारी कर सकेंगे। कार्यक्रम संजोयक प्रदीप गोस्वामी ने बताया कि वित्त मंत्री ने इस बजट से सभी क्षेत्र जैसे शिक्षा, चिकित्सा,

स्वास्थ्य, कृषि, विकास और रक्षा में भारत मजबूत होगा। कुल मिलकर बजट ऐतहासिक हैं और जनहित के लिए हैं। श्याम सिंघल एड., पंकज शर्मा, आकाश शर्मा, प्रिंस, यशराज चतुर्वेदी आदि उपस्थित रहे।




# विपक्ष भी संगम में डुबकी लगाने के लिए व्याकुल

**टीम एक्शन इंडिया**

**महाकुम्भनगरः महाकुम्भ** की भव्यता और दिव्यता सभी सीमाओं को लांघते हुए पूरे विश्व को अपनी ओर आकर्षित कर रही है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में इस ऐतिहासिक आयोजन की ऐसी उत्कृष्ट व्यवस्थाएं की गई हैं, जिसने इसे अब तक का सबसे भव्य और सुव्यवस्थित महाकुम्भ बना दिया। सत्ता पक्ष से लेकर विपक्ष तक, आम जन से लेकर वीवीआईपी तक, हर कोई संगम में आस्था की डुबकी लगाने के लिए उत्सुक दिख रहा है। विपक्ष के नेताओं की जुबान पर भले ही विरोध रहा हो, लेकिन मन में उत्साह लेकर अधिकतर नेताओं को संगम की शरण में आते देखा जा रहा है।



**राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री सहित तमाम गणमान्य बने त्रिवेणी के साक्षीः** महाकुम्भ के महापर्व पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह सहित देश के सभी गणमान्य महाकुम्भनगर पहुंचे। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में हो रहे दुनिया के सबसे विशाल कार्यक्रम के गवाह तमाम प्रदेशों के राज्यपाल और मुख्यमंत्री बने। इसी क्रम में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव और गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल आस्था की डुबकी लगाने पहुंचे। सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में समूचे मंत्रिपरिषद ने एक साथ त्रिवेणी में पवित्र अमृत स्नान किया। इसके बाद राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपनी पूरी मंत्री परिषद, सांसदों और विधायकों के साथ संगम में स्नान किया।

**विपक्ष के नेताओं में भी दिखा उत्साहः** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव, कर्नाटक के डिप्टी सीएम और वहां के कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष डी.के. शिवकुमार भी पवित्र त्रिवेणी में स्नान करने पहुंचे। डी.के. शिवकुमार के साथ उनकी पत्नी उषा भी पहुंची थीं। डीके शिवकुमार से पहले उनकी बेटी ऐश्वर्या ने महाकुम्भ में स्नान कर विशेष पूजन किया। यूपी विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय भी यहां आने से खुद को न रोक सके। दूसरी ओर वरिष्ठ कांग्रेसी और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह भी महाकुम्भनगर में पवित्र अमृत स्नान की उम्मीद से चले। लेकिन यहां उमड़े श्रद्धालुओं के अभूतपूर्व जनसमुद्र में फंसकर रह गए। उन्हें बीच रस्ते से ही लौटना पड़ गया।

# गोकुल में 11 मार्च को होगी छड़ीमार होली, एसडीएम, सीओ महावन ने किया आयोजन

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा। गोकुल** में 11 मार्च को परंपरागत छड़ी मार होली का आयोजन किया जाएगा। मुरली घाट स्थित होली चबूतरा पर होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने उपजिलाअधिकारी महावन आदेश कुमार, सीओ महावन धर्मेंद्र सिंह चौहान एवं थाना प्रभारी डेजी पवार ने संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। प्रशासन ने इस वर्ष होली में केमिकल युक्त रंगों और गुलाल पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। उपजिलाधिकारी आदेश कुमार ने बताया के केवल टेसू के फूलों से बने प्राकृतिक रंग और गुलाल का ही प्रयोग किया जाएगा। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर रखते हुए होली चबूतरा पर दोहरी बैरिकेडिंग की जाएगी। बड़ी संख्या में श्रद्धालु आने की संभावना को देखते हुए विशेष यातायात की भी व्यवस्था की गई है। सीओ महावन धर्मेंद्र सिंह चौहान के अनुसार गोकुल की सकरी गलियों में वाहनों के प्रवेश पर रोक रहेगी। सभी वाहनों की पार्किंग गोकुल से बाहर निर्धारित स्थानों पर की जाएगी।



फास्ट न्यूज

## गरीब के जीवन में बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्ध : सीएम

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने देश को स्वतंत्रता मिलने के बाद राजनैतिक दलों की दिशा और विचार प्रक्रिया निर्धारित की। साम्यवाद और पूंजीवाद के संघर्ष के उस दौर में उन्होंने एकात्म मानववाद का दर्शन दिया और अंत्योदय की अवधारणा के माध्यम से यह स्थापित किया कि गरीब की भलाई ही सत्ता की सर्वोच्च प्राथमिकता हो। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस विचार का अनुसरण करते हुए गरीबों को नि:शुल्क अन्न, पक्के मकान, बच्चों की बेहतर शिक्षा और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को अस्पतालों में पांच लाख रुपये तक नि:शुल्क इलाज की व्यवस्था की। राज्य सरकार पं.दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के सिद्धांत को क्रियान्वित करने के लिए प्रतिबद्ध है। गरीब से गरीब व्यक्ति के जीवन में बदलाव लाना हमारा उद्देश्य है। प्रदेश में आरंभ की गई पीएमश्री एयर एंबुलेंस सुविधा का लक्ष्य हर गरीब और जरूरतमंद को आवश्यक इलाज उपलब्ध कराना है। यही पं.दीनदयाल उपाध्याय को सच्ची श्रद्धांजलि है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्य-तिथि पर भोपाल में लाल घाटी स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद उपस्थित जन समुदाय को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में उन्होंने प्रतिमा स्थल पर नगर निगम भोपाल द्वारा लगभग सात करोड़ रुपये की लागत से विकसित हो रही नमो वन वाटिका का भूमि-पूजन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 417 करोड़ रुपये लागत के विभिन्न कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया, जिसमें अमृत 2.0 परियोजना के अंतर्गत 400 करोड़ रुपये लागत की सीवरेज परियोजना, तीन करोड़ रुपये की लागत से क्रय चार सीवर कम जैटिंग मशीनों और बस स्टाप के रूप में परिवर्तित की गई पुरानी बसों का लोकार्पण किया गया।

# 45 करोड़ श्रद्धालुओं ने प्राप्त किया संगम स्नान का पुण्य लाभ

**मुख्यमंत्री ने प्रयागराज महाकुम्भ-2025 के प्रमुख स्नान पर्व माघी पूर्णिमा के पावन अवसर पर स्नान हेतु पधारे श्रद्धालुओं को हार्दिक बधाई दी**

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊः उत्तर** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने प्रयागराज महाकुम्भ-2025 के प्रमुख स्नान पर्व 'माघी पूर्णिमा' के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों एवं महाकुम्भ में स्नान हेतु पधारे पूज्य संत-महात्माओं एवं श्रद्धालुओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। अपने सन्देश में मुख्यमंत्री जी ने कहा कि पौष पूर्णिमा (13 जनवरी) से प्रारंभ महाकुम्भ प्रयागराज-2025 में अब तक 45 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने पावन त्रिवेणी स्नान का पुण्य लाभ प्राप्त किया है। अब माघ पूर्णिमा स्नान का पावन अवसर है। उन्होंने कहा है कि माघी पूर्णिमा के पावन अवसर पर स्नान, दान और पूजन का विशेष महत्व है। प्रयागराज में संगम स्थल पर एक माह का कल्पवास करने वाले श्रद्धालुओं के लिये यह तिथि एक विशेष पर्व है। माघी पूर्णिमा पर एक मास का कल्पवास पूर्ण हो जाता है।



**महाकुम्भ को लेकर की गई भव्य व्यवस्थाओं से विरोधी नेता भी चले संगम की शरण में**
**महाकुम्भ** की भव्यता और दिव्यता सभी सीमाओं को लांघते हुए पूरे विश्व को अपनी ओर आकर्षित कर रही है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में इस ऐतिहासिक आयोजन की ऐसी उत्कृष्ट व्यवस्थाएं की गई हैं, जिसने इसे अब तक का सबसे भव्य और सुव्यवस्थित महाकुम्भ बना दिया। सत्ता पक्ष से लेकर विपक्ष तक, आम जन से लेकर वीवीआईपी तक, हर कोई संगम में आस्था की डुबकी लगाने के लिए उत्सुक दिख रहा है। विपक्ष के नेताओं की जुबान पर भले ही विरोध रहा हो, लेकिन मन में उत्साह लेकर अधिकतर नेताओं को संगम की शरण में आते देखा जा रहा है।

**राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री सहित तमाम गणमान्य बने त्रिवेणी के साक्षी:** महाकुम्भ के महापर्व पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह सहित देश के सभी गणमान्य महाकुम्भनगर पहुंचे। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में हो रहे दुनिया के सबसे विशाल कार्यक्रम के गवाह तमाम प्रदेशों के राज्यपाल और मुख्यमंत्री बने। इसी क्रम में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव और गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल आस्था की डुबकी लगाने पहुंचे। सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में समूचे मंत्रिपरिषद ने एक साथ त्रिवेणी में पवित्र अमृत स्नान किया। इसके बाद राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपनी पूरी मंत्री परिषद, सांसदों और विधायकों के साथ संगम में स्नान किया।

**रिकॉर्ड**

**▸▸ सीएम के नेतृत्व में हो रहे विशाल कार्यक्रम के गवाह तमाम प्रदेशों के राज्यपाल और मुख्यमंत्री बने**

**विपक्ष के नेताओं में भी दिखा उत्साह:** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव, कर्नाटक के डिप्टी सीएम और वहां के कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष डी.के. शिवकुमार भी पवित्र त्रिवेणी में स्नान करने पहुंचे। डी.के. शिवकुमार के साथ उनकी पत्नी उषा भी पहुंची थीं। डीके शिवकुमार से पहले उनकी बेटी ऐश्वर्या ने महाकुम्भ में स्नान कर विशेष पूजन किया। यूपी विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय भी यहां आने से खुद को न रोक सके। दूसरी ओर वरिष्ठ कांग्रेसी और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह भी महाकुम्भनगर में पवित्र अमृत स्नान की उम्मीद से चले। लेकिन यहां उमड़े श्रद्धालुओं के अभूतपूर्व जनसमुद्र में फंसकर रह गए। उन्हें बीच रस्ते से ही लौटना पड़ गया। ये सभी जुबान से भले ही मोदी और योगी का विरोध करते हैं, लेकिन वे भी जानते हैं कि सीएम योगी ने इस आयोजन के माध्यम से एक ऐसी लकीर खींच दी है, जिसके आगे विपक्ष के सारे आरोप बेमानी साबित हो रहे हैं। पाकिस्तान में भी महाकुम्भ का शंखनाद भारत के धुर विरोधी पाकिस्तान में भी महाकुम्भ को सर्च किया जा रहा है।

## 286 ने पेट्रोल-डीजल आउटलेट स्थापित करने के लिए आवेदन किया



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को लोकसभा को बताया कि 25 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 286 प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) ने अब तक खुदरा पेट्रोल और डीजल आउटलेट स्थापित करने के लिए आवेदन किया है। लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में सहकारिता मंत्री अमित शाह ने बताया कि तेल विपणन कंपनियों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 25 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के 286 पैक्स ने खुदरा पेट्रोल-डीजल आउटलेट स्थापित करने के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत किए हैं, जिनमें से 26 पैक्स का चयन ओएमसी द्वारा किया गया है। पैक्स थोक उपभोक्ता पंपों को खुदरा दुकानों में बदलने को लेकर ओएमसी रिपोर्ट बताती है कि 5 राज्यों के 116 पैक्स ने इस रूपांतरण पर सहमति व्यक्त की है और 56 पैक्स को चालू कर दिया गया है।

**जवाब दिया**

**▸▸ 5 राज्यों के 116 पैक्स ने इस रूपांतरण पर सहमति व्यक्त की है और 56 पैक्स को चालू कर दिया गया है**

## रणवीर इलाहाबादिया के घर पहुंची टीम

**टीम एक्शन इंडिया**
**मुंबई: रणवीर इलाहाबादिया अपनी आपत्तिजनक** टिप्पणी को लेकर विवादों में हैं। यह टिप्पणी उन्होंने समय रैना के शो 'इंडियाज गॉट लैटेंट' में दी। यूट्यूबर ने माता-पिता व परिवार को लेकर अश्लील कमेंट किया, जिसके बाद यूट्यूबर रणवीर, कॉमेडियन समय रैना और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर अपूर्व मखीजा व शो के आयोजकों के खिलाफ शिकायत दर्ज की गई। अब मुंबई पुलिस की टीम रणवीर के घर पहुंची है।

**यूट्यूबर रणवीर के घर पहुंची टीम**
न्यूज एजेंसी एएनआई के मुताबिक मुंबई पुलिस की एक टीम आज मंगलवार को यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया के घर पहुंची है। 'इंडियाज गॉट लैटेंट' शो में की गई रणवीर की अश्लील टिप्पणियों को लेकर मचे हंगामे के बीच पुलिस ने एक्शन लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले में और जानकारी आनी बाकी है। रणवीर इलाहाबादिया चर्चित यूट्यूबर हैं। वे अपने यूट्यब पॉडकास्ट में फिल्मी हस्तियों और अलग-अलग क्षेत्र के दिग्गजों से चर्चा करते नजर आते हैं। इंस्टाग्राम से लेकर ट्विटर तक, हर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर उनकी तगड़ी फैन फॉलोइंग रही है। मगर, हाल ही में समय रैना के शो में उन्होंने जिस तरह की टिप्पणी की, उसके बाद यूजर्स की नाराजगी फूटी है।

## पोलैंड के संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने उपसभापति से की मुलाकात

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** पोलैंड के एक संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने संसद भवन में राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश से मंगलवार को मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए हरिवंश ने भारत और पोलैंड के बीच संबंधों की सराहना की और कहा कि पोलैंड मध्य यूरोप में भारत का सबसे महत्वपूर्ण भागीदार है। इस रिश्ते ने पिछले कुछ वर्षों में नए आयाम प्राप्त किए हैं, जिसमें राजनीतिक आदान-प्रदान, व्यापार, निवेश और जनसंपर्क शामिल हैं। यह प्रतिनिमंडल पोलिश संसद की विदेश मामलों की समिति के



अध्यक्ष पावेल कोवल के नेतृत्व में यहां आया हुआ है। हरिवंश ने कहा कि वर्ष 2024 में भारत और पोलैंड के बीच राजनयिक संबंधों की 70वीं वर्षगांठ पूरे किए जो एक मील का पत्थर है। यह संबंध द्विपक्षीय संबंधों की पुष्टि करने और उनकी स्थायी दोस्ती का जश्न मनाती है। इस रणनीतिक साझेदारी से व्यापार, रक्षा, ऊर्जा सुरक्षा और प्रौद्योगिकी सहित प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। हरिवंश ने कहा कि पोलिश संसद में भारत-पोलैंड संसदीय मैत्री समूह की स्थापना इस संबंध में एक महत्वपूर्ण पहल है।

**आदान-प्रदान**

**▸▸ सामाजिक संबंधों को और मजबूत करने के लिए शैक्षणिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने पर जोर दिया**

उन्होंने आशा व्यक्त की कि इस तरह के आदान-प्रदान से भारतीय संसद सदस्यों को पोलैंड की पारस्परिक यात्राओं के लिए प्रेरणा मिलेगी, जिससे अंतर-संसदीय सहयोग मजबूत होगा और गहरे द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने समकालीन भारत के अध्ययन में पोलिश विद्वानों और छात्रों के बीच बढ़ती रुचि का स्वागत किया। उन्होंने सांस्कृतिक और सामाजिक संबंधों को और मजबूत करने के लिए शैक्षणिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने पर जोर दिया।

## ईवीएम का डाटा डिलीट न करें: सुप्रीम कोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को एक याचिका पर सुनवाई करते हुए आदेश दिया कि चुनाव के बाद इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) का डाटा डिलीट न किया जाए। शीर्ष कोर्ट ने चुनाव आयोग से पूछा कि चुनावों के बाद ईवीएम का डाटा कैसे सुरक्षित रखा जाता है और प्रक्रिया क्या होती है। कोर्ट ने आदेश दिया कि फिलहाल ईवीएम से कोई भी डाटा डिलीट न किया जाए और न ही इसमें कोई नया डाटा डाला जाए।

